हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 03.09.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 45 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~रुपये~~ 2 रुपये

## देश के आर्थिक विकास में सहकारिता का अतुलनीय योगदान : राष्ट्रपति मुर्मू

- भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है तो इस सफलता में सहकारी समूहों का महत्वपूर्ण योगदान है।
- केवल दूध ही नहीं सहकारी संस्थाएं उर्वरक कपास, हैंडलूम हाउसिंग, खाद्य तेल और चीनी जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



महिला सहकारी उद्योग समूह के स्वर्ण जयंती समारोह में राष्ट्रपति व अन्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि निजी उद्योग और व्यापार ने देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन सहकारिता का योगदान देश के विकास में अतुलनीय है। राष्ट्रपति सोमवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर के वारणानगर में श्री वारणा महिला सहकारी उद्योग समूह के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रही थीं।

इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सहकारिता समाज में निहित शक्ति का सदुपयोग करने का सर्वोत्तम माध्यम है। इसके सिद्धांत संविधान में वर्णित न्याय, एकता और बंधुत्व की भावना के अनुरूप हैं। जब विभिन्न वर्गों और विचारधाराओं के लोग सहयोग के लिए एकजुट होते हैं, तो उन्हें सामाजिक विविधता का लाभ मिलता है। देश के आर्थिक विकास में सहकारिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमूल और लिज्जत पापड़ जैसे घर-घर में जाने जाने वाले ब्रांड सहकारिता की ही देन हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि अगर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है, तो इस सफलता में सहकारी समूहों का महत्वपूर्ण योगदान है। लगभग सभी राज्यों में सहकारी समितियां मुख्य रूप से दूध उत्पादों का उत्पादन और वितरण करती हैं। केवल दूध ही नहीं, सहकारी संस्थाएं उर्वरक, कपास, हैंडलूम, हाउसिंग, खाद्य तेल और चीनी जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं ने गरीबी उन्मूलन, खाद्य सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लेकिन तेजी से बदलते इस दौर में उन्हें खुद को बदलने की जरूरत है। उन्हें जितना संभव हो सके तकनीक का इस्तेमाल करना चाहिए और प्रबंधन को और अधिक पेशेवर बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई सहकारी संस्थाएं पूंजी और संसाधनों की कमी, गवर्नेंस और प्रबंधन तथा कम भागीदारी जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में अधिक से अधिक युवाओं को सहकारी संस्थाओं से जोड़ना महत्वपूर्ण हो सकता है। युवा शासन और प्रबंधन में तकनीक को शामिल करके उन संस्थाओं को बदल सकते हैं। उन्होंने सहकारी संस्थाओं को जैविक खेती, भंडारण क्षमता निर्माण और ईको-टूरिज्म जैसे नए क्षेत्रों की खोज करने की सलाह दी।

राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी उद्यम की सफलता का असली राज उसका आम लोगों से जुड़ाव है। इसलिए सहकारिता की सफलता के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता बहुत जरूरी है। सहकारी संस्थाओं में सदस्यों के हितों को सर्वोपरि रखा जाना चाहिए। इस बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी सहकारी संस्था किसी व्यक्ति के निजी स्वार्थ और लाभ कमाने का साधन न बने, अन्यथा सहकारिता का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। सहकारिता में किसी एक के एकाधिकार के बजाय वास्तविक सहयोग होना चाहिए।

राष्ट्रपति ने उपस्थित जनसमूह, जिसमें अधिकतर महिलाएं शामिल थीं, से शिक्षा के महत्व को समझने, नई तकनीक सीखने, दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण को महत्व देने, जरूरतमंदों की मदद करने तथा देश के विकास में योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमारे व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास भारत को विश्व मंच पर उच्च स्थान पर पहुंचाएंगे।

## एक नजर

### नितेश कुमार ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में जीता गोल्ड

**नयी दिल्ली :** भारत के कुमार नितेश ने सोमवार को यहां पुरुष एकल एसएल3 बैडमिंटन फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को हराकर पैरालंपिक में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने डिफेंस में दम दिखाया और शॉट चयन में भी सटीकता के साथ एक घंटे 20 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में टोक्यो के रजत पदक विजेता बेथेल को 21-14, 18-21, 23-21 से हराया। एसएल3 श्रेणी के खिलाड़ी अधिक गंभीर निचले अंग विकलांगता के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिसके लिए उन्हें आधी चौड़ाई वाले कोर्ट पर खेलना पड़ता है। जब वह 15 वर्ष के थे तब नितेश ने 2009 में विशाखापत्तनम में एक ट्रेन दुर्घटना में अपना बायां पैर खो दिया था, लेकिन वह इस आघात से उबरकर पैरा बैडमिंटन प्लेयर बने। नितेश की जीत से सोमवार को भारत ने एसएल3 स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। तीन साल पहले जब पैरा बैडमिंटन ने टोक्यो में पदार्पण किया था, तब प्रमोद भगत ने यह खिताब जीता था।

### माता वैष्णो देवी भवन मार्ग पर भूस्खलन दो महिला श्रद्धालुओं की मौत, एक घायल

**कटरा :** जम्मू-कश्मीर के कटरा स्थित माता वैष्णो देवी भवन मार्ग पर सोमवार को अचानक भूस्खलन हो गया, जिससे तीर्थयात्रियों की आवाजाही बाधित हो गई। हादसे में दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि एक घायल है। इस हादसे के बाद प्रशासन ने तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया है। कटरा के एसडीएम पीयूष धोत्रा ने कहा, यहां भूस्खलन हुआ है जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल है शवों और घायलों को अस्पताल लाया जा रहा है। भूस्खलन की घटना के बाद मार्ग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचकर फंसे हुए तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकालने में जुटी हैं। अधिकारियों ने बताया कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें। यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए रास्ते को जल्द से जल्द साफ करने का प्रयास किया जा रहा है।

## अजमेर दरगाह पहुंचे हेमन्त सोरेन राज्य व देश के लिए की प्रार्थना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में चुनाव के तारीखों की भले ही अबतक घोषणा न हुई हो पर चुनावी महाभारत का बिगुल फूंका जा चुका है। सभी पार्टियां अपने अपने चुनाव क्षेत्र को मजबूत करने में लगी है। वहीं झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने अजमेर जाकर सूफी संत ख्वाजा गरीब नवाज के दर पर दर्शन किए। दस दौरान प्रत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं एक बार फिर सूफी संत ख्वाजा गरीब नवाज के दर पर पहुंचा।मैंने इस राज्य और देश के लोगों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

बता दें झारखंड के सीएम का अजमेर के इस दरगाह से खासा लगाव है और उन्होंने कहा कि एक बार फिर मै यहां आया हूं। वहीं बात करे झारखंड के माहौल की तो इस वक्त यहां का सियासी पारा अपने उच्चतम सूचकांक पर है। विपक्ष ने सरकार को सिपाही बहाली में हुई मौत पर घेर रखा है। वहीं इस बारे में हेमंत से अजमेर में पूछा गया कि शिवराज सिंह चौहान आपपर आरोप लगा रहें है तो इसपर सीएम ने कहा विपक्ष के लोग है विपक्ष तो कुछ भी बोल सकता है।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम कल रांची में



**रांची :** रांची के नामकुम खोजाटोली आर्मी कैंप स्थित कुटियातु चौक के पास आर्मी ट्रेनिंग ग्राउंड में चार सितंबर को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री लाभुकों के बीच योजना के स्वीकृति पत्र का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों के साथ दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के पांच जिलों रांची, सिमडेगा, गुमला, खूंटी एवं लोहरदगा से लाभुक शामिल होंगे। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर निर्धारित कार्य एवं दायित्वों के ससमय निर्वहन के लिए पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का आदेश दे दिया है। कार्यक्रम में रांची, सिमडेगा, गुमला, खूंटी एवं लोहरदगा जिले से तीन लाख से अधिक लाभुक शामिल होंगे। पहले यह कार्यक्रम 30 अगस्त को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाला था। लेकिन किसी कारणवश कार्यक्रम को रद कर दिया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बुलडोजर कार्रवाई पर उठाया सवाल, अगली सुनवाई 17 को

- शीर्ष कोर्ट ने राष्ट्रीय स्तर पर दिशा-निर्देश जारी करने के लिए सभी पक्षों से मांगे सुझाव।



एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बुलडोजर कार्रवाई पर सवाल खड़ा किया है। जस्टिस बीआर गवाई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि सिर्फ आरोपी होने के आधार पर किसी के खिलाफ ऐसी कार्रवाई नहीं हो सकती है। कोर्ट ने कहा कि इसे लेकर वो राष्ट्रीय स्तर पर दिशा-निर्देश जारी करेगा। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने उदयपुर में चाकू मारने के आरोपित बच्चे के पिता के घर पर बुलडोजर कार्रवाई पर कहा कि एक पिता का बेटा अड़ियल हो सकता है लेकिन उसके लिए उसका घर गिरा दिया जाए, यह तरीका सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी के दोषी साबित होने के बाद भी उसका घर नहीं गिराया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बुलडोजर कार्रवाई के संबंध में दिशा-निर्देश बनाए जाने की जरूरत है। कोर्ट ने राष्ट्रीय स्तर पर दिशा-निर्देश जारी करने के लिए सभी पक्षों से सुझाव मांगा। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ऐसा केवल नगर निगम के कानून के अनुसार ही किया जा सकता है। यहां याचिकाकर्ता अदालत के सामने गलत ढंग से मामले को रख रहे हैं। बुलडोजर की कार्रवाई नियमों का पालन करते हुए की गई है।

मेहता ने कोर्ट के समक्ष रखे गए मामलों का हवाला देते हुए कहा कि नोटिस बहुत पहले जारी किए गए थे और लोग पेश नहीं हुए। तब जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि अगर किसी की कोई कमी भी हो तो उसका फायदा नहीं उठाना चाहिए। जस्टिस गवई ने कहा कि अगर निर्माण अनधिकृत है, तो ऐसे मामलों में भी कार्रवाई कानून के अनुसार होना चाहिए।

## आप विधायक अमानतुल्लाह को ईडी ने किया गिरफ्तार



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के दिल्ली के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान को वक्फ बोर्ड में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार सुबह ही ईडी उनके घर पहुंची थी। इसके बाद विधायक ने कई वीडियो जारी किए थे। इससे पहले भी पिछले साल ईडी उनसे घंटों की लंबी पूछताछ कर चुकी है। अपनी विधायकी के शुरूआती दौर से ही अमानतुल्लाह खान विवादों में घिरे रहे हैं। चाहे वह महिला के साथ यौन शोषण का मामला हो, या फिर अपनी पार्टी के नेता से विवाद। इसके अलावा दिल्ली के मुख्य सचिव के साथ मारपीट मामले में भी एक अन्य विधायक के साथ अमानतुल्लाह खान का नाम सुर्खियों में रहा था।

सीबीआई ने वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं को लेकर अमानतुल्लाह खान के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने विधायक अमानतुल्लाह खान और अन्य के खिलाफ आपराधिक साजिश की धाराओं और भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के प्रवधान के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके साथ ही विधायक के खिलाफ एसीबी और ईडी भी समानांतर जांच कर रही है।

अमनातुल्लाह खान पर आरोप है कि 2016 में दिल्ली वक्फ बोर्ड के चैयरमैन रहते हुए उन्होंने 32 पदों पर अवैध नियुक्ति करने के साथ बोर्ड की संपत्ति को भी किराए पर दिया था। अमानतुल्लाह खान पर यह कोई पहली कार्रवाई नहीं है। इससे पहले इसी वक्फ बोर्ड मामले में सीबीआई और एसीबी भी उनकी जांच कर चुकी है। ईडी ने अपनी जांच में पांच हजार पन्नों की चार्जशीट में अमानतुल्लाह खान पर अज्ञात स्त्रोतों से आय अर्जित करने, जमीनों की खरीद-बिक्री में गड़बड़ी और मनी लांड्रिंग के आरोप लगाए थे।

### केजरीवाल के पीए विभव कुमार को एससी से जमानत

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए, विभव कुमार को सुप्रीम कोर्ट से महत्वपूर्ण राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने विभव कुमार को जमानत दे दी है, जिससे 100 दिन बाद उनकी रिहाई का रास्ता साफ हो गया है। विभव कुमार को इस मामले में 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने उन्हें जमानत प्रदान की, हालांकि दिल्ली पुलिस ने इस निर्णय का कड़ा विरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि मामले की जांच पूरी हो चुकी है और चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। विभव कुमार 100 दिनों से अधिक समय से हिरासत में हैं, लेकिन चूंकि जांच पहले ही पूरी हो चुकी है, वह अब जांच में कोई बाधा उत्पन्न नहीं कर सकते।

## पीएम मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

- प्रधानमंत्री मोदी ने मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से अपनी भाजपा सदस्यता का नवीनीकरण किया और 2024 में पार्टी के पहले सदस्य बने।



जेपी नड्डा से भाजपा की सदस्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करते मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान-2024 का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ भाजपा मुख्यालय में पार्टी के 'सदस्यता अभियान' का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रधानमंत्री मोदी ने मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से अपनी भाजपा सदस्यता का नवीनीकरण किया और 2024 में पार्टी के पहले सदस्य बने। प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से भाजपा सदस्यता प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज सदस्यता अभियान का एक और दौर प्रारंभ हो रहा है। भारतीय जनसंघ से लेकर अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने का भरसक प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जब तक जिस संगठन के माध्यम या जिस राजनीतिक दल के माध्यम से देश की जनता सत्ता सुपुर्द करती है, वो ईकाई, वो संगठन और वो दल अगर लोकतांत्रिक मूल्यों को नहीं जीता है, उसमें आंतरिक लोकतंत्र निरंतर पनपता नहीं है तो वैसी स्थिति बनती है जो आज देश के कई दलों को हम देख रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा के संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024 के शुभारंभ के अवसर पर कार्यकर्ताओं से कहा, आपका उत्साह और भारत के लोगों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति प्यार और भाजपा में उनका विश्वास देखकर, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस बार सदस्यता अभियान भी 10 करोड़ को पार कर जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र लोकतांत्रिक तरीके से चलने वाली पार्टी है, वह कामकाज में अपने संविधान का पालन करती है। उन्होंने कहा कि पहली बार निर्णय हुआ था कि हम डिजिटली सदस्यता अभियान चलाएंगे। उस समय यह सदस्यता अभियान पूरे 6 महीने चला था और पहली बार 10 करोड़ का लक्ष्य हमने पार किया था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस सच्चाई को आज कोई नकार नहीं सकता कि नेताओं की कथनी और करनी में अंतर होने के कारण भारत की राजनीति और भारत के नेताओं पर से जनता का विश्वास कम हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत की राजनीति में इससे पहले नेताओं की कथनी और करनी में जो विश्वास का संकट पैदा हुआ था, उस विश्वसनीयता के संकट को किसी ने चुनौती के रूप में स्वीकार किया है, तो वो हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा न केवल विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, बल्कि सबसे अधिक लोकतांत्रिक पार्टी भी है। आज भारत में 1,500 से अधिक राजनीतिक दल हैं, इनमें से कोई भी लोकतांत्रिक तरीके से हर छह साल में अपना सदस्यता अभियान नहीं चलाता है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में कार्यकर्ता महज सदस्यता का एक अंक नहीं, बल्कि हमारे यहां कार्यकर्ता एक जीवंत इकाई, विचारधारा का वाहक, कार्य-संस्कृति का पोषक और हमारे कार्यकर्ता सरकार और संगठन के बीच में कड़ी का भी काम करते हैं, जो सरकार को हमेशा जनता के साथ जोड़कर रखता है।

## बोकारो में लेवी के लिए उग्रवादियों का तांडव, डोजर और रोलर फूंका




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जिले में पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के उग्रवादियों ने तांडव मचाया है। जैना मोड़ से गोला सड़क बना रही एनजी प्रोजेक्ट कंपनी के साइट पर उग्रवादी संगठन ने अपना निशाना बनाया। पीएलएफआई के उग्रवादियों ने कंपनी के डोजर और रोलर को फूंक दिया।

जरीडीह थाना क्षेत्र के कोचागोड़ा के पास जैनामोड़ से गोला तक सड़क का निर्माण करा रही एनजी प्रोजेक्ट कंपनी के डोजर और रोलर को पीएलएफआई के सदस्यों ने रविवार देर रात आग के हवाले कर दिया। आगजनी के बाद पीएलएफआई के केंद्रीय संगठन ने यादव जी के नाम से मौके पर कई पोस्टर भी छोड़े हैं। इस पोस्टर के जरिए पांच लाख रुपये की लेवी मांगी गई है। कहा गया है कि जब तक पीएलएफआई को ये पैसे नहीं मिल जाते, काम बंद रहेगा। यदि काम बंद नहीं किया तो और नुकसान झेलना पड़ेगा।

उग्रवादियों ने यह भी धमकी दी है कि यदि चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया और बिना लेवी दिए काम शुरू किया, तो जान-माल का भी नुकसान हो सकता है। हालांकि, सूचना मिलने के बाद पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंची और वहां से सभी पोस्टर जब्त कर लिए। देर रात को ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पहुंचकर आग को बुझा दिया। 24 अगस्त को भी पीएलएफआई ने पोस्टर साटकर पांच करोड़ रुपये की लेवी मांगी थी। इसके बाद इस घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना के बाद कंपनी के मजदूरों में दहशत है। थाने से महज डेढ़ से दो किलोमीटर की दूरी पर इस घटना को अंजाम दिया गया है।

# सनराइज एकेडमी के निदेशक पर छात्रा के परिजनों ने लगाया छेड़खानी का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही करियातपुर स्थित सनराइज एकेडमी के निदेशक सुरेश प्रसाद पर एक नाबालिग दशवीं क्लास की छात्रा के परिजनों द्वारा छेड़खानी का गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद करियातपुर के ग्रामीण उग्र हो गए। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय पर धावा बोल दिया और तोड़फोड़ की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय को शीघ्र बंद करने की मांग की। घटना की गंभीरता को देखते हुए बरही एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार व इंस्पेक्टर आभास कुमार को दूसरे थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा, ताकि स्थिति को नियंत्रण में लाया जा सके। सोमवार



की सुबह, विद्यालय खुलते ही परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। विद्यालय में बालिका के साथ अभद्र व्यवहार को लेकर परिजन उग्र नजर आए और परिजनों में गुस्सा देखने को मिला है। हंगामे के दौरान, सभी परिजन अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे और उन्होंने विद्यालय प्रशासन से जवाब मांगने की कोशिश की। इस स्थिति को देखते हुए, परिजन अपने बच्चों को सुरक्षित वापस घर ले गए। विद्यालय में अचानक हुई इस घटना से प्रशासन में भी खलबली मच गई। अधिकारियों ने हालात को काबू में करने की कोशिश की, लेकिन परिजनों के गुस्से को देखते हुए स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। मामले की गंभीरता को देखते हुए, स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का काम किया। वहीं छात्रा के पिता ने बरही थाना में आवेदन देकर स्कूल के निदेशक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस बीच, निदेशक की पत्नी ने इस आरोप को बेबुनियाद और झूठा करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह एक साजिश के तहत उनके पति को फंसाया जा रहा है। निदेशक की पत्नी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा पति सुरेश साव के साथ मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गए और सुरेश साव को इलाज के लिए तुरंत रेफर कर दिया गया। यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हालांकि, ग्रामीणों के गुस्से और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है। प्रशासन इस मामले को शांतिपूर्वक हल करने के प्रयास में जुटी है, लेकिन स्थानीय लोगों में गुस्सा का माहौल हैं। सनराइज एकेडमी के निदेशक सुरेश साव पर छात्रा के पिता का आरोप है कि बीते 29 अगस्त को स्कूल में रजिस्ट्रेशन के बहाने उनकी बेटी को बुलाकर उसके साथ अभद्र व्यवहार एवं दुष्कर्म का प्रयास किया। परिजनों ने बताया कि निदेशक ने बालिका को अकेले में बुलाया और अनुचित तरीके से व्यवहार किया।

एक नजर

## नशा युवक के उज्जवल भविष्य का सबसे बड़ा दुश्मन : अमित सिन्हा

**हजारीबाग :** संकल्प एजुकेशन फाउंडेशन और नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, राँची जोन के संयुक्त तत्वावधान में वनांचल शिशु विद्या मंदिर में स्कूली बच्चे एवं उनके माता पिता के साथ नशामुक्ति पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन भाजपा नेता डॉ. अमित सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ अर्पित कर, तथा दीप प्रज्वलित कर की गई, जिससे समारोह की सकारात्मकता को दशार्या गया। कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि नारकोटिक्स के क्षेत्रीय निदेशक राणा प्रताप यादव उपस्थित हुए उन्होंने बच्चो एवं अभिभावकों को कहानियों के माध्यम से नशे एवं दवाइयों के दुष्प्रभाव के बारे में बताया नारकोटिक्स इंटेलिजेंस ऑफिसर मनोहर मंजुल ने वीडियो और फोटो के माध्यम से बच्चो को समझाया साथ ही साथ उनके भविष्य के लिए भी जानकारी देते हुए बताया कि अगर नशे के कारण उनपकर भविष्य में कोई मुकदम्मा हो जाता हैं तो वे किसी भी सरकारी नौकरी के योग्य नही रहेंगे। डॉ अमित सिन्हा ने कहा कि हम अपने समाज मे देखते हैं कि अधिकांश बच्चे जो के 10वी पास करने के बाद नशे के गिरफ्त में आ जाते हैं क्यूंकि उन्हें इससे कैसे बचा जाए इस विषय पर कोई जानकारी नही होती हैं तो जरूरत हैं हम उन्हें स्कूली शिक्षा के साथ साथ समाज मे आई नशे की बीमारी से कैसे खुद को दूर रखें साथ ही साथ विद्यालय के मित्र मोहल्ले के साथी, परिवार के सदस्यों एवं समाज के स्वजनों को इससे दूर रख सके इसकी जानकारी मिले।

## स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में बरही विस से केदार पासवान को टिकट देने की मांग

**बरही :** दिल्ली से रांची आए स्क्रीनिंग कमिटी के अध्यक्ष गिरीश चोडानकर, सदस्य पूनम पासवान और प्रकाश जोशी ने सेंट्रल ऑर्गनाइजेशन में सभी विभाग के प्रदेश अध्यक्षों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में एससी एसटी और ओबीसी समुदायों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने बैठक में कहा कि झारखंड में 14 प्रतिशत से अधिक आबादी दलितों की है। बावजूद इसके अब तक सिर्फ नौ सीटें आरक्षित की गई हैं। उन्होंने कहा कि कई सीटें ऐसी हैं जो दलित बहुल हैं। और उन्होंने बरही, बाघमारा और निरसा को दलित सीट घोषित करने की मांग की।

## डीसी ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय पोषण माह 2024 को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से दो पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पोषण रथ जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों, प्रखंडों का परिभ्रमण कर लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने का काम करेगी। पोषण अभियान के तहत दिनांक 01 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पोषण माह का थीम अनिमिया नियंत्रण, वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार, पोषण भी पढ़ाई भी एवं बेहतर शासन के लिए तकनीक का वृहत उपयोग करना है। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि यह पोषण रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों व पंचायत में भ्रमण कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना का लाभ उठाने के प्रति जागरूक करने का काम करेगी।

# आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** चौपारण प्रखण्ड के पंचायत दादपुर और पंचायत चयकला में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन सीओ सजंय यादव व विधायक प्रतिनिधि मन्टू यादव, झामुमो पूर्व जिला उपाध्यक्ष बिरेन्द्र राणा ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर दादपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अरबिंद सिन्हा, मुखीया प्रतिनिधि पवन दंगी, पल्लू मेहता, उपमुखिया बेबी देवी, सीआरपी मो० शोएब, पूर्व पंसस प्रतिनिधि डब्लू अंसारी, चयकला पंचायत की उपमुखिया अमीना खातून, प्रतिनिधि अब्दुल मन्नान, वार्ड सदस्य शुकर साव, बनवारी पासवान, कैलाश साव, अली अकबर, जकाउल्लाह, सबा अख्तर इससे पहले दादपुर के शिविर में मुखीया प्रतिनिधि पवन



दांगी,पल्लू मेहता सहित अन्य के द्वारा कार्यक्रम में उपस्तिथ मुख्य अतिथि का फूल का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर सीओ सजंय यादव ने कहा कि जिनका नाम पहले से अबुआ आवास के सूची में दर्ज है। उन्हें दुबारा अबुआ आवास का आवेदन भरने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही उन्होंने अन्य योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी। वहीं विधायक प्रतिनिधि मन्टू यादव ने शिविर में मौजूद कर्मियों से आवेदन जमा लेने के बाद नकल आदान अवश्य देने को कहा। शिविर के सभी स्टॉल पर काम करवाने को लेकर भीड़ दिखी।

# कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने स्क्रीनिंग कमेटी के साथ विस चुनाव की तैयारियों पर की चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने रांची में झारखंड के आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गठित स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़ाकर एवं सदस्य प्रकाश जोशी जी से मुलाकात की। भेंट के दौरान राज्य में कांग्रेस पार्टी की आगामी चुनावी रणनीति और तैयारियों पर संक्षिप्त में चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में जनता के विश्वास और समर्थन से राज्य की अधिक से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टिकट वितरण का आधार संगठन के प्रति निष्ठा और दायित्वों का निर्वहन होगा, ताकि योग्य और मेहनती कार्यकताओं को प्राथमिकता दी जा सके। मुन्ना सिंह



ने प्रेस के बंधुओं से बात करते हुए कहा, ₹कांग्रेस पार्टी राज्य में एक मजबूत संगठन और कुशल नेतृत्व के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। हमारी प्राथमिकता है कि हम जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों को उठाएं और राज्य के विकास के लिए एक सशक्त सरकार का गठन करें। इस अवसर पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी चुनाव में पार्टी की रणनीति और तैयारियों पर अपने विचार साझा किए। इस मुलाकात से यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस पार्टी पूरी तैयारी के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की दिशा में कदम बढ़ा रही है और संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्य रूप से उपस्थित राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी, एन एस यू आई जिला अध्यक्ष अभिषेक राज, सदर प्रखंड उप प्रमुख रविकांत सिंह, विरेन्द्र सिंह, मो मिस्टर, मोहम्मद साबीर इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# खेलो झारखंड का तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित खेलो झारखंड 2024 -25 का प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद व संचालन शिक्षक चेतलाल राम ने किया । मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर एवं तीरंदाजी में तीर छोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया ।
मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बच्चे कल के भविष्य हैं। बच्चे पढ़ाई के साथ खेल में भी अपना करियर का निर्माण कर सकते हैं। प्रथम दिन अंडर 14 में बालक एवं बालिका वर्ग के क्लास वन से लेकर क्लास 9 तक के बच्चे शामिल हुए।100 मी दौड़ में



बालिका वर्ग में निधि कुमारी शिवाडीह को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, 200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा आशा मिर्धा टॉप स्थान पर रही। वही 400 बालिका वर्ग में विश्रामपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय की छात्रा सोमिया रानी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा 600 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में प्रिया कुमारी कस्तूरबा विद्यालय एवं कृष्ण कुमार विश्रामपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय को बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विधायक अंबा प्रसाद एवं उपस्थित अतिथियों के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।आज दूसरे दिन मंगलवार को प्रतियोगिता में अंडर 17 के क्लास 10इँ के बच्चे शामिल होंगे। वही कल बुधवार को अंदर-19 वर्ष के क्लास 11 एवं 12 के बच्चे प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# उत्पाद सिपाही दौड़ में युवा अभ्यर्थी की मौत पर मुन्ना सिंह ने जताया शोक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने हजारीबाग में हुए हालिया हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उत्पाद सिपाही दौड़ के दौरान सूरज नामक एक युवा अभ्यर्थी की दुखद मृत्यु हो गई। मुन्ना सिंह ने इस घटना के बारे में शोक जताते हुए कहा, आज खढरउ में पीटी क्वालिफाइड सूरज की उत्पाद सिपाही दौड़ में मृत्यु होने की खबर सुनकर मन बहुत विचलित है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे मृतक के परिजनों को इस दुखद समय में शक्ति प्रदान करें। उन्होंने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को गंभीरता से लेते हुए झारखंड सरकार और प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे मृतक के परिजनों को उचित सहायता प्रदान करें। इसके साथ ही मुन्ना सिंह ने आग्रह किया कि इस दौड़ के मापदंडों के बारे में भी



पुनर्विचार किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं से बचा जा सके। मुन्ना सिंह ने प्रशासन से अपील की है कि वे इस घटना की जांच करें और सुनिश्चित करें कि भविष्य में इस तरह की त्रासदी दोबारा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को इस मामले में आवश्यक कदम उठाने चाहिए ताकि प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता मिल सके।

# समाज के युवा वर्ग को नशामुक्त कर के रोजगार से जोड़ना हमारा लक्ष्य : संजय कुमार सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने 12 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया । बताते चले कि हजारीबाग के जगदीशपुर पंचायत में एक कार्यक्रम के दौरान बेरोजगार युवाओं ने अपना रिज्यूम रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान को सौंपा था और अपनी बातों को उनके समक्ष रखा था । तब रामचरितमानस के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने आश्वासन दिया था कि एक माह के अंदर बेरोजगार युवाओं जो भी अपना रिज्यूम रामचरितमानस सेवा संस्थान को दिए हैं उनको रोजगार से जोड़ा जाएगा । उसी के निमित आज हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों



से आए युवा युक्तियों के रिज्यूम पर विचार करते हुए रोजगार से जोड़ा गया । सभी अभ्यर्थियों को संजय कुमार सिंह के द्वारा नियुक्ति पत्र देकर उनको रोजगार से जोड़कर बेरोजगार युवक युवतियों को स्वागत किया गया । वहीं रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि आज के समय में ज्यादा से ज्यादा युवक युवतियां बेरोजगार हैं और वो लोग गलत दिशा की ओर जा रहे हैं । इसी को देखते हुए हमलोग ने युवा वर्ग की ओर ध्यान देते हुए अपना कदम रखा है। आज हमलोग का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार से जोड़ना है और भटक रहे लोगों को अच्छे मार्ग की ओर ले जाना है ताकि युवा वर्ग सद्कर्मों की ओर चलते हुए अपने परिवार के साथ साथ समाज, क्षेत्र, प्रदेश और देश का नाम रौशन कर सके। वहीं कहा कि आज रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान बहुत कम समय में हजारीबागवासियो के दिलों दिमाग में राज कर रहा है । हमारे द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में समय समय पर समाज हित के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी किए जाते रहेंगे। अभी जो भी लोगों का रिज्यूम मेरे पास आया है ऊनलोगों को हमारे संस्थान के द्वारा ट्रेनिंग करवाया जायेगा ट्रेनिंग के दौरान अभी 10 से 15 हजार तक का मानदेय अभ्यर्थियों को दिया जाएगा तदोपरांत किसी बढ़िया निजी कंपनी में नौकरी दिलवाकर इनकी बेरोजगारी को दूर किया जायेगा । हमारा मुख्य मकसद युवाओं को रोजगार से जोड़कर उनको भटकने से रोकना है । वही उन्होंने नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं से एक आश्वासन भी लिया है कि अगर आप नशा से जुड़ेंगे तो हम आपकी यह सेवा जो नियुक्ति देकर कर रहे हैं वह वापस ले लेंगे । सभी युवक युवतियां में एक अलग उत्साह देखने को मिला , सभी नियुक्ति पत्र पाकर काफी उत्साहित दिखे । सभी ने रामचरितमानस सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष को सहृदय धन्यवाद दिया और कहा कि यह काफी सराहनीय कदम है। संजय सिंह के द्वारा जो भी कार्य किया जा रहा है वह समाज के हित में काफी सराहनीय है ।

संक्षिप्त खबरें

## बरही में हुआ नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज



**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाके में झारखंड के सबसे बड़े और ख्यातिपूर्ण टूर्नामेंट नमो फुटबॉल टूर्नामेट की धूम है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा सांसद खेल महोत्सव- 2024 के तहत आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेट के चतुर्थ चरण का भव्य आगाज बरही विधानसभा क्षेत्र के बरही स्थित बरही ब्लॉक फुटबॉल मैदान में सोमवार को हुआ। इससे पूर्व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ विधानसभा के गोला और मांडू विधानसभा क्षेत्र के कुजू और घाटो में शुरू हुआ था जिसमें गोला और घाटो में समापन हो गया। कुजू में टूर्नामेट जारी है। बरही फुटबॉल मैदान में आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का विधिवत शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर, मशाल जलाकर खेल को बढ़ावा देने का संकल्प लेने के साथ मैदान में आकर्षक नमो जर्सी के साथ सैकड़ों खिलाड़ियों संग मार्च पास्ट करके और फुटबॉल में किक मारकर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों का उत्साहवर्धन कर किया। इस टूर्नामेंट में बरही प्रखंड क्षेत्र के कुल 24 टीमों ने पंजीकरन कराया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पंचमाधव टीम बनाम बुंडू टीम के बीच मुकाबले से हुआ। टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका में ख्यातिप्रपात रेफरी शशि कुमार, विकास कुमार और अशोक सहित अन्य लोग हैं। मैदान में टूर्नामेंट के आगाज के अवसर पर शामिल सभी टीमों के खिलाड़ियों के समागम से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा।

## सिलोदर में पूर्व विधायक ने ट्रांसफॉर्मर का किया उदघाटन



**चौपारण :** सूदूरवर्ती क्षेत्र सिलोदर में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने नया ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया। सिलोदर पहुँचे पूर्व विधायक व अन्य अतिथियों का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मालूम हो कि बीते दो दिन से सिलोदर के ग्रामीण अंधेरे में थे। ट्रान्सफार्मर जलने की सूचना ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को दिया। तत्परता दिखाते हुए पूर्व विधायक बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर ट्रान्सफार्मर उपलब्ध करवाया। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व विधायक ने कहा की जनहित कार्यो के लिए मैं हमेशा आपके बीच रहा हूँ और भविष्य में भी रहूँगा। मौके पर जीप सदस्य राकेश रंजन, पूर्व मुखिया सुखदेव पासवान, भाजपा नेता राजकुमार यादव, बंशी यादव, परमेश्वर यादव, रामवृक्ष यादव, अशोक पासवान,भगत सिंह, लेखा सिंह वार्ड सदस्य प्रभु यादव, मोती यादव , मदन प्रसाद केसरी दूधेश्वर यादव, कैलाश सिंह खरवार, गणेश सिंह खरवार, पप्पू सिंह खरवार, वीरेंद्र सिंह खरवार, पंकज यादव प्रभात यादव, द्वारिक सिंह, राजो यादव, उज्जवल यादव, गणेश यादव, शंकर बिहारी यादव, संजय यादव, राजेश सिंह, मोसमात अंजली, डेगानी देवी, बबिता देवी, पूनम देवी, सीता देवी, सुगंती देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## महिला का शव अर्धनिर्मित कुएं से मिला परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप



**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरो गांव में एक दर्दनाक घटना घटी, जहां 22 वर्षीय महिला प्रीति कुमारी का शव अर्धनिर्मित कुएं से बरामद हुआ। मृतिका की पहचान प्रीति कुमारी पति अजीत यादव के रूप में की गई है। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं परिजनों ने ससुराल वालों पर निर्मम हत्या का आरोप लगाया है। घटना के संदर्भ की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि प्रीति कुमारी की शादी 22 अप्रैल को अजीत यादव पिता केशो महतो चतरो निवासी से हुई थी। शादी के चार महीने के भीतर ही यह दर्दनाक घटना घटित हुई। रविवार से ही महिला के गायब होने की सूचना ससुराल वालों ने मायके वालों को दी थी। इसके बाद रातभर मायके वालों ने उसकी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। सोमवार की सुबह महिला का शव खेरा टिल अडवरिया के पास एक अर्धनिर्मित कुएं में मिला। शव मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और वहां का दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए। शरीर पर जले हुए निशान मिलने के बाद परिजनों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने ससुराल वालों पर निर्मम हत्या का आरोप लगाया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे के बाद प्रीति के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे न्याय की मांग कर रहे हैं। इस मामले में भाजपा नेता गणेश यादव ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के पति अजीत यादव और उसके भाई नरेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर सीओ रामनरायण खलखो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा नेता गणेश यादव, रंजीत यादव, पुलिस अवर निरीक्षक सुशील कुमार समेत अन्य ग्रामीण व परिजन मौजूद थे।

## विधायक अंबा प्रसाद ने पलांडु में उपलब्ध कराया 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर



**बड़कागांव :** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के तलसवार पंचायत अंतर्गत ग्राम पलांडु में ग्रामीणों को 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया ।ट्रांसफार्मर मिलने की खुशी में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली, मुखिया प्रतिनिधि सह पंचायत अध्यक्ष संजय महतो, चिंतामणि महतो, उमेश महतो, अरुण, गणित कुमार, पारस महतो, संदीप ख्यासन, भुनेश्वर महतो, बलेसर भुईया, बाबूलाल भुईया समेत समस्त ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### उत्पाद सिपाही की दौड़ में शामिल एक और युवक की मौत

**रांची :** उत्पाद सिपाही के दौड़ में एक और युवक की मौत हो गई है। मृतक की शिनाख्त दीपक कुमार पासवान (25) के रूप में हुई है। दीपक के भाई नंदकिशोर पासवान ने सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि बताया कि 28 अगस्त 2024 को सुबह 10 से 11 बजे की बीच चियांकी हवाई अड्डा पलामू में दीपक कुमार पासवान की दौड़ थी। दीपक ने 9 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर ली थी। दसवें किलोमीटर पूरी करने के क्रम में वह बेहोश हो गया और गिर गया। पुलिस ने दीपक को उठाकर सदर अस्पताल डाल्टनगंज में भर्ती करा दिया। उन्होंने बताया कि जब उन्हें पता चला तो सदर अस्पताल से उसे एस.एस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर रोहित पांडे एवं अन्य डॉक्टरों ने दो दिन तक दीपक का इलाज किया लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ तो दीपक को रांची के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। मृतक के परिजनों ने 30 अगस्त 2024 को दीपक को मेदांता हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया था। दो सितंबर 2024 की सुबह डॉक्टर ने दीपक कुमार पासवान को मृत घोषित कर दिया। उल्लेखनीय है कि दीपक पलामू जिला के पांडु थाना क्षेत्र के वृद्धखैरा गांव का रहने वाला था।

### विकास की धारा को तेज करने के लिए युवाओं की भागीदारी अनिवार्य : सुदेश महतो

**रांची :** आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के रांची के कांके रोड स्थित आवास में सोमवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र के इटकी ब्लॉक के सैकड़ों युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर सुदेश महतो ने युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड के विकास की धारा को और तेज करने के लिए युवाओं की भागीदारी और सहयोग अनिवार्य है। हमें खुशी है कि हमारे युवा साथी आगे आ रहे हैं और अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा युवाओं के साथ खड़ी रही है और उनके अधिकारों की लड़ाई में निरंतर सहयोग करती रहेगी। इस दौरान मनजीत प्रसाद, अंकित प्रसाद, देव कुमार, हिमांशु राज, पवन यादव, कृष्णा कुमार, भोला कुमार, राजू कुमार सहित सैकड़ों युवाओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### रैंगिंग किसी भी संस्थान के लिए निषिद्ध : सुदेश साहू

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर राजनीतिक विज्ञान और इतिहास विभाग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एंटी रैंगिंग स्क्वैड के संयुक्त तत्वावधान में एक एंटी रैंगिंग जागरुकता सह शपथ कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। इतिहास विभाग की अध्यक्ष डॉ सुजाता सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरयू के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने कहा कि रैंगिंग किसी भी संस्थान के लिए निषिद्ध है और हम सभी को सामूहिक प्रयास से रैंगिंग के विरुद्ध जागरुकता अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रैंगिंग से महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय विभागों में पढ़ने वाले छात्रों का नुकसान होता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आरयूके डॉ बीके सिन्हा ने कहा कि रैंगिंग के विरुद्ध एनएसएस को जागरुकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षण संस्थानों में रैंगिंग की घटनाएं अधिक होने से वहां पढ़ने वाले जूनियर छात्र-छात्राओं को काफी तनाव में रहना पड़ता है। हमें अपना परिसर रैंगिंग मुक्त बने इसके लिए सकारात्मक पहल करना होगा।

# राहुल गंझू ने रांची पुलिस के समक्ष किया सरेंडर कहा- लेवी वसूली की पार्टी हो गई है टीपीसी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** टीपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर राहुल गंझू ने सोमवार को रांची पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। एसएसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राहुल ने रांची एसएसपी चंदन सिन्हा के समक्ष सरेंडर कर दिया। इस दौरान कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। राहुल गंझू उर्फ खलील रांची जिला के बुढ़मू थाना क्षेत्र के सिरम गांव का रहने वाला है। उसने कहा कि टीपीसी संगठन लेवी वसूली की पार्टी हो गई है। संगठन के शीर्ष उग्रवादी नीचे के कमांडर का शोषण और सिद्धांत के विपरीत कार्य करने और ग्रामीणों को प्रताड़ित के लिए दबाव बनाते हैं। राहुल के खिलाफ रांची और चतरा जिले के अलग-अलग थाना में कुल 21 मामले दर्ज हैं।

#### नक्सली साथियों से की अपील

राहुल गंझू ने नक्सली साथियों से अपील किया कि वे लोग भी झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेकर हथियार डालें। पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें। नक्सली राहुल गंझू उर्फ खलिल झारखंड पुलिस के लिए लगातार चुनौती बना हुआ था। इनके आत्मसमर्पण से टीपीसी संगठन को बड़ा झटका लगा है और संगठन काफी कमजोर हुआ है।

#### इन बड़ी घटनाओं में था शामिल

- फरवरी 2024 : बुढ़मू के चकमे में एचपी पेट्रोल पम्प के मालिक को धमकी दी और फायरिंग की थी।
- जनवरी 2024 : रातु रोड में फ्लाई ओवर निर्माण करा रहे ठेकेदार को लेवी के लिए धमकी दी।
- फरवरी 2024 : बुढ़मू के जन प्रतिनिधि मोहन जायसवाल को लेवी के लिए धमकी दी।
- वर्ष 2023-24 : बुड़मू, खलारी, छापर, मांडर के जमीन कारोबारियों, ईंट भट्ठा, बालू खनन, ठेकेदारों को लेवी के लिए धमकी दी।
- मई 2024 : सीरम जंगल में पुलिस के साथ मुठभेड़ में शामिल था।

## झारखंड अधिविध परिषद ने 22 टॉपर्स को किया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड अधिविध परिषद (जैक) में सोमवार को स्थापना सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। नामकुम स्थित जैक परिसर में आयोजित समारोह में माध्यमिक, इंटरमीडिएट, इंटर व्यावसायिक, मध्यमा एवं मदरसा परीक्षाओं के टॉपर्स को सम्मानित किया गया।

फर्स्ट टॉपर को गोल्ड मेडल के साथ 21 हजार का नकद पुरस्कार, सेकंड टॉपर को सिल्वर मेडल के साथ 15 हजार और थर्ड टॉपर को ब्रॉन्ज मेडल के साथ 10 हजार का नगद पुरस्कार दिया गया। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालय को भी पहली बार पुरस्कृत किया गया, जिसमें माध्यमिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए इंदिरा गांधी बालिका हाईस्कूल हजारीबाग को सम्मानित किया गया। इंटर में बेहतर प्रदर्शन के लिए उर्सलाइन इंटर कॉलेज रांची को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, अति विशिष्ट अतिथि जबकि जेईपीसी के निदेशक आदित्य रंजन, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक उत्कर्ष गुप्ता, प्राथमिक शिक्षा के निदेशक शशि प्रकाश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

## डीजीपी आम जनता की समस्याओं को जानने के लिए करेंगे सभी जिलों का दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य में कानून व्यवस्था की समीक्षा और आम जनता की समस्या को जानने के लिए डीजीपी अलग-अलग जिलों में दौरा करेंगे। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस संबंध में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह पुलिस थाना भी जायेंगे। जिलों की विजिट के दौरान वहां के कमजोर वर्गों, महिला और बच्चों के विरुद्ध अपराध एवं साइबर सुरक्षा के मामलों पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ ही इनके लंबित मामले की जानकारी लेंगे। मादक पदार्थों से संबंधित मामलों की स्थिति और अन्य गंभीर अपराधों पर नियंत्रण की भी समीक्षा करेंगे।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि दस सितंबर को हर जिले में जनता दरबार लगेगा। इसे लेकर रोडमैप तैयार कर लिया गया है।



आम जनता और पुलिस के बीच के गैप को खत्म करने के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा। इससे जनता में जागरुकता और बिना किसी डर भय के आम नागरिक पुलिस के साथ एक सुगम संबंध बनेगा। डीजीपी ने कहा कि जनता दरबार में छोटे-बड़े सभी प्रकार की शिकायतें सुनी जाएगी। इनमें गुमशुदा बच्चे, महिला के साथ गलत कार्य, अपराध, अवैध वसूली, पुलिस पदाधिकारी के द्वारा दुर्व्यवहार जैसे मामले को लेकर शिकायत सुनी जाएगी।


उल्लेखनीय है कि डीजीपी ने एफआईआर दर्ज नहीं करने वाले थाना प्रभारी और टालमटोल करने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसे लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रविवार को आदेश जारी किया था। जारी आदेश में कहा गया है कि आम जनता से दुर्व्यवहार और बदतमीजी करने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी। डीजीपी ने कहा कि विभिन्न सूत्रों से ऐसी जानकारी प्राप्त हो रही है कि झारखंड राज्य के अनेक जिलों में थाना प्रभारी और थाना के अन्य कर्मी विशेषकर मुंशी, आम जनता से अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं और जनता की शिकायतों पर थाना में प्राप्ति रसीद भी नहीं देते हैं। इस वजह से भुक्तभोगी भटकते रहते हैं और उन्हें उचित न्याय नहीं मिल पाता है।

## मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक हड़ताल पर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक हड़ताल पर हैं। इसका सीधा असर पंचायतों के कामकाज पर हो रहा है। पंचायतों के कई महत्वपूर्ण काम ठप है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर भी इसका असर पड़ रहा है। मुखिया की हड़ताल से सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं के आवेदन आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। झारखंड के 13 जिलों में ग्राम सभा का पूर्ण अधिकार मुखिया को ही है। ऐसे में इससे जुड़े काम पर प्रभाव पड़ रहा है।

पंचायत सचिव के हड़ताल में रहने से अबुआ आवास योजना, पीएम आवास योजना, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम पर असर पड़ रहा है। इन सारे कार्यों के क्रियान्वयन की जिम्मेवारी पंचायत सचिव पर है। पंचायत सचिव ही लाभुकों का सत्यापन करते हैं। योग्य या अयोग्य वही तय करते हैं। राज्य में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिकायतों के लिए आवेदन लिये जा रहे हैं, लेकिन मुखिया की हड़ताल से काम प्रभावित हो रहा है।



कई जिलों ने अपने स्तर से मुखिया का प्रभार उप मुखिया को दे दिया है। उप मुखिया के स्तर पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से जुड़े काम आगे बढ़ाये जा रहे हैं। लेकिन झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव का कहना है कि हर जिले में उपमुखिया भी धरना पर हैं। वह भी आंदोलन में साथ हैं। ऐसे में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों से आवेदन लेकर उसे कंप्यूटर ऑपरेटर से अपलोड कराया जा रहा है। लेकिन बिना मुखिया के हस्ताक्षर के हर विभाग के आवेदन सिर्फ अपलोड हो रहे हैं, कोई काम नहीं हो रहा है।

राज्यभर के रोजगार सेवक से लेकर मनरेगा के सारे कर्मी हड़ताल पर हैं। ऐसे में मनरेगा से संबंधित सभी कार्य ठप पड़ गये हैं। मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना भी मुश्किल हो रहा है। पौधरोपण के साथ खेल मैदान तैयार करने सहित अन्य कार्य प्रभावित हो गये हैं।

### राज्य सरकार के वादों का हिसाब मांग रही जनता : आजसू

**रांची :** आजसू पार्टी ने सोमवार को भी प्रदेश के अलग-अलग पंचायतों में जन जागरण पदयात्रा का आयोजन किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले चुनाव में सरकार ने जनता से कई वादे किए थे लेकिन उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। जन जागरण पदयात्रा के माध्यम से आजसू पार्टी पूरे नहीं हुए उन वादों से जनता को अवगत कराने का काम कर रही है। पार्टी पदाधिकारी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य राज्य और राज्यवासियों का विकास होता है लेकिन वर्तमान सरकार ने अपने ही लोगों को ठगा है। सरकार को अपने दायित्व का ही बोध नहीं है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आचार्यकुलम में पीआईबी पूर्वी जोन के महानिदेशक ने किया पौधरोपण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पूर्वी जोन के महानिदेशक टी.वी.के. रेड्डी ने अपने दो दिवसीय रांची दौरे पर आज रांची स्थित पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) के कार्यालयों का निरीक्षण किया। पीआईबी कार्यालय में आगमन पर उनका पीआईबी - सीबीसी, रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। पीआईबी, रांची के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक में महानिदेशक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तदोपरांत रेड्डी सीबीसी रांची कार्यालय पहुंचे जहां उनका विधिवत स्वागत किया गया। महानिदेशक ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का परिचय जाना। इस अवसर पर सभी लोगों को महानिदेशक द्वारा भारत सरकार में मनाया जाने वाला सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के तहत सतर्कता शपथ' भी दिलाया गया।




आज सीबीसी रांची द्वारा आचार्यकुलम विद्यालय रांची में प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें पूर्वी जोन के महानिदेशक टी. वी. के. रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। अपर महानिदेशक पीआईबी रांची अखिल कुमार मिश्रा और विद्यालय की प्रिंसिपल सुजाता कौरा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।


इस अवसर पर महानिदेशक द्वारा विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर सीबीसी द्वारा विद्यालय में आयोजित पेंटिंग, निबंध आदि प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया, और सभी का उत्साह वर्धन किया।

अपने संबोधन में उन्होंने विद्यालय की प्रिंसिपल का इस अभियान में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया, और इसे लंबी अवधि में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक आवश्यक अभियान बताया, जिसमें सभी नागरिकों और संस्थाओं को बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने सीबीसी रांची के इस अभियान में सम्मिलित होने के लिए मुख्य अतिथि, महानिदेशक पूर्वी जोन टी.वी.के. रेड्डी का धन्यवाद ज्ञापन किया, और राज्य में इस अभियान के तहत सीबीसी रांची के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी।

आचार्यकुलम की प्रधानाचार्या सुजाता कौरा ने प्रधानमंत्री के इस अभियान की सराहना की और इसमें शामिल होने का अवसर उनके विद्यालय को देने के लिए सीबीसी का धन्यवाद किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अरगोड़ा में दुर्गा पूजा को लेकर बनेगा तिरुपति मंदिर



**रांची :** राजधानी रांची में एक से बढ़कर एक दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण हो रहा है। इसी क्रम में रांची श्री दुर्गा पूजा और रावण दहन समिति, अरगोड़ा इस वर्ष तिरुपति मंदिर के प्रारूप का निर्माण कर रही है। समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार साहू ने सोमवार को बताया कि पंडाल को हूबहू तिरुपति मंदिर के जैसा बनाया जा रहा है। हुगली कोलकाता के प्रदीप सरकार के नेतृत्व में 20 कारीगर पंडाल का निर्माण दिन-रात कर रहे हैं। माता रानी के साथ कार्तिक, गणेश , लक्ष्मी मां और सरस्वती मां की प्रतिमाएं भी स्थापित रहेंगी। उन्होंने बताया कि निर्माण लागत करीब 20 लाख रुपए आएगी। भक्त तिरुपति मंदिर में मां दुर्गा का दर्शन कर सकेंगे। यह पूजन पंडाल सुनहरे रंग का होगा। इसकी ऊंचाई 65 फीट और चौड़ाई 40 एवं लंबाई 30 फीट होगी। मुख्य आकर्षण का केंद्र 65 फीट पर गरुड़ जी होंगे, जो पंडाल के ऊपर दिखाई देंगे। 16 फीट ऊंची और 14 फीट चौड़ी मूर्ति पंडाल में स्थापित होगी। इसे हिनू के जगदीश पाल एवं उनकी टीम बना रहे है। मिट्टी से मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है।

### रांची नगर निगम के सफाई कर्मी हड़ताल पर, नहीं हुआ घरों से कचरे का उठाव



**रांची :** रांची नगर निगम के सफाईकर्मी और सुपरवाइजर सहित अन्य सोमवार से हड़ताल पर चले गए हैं। इस वजह से राजधानी रांची में लोगों के घरों से कचरे का उठाव नहीं हुआ। साथ ही शहर के अलग-अलग जगहों पर कचरा जमा है। इससे शहर की स्थिति नारकीय और बदतर हो गई है। नगर निगम सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष दयानंद यादव की अध्यक्षता में नागबाबा खटाल में आम सभा हुई। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए दयानंद यादव ने कहा कि ने 10 साल या उससे अधिक समय से काम कर रहे कर्मियों को नियमित करने, सुपरवाइजर के वेतन में 30 प्रतिशत की वृद्धि करने और परिवहन भत्ते को 1000 से 3000 रुपये करने की मांग शामिल है। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती तब तक निगम के सफाई कर्मी सहिता अन्य अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे। दूसरी ओर, निगम भवन में कार्यरत कर्मियों ने भी अनुकंपा बहाली और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन की योजना बनाई है। वे सोमवार को नारेबाजी, मंगलवार को काला बिल्ला, बुधवार को सामूहिक अवकाश, गुरुवार को मौन व्रत, और शुक्रवार को धरना देंगे। मांगें पूरी न होने पर शनिवार से निगम कार्यालय का कामकाज ठप करने की चेतावनी दी गई है।

### रेनबो रिभर वॉटर पार्क में किया गया शिष्टाचार मुलाकात का आयोजन



**रांची :** रेनबो रिभर वॉटर पार्क के मालिक हेमंत कुमार ओहदार व शिशिर कुमार कुशवाहा के सौजन्य से एक शिष्टाचार मुलाकात का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शामिल गणमान्य लोगों ने खूबसूरत वॉटर पार्क को घूमकर देखा और मनोरम दृश्य देख कर आनंद उठाया। इस अवसर पर वॉटर पार्क मालिक ने बताया कि यह वॉटर पार्क रांची का चौथा और झारखंड का पाचवां वॉटर पार्क होगा। वॉटर पार्क मालिक द्वारा लजीज भोजन की भी व्यवस्था की गई थी,जिसका सभी गणमान्य लोगों ने एक साथ भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों में गुमला जिले के सिसई विधानसभा के पूर्व विधायक व झारखंड राज्य के पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता हुसैनाबाद विधान सभा के भावी उम्मीदवार सह जिला कार्य समिति सदस्य पलामू राम राज मेहता, भाजपा रांची जिला ग्रामीण मंत्री चूड़ामणि महतो, कृषि जैविक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, कामेश्वर महतो, कृषि सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कुशवाहा शिव चरण महतो, युवा नेता राजेश रंजन, भाजपा कार्यकर्ता शशांक कुमार ओहदार, समाजसेवी किशोर साहू, हेमंत तांबेकर एवम अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सुमित ब्रदर्श और तिग्गा परिवार एफसी की टीम पहुंची सेमीफाइनल में



**रांची :** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बुढ़ाखुखरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में दो सिंतबर को खेले जा रहे शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2024 के दूसरे दिन का उद्घाटन मैच खान ब्रदर्श गोरे और अमित ब्रदर्श मांडर के बीच खेला गया। इसका उद्घाटन बंझिला पंचायत समिति सदस्य मो. जमील, आंदन केवट, ताज कलेक्शन के प्रोपराइटर सरताज अंसारी सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच में खान ब्रदर्श ने अमित ब्रदर्श को 1-0 गोल से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया। ग्रुप बी के अन्य मैचों में एनवाईसी कटचांचो ने एलकेटी करमटोली लोयो को 4-0, सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब कंजिया ने ब्लू स्काई मुड़मा को ट्राइब्रेकर में 5-3 और सुमित ब्रदर्श रानीखटंगा ने रिमझिम क्लब बांसजाड़ी को ट्राईब्रेकर में 4-3 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। वहीं अगले राउंड में सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब कंजिया ने एनवाईसी कटचांचो 1-0 और सुमित ब्रदर्श रानीखटंगा ने खान ब्रदर्श गोरे को पेनाल्टी किक में 5-4 अगले राउंड में पहुंच गई। सोमवार को सातवां और अंतिम मैच दूसरा क्वाटर फाइनल सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब कंजिया और सुमित ब्रदर्श रानीखटंगा के बीच खेला गया। इसमें सुमित ब्रदर्श ने कंजिया को 1-0 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंच गई। रविवार को पहले ही तिग्गा परिवार एफसी की टीम ट्राइब्रेकर में रेड जोन को 5-3 गोल से परजित कर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। तीन सितंबर का उद्घाटन मैच जोएब पोल्ट्री फॉर्म बुरहाखुखरा बनाम एनएफसी पोखरटोली के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के सफल संचालन में आयोजन समिति के अध्यक्ष मो. शकिब (छोटू), खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, समाजसेवी अनैसुल अंसारी, स्कोरर रंजीत खलखो, संदीप कुजूर मो. अबदुल, विनोद खलखो, लखो उरांव मो. आरिफ सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बोकारो में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सेंट पॉल पब्लिक स्कूल बीटीपीएस एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय संडे बाजार बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया साथ ही सभी को तम्बाकू छोडने के परामर्शी सेवा के साथ साथ तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया। मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के द्वारा सभी बच्चों को बताया गया कि तम्बाकू में नशीला पदार्थ निकोटीन होता है जिसका अत्याधिक उपयोग से हृदय और सांस सम्बन्धित बीमारियों के साथ साथ विभिन्न प्रकार के कैंसर होने का सबसे बडा प्रमुख कारण होता है। झारखण्ड में कक्षा 7 से 10 तक में प्रत्येक 100 बच्चों में 5 बच्चे तम्बाकू का उपयोग करते हैं। जिन्हे तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु लगातार स्कूल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि इस संख्या में कमी लाई जा सके। झारखण्ड में कुल आबादी का लगभग 88 लाख लोग तम्बाकू का उपयोग किसी न किसी रूप में करते हैं जिसमे तम्बाकू जनित रोगों से झारखण्ड में प्रत्येक वर्ष लगभग 35000 हजार लोगों की मृत्यू होती है। सभी बच्चो को बताया गया कि धुम्रपान न करने वालों के लिये भी जानलेवा हो सकता है। सेकेन्ड हैण्ड स्मोकिंग के सम्पर्क में आने से भी स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है। कार्यक्रम के अन्त में सभी बच्चों को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के बारे में बताया गया और सभी को शपथ दिलाया गया कि भविष्य में कभी भी तम्बाकू का उपयोग नही करेंगे साथ ही अपने आस पास के लोगों से भी तम्बाकू का उपयोग नही करने के लिये प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्या स्वाति प्रियंका, स्वास्थ्य विभाग से जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।





**तम्बाकू जनित रोगों से झारखंड में प्रत्येक वर्ष लगभग 35000 हजार लोगों की होती है मृत्यु**

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का हुआ वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान धनबाद जिला के सभी प्रखंड अंतर्गत पंचायत, नगर निगम एवं नगर परिषद क्षेत्र के वार्डों में शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में दर्जनों छात्र छात्राओं का ऑन द स्पॉट जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। वहीं कई छात्राओं के बीच साइकिल का भी ऑन द स्पॉट वितरण किया गया। इसके अलावा दर्जनों लाभुकों को ऑन द स्पॉट पेंशन की भी स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही मनरेगा कार्ड वितरण, जेएसएलपीएस दीदियों के बीच पहचान पत्र, जाति, आवासीय, आय, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। ऑन द स्पॉट प्रमाण पत्र, साइकिल, पेंशन की स्वीकृति मिल जाने से लाभुक ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि उनके कई आवश्यक काम अब आसानी से पूरे हो सकेंगे।

## सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह के बच्चों ने विद्या भारती में अपना परचम लहराया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** विद्या भारती के तत्वाधान में कस्तुरबा विद्या मंदिर ढोरी में 31 अगस्त और 1 सितम्बर 2024 को आयोजित झारखण्ड प्रांत स्तरीय विज्ञान एवं वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में अपने विद्यालय के भैया/बहनों ने अव्वल स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उक्त प्रतियोगिता में झारखण्ड प्रदेश के आठ विभागों की 16 प्रतिभागी टीमों ने विज्ञान प्रश्न मंच में हिस्सा लिया, जिसमें अपने विद्यालय के किशोर वर्ग के भैया/बहन अवंतिका कुमारी, अनुराग कुमार और लक्की कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रांतीय गणित प्रश्न-मंच प्रतियोगिता में तरुण वर्ग के भैया इमरान केशव सिन्हा एवं प्रियांशु गुप्ता ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। ज्ञातव्य हो कि उक्त भैया-बहन संयुक्त झारखण्ड, बिहार के क्षेत्रीय स्तर पर विज्ञान वर्ग में अक्टूबर माह में देवघर तथा गणित वर्ग में जमालपुर मुंगेर में आयोजित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। विजेता प्रतिभाशाली भैया-बहनों की तैयारी कराने में संलग्न विज्ञान एवं गणित के आचार्य डॉ० संजय कुमार, विवेक सिन्हा, गौतम शर्मा, एवं अशोक कुम्हार, संजय शर्मा धीरज कुमार, राकेश पाण्डेय, अभिमन्यु उपाध्याय के अथक प्रयास से भैया-बहनों के साथ विद्यालय को भी प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप खेमका, सचिव विक्रम राजगढ़िया प्रधानाचार्य अभिमन्यु कुमार, उप-प्राचार्य श्रेया सरकार ने विजेता भैया - बहनों की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा आगे की क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीतने की प्रेरणा दी तथा विद्यालय की उक्त गौरवशाली उपलब्धि पर सभी आचार्यों को बधाई दी।

## जन आकांक्षाओं के अनुरूप होगा भाजपा का घोषणा पत्र : बिरंची नारायण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के निर्णयानुसार आज प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा की भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जनभागीदारी के साथ जन आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प के साथ भाजपा के द्वारा घोषणा पत्र सुझाव अभियान' की शुरूआत की गई है जिसमें सुझाव जनता के होंगे लेकिन वो संकल्प पार्टी का होगा। इस अभियान का शुरूआत बोकारो में कल यानी 3 सितम्बर से शुरू होगा आम जन अपना सुझाव पार्टी कार्यालय में या वॉट्सएप नम्बर 6202750671 पर दे सकते साथ पार्टी कार्यकर्ता विचार परिवार,संगठन के प्रमुख कार्यकर्ता, अनुसूचित जनजाति, अनुसूजित जाति, पिछड़ा वर्ग, किसान, महिला, युवा, खिलाड़ी, व्यापारी एवम व्यावसायिक संगठन,छात्रावास में रहने वाले छात्र - छात्राएं, कॉलेज के छात्र - छात्राएं, प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्र - छात्राओ से संवाद, निजी शिक्षण संस्थान, लोक कलाकार, सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर ग्रुप एवम यू - ट्यूबर ग्रुप, अनुबंध कर्मी,सरकारी कर्मचारी, आउट सोर्सिंग कर्मी,सेवा निवृत सरकारी संगठन,पूर्व सैनिक, दिव्यांग, संगठित एवम असंगठित मजदूर संगठन,राशन डीलर, एन जी ओ, एस एस जी संवाद आकांझी जिला में स्वयं सहायता समूह,फुटकर विक्रेता संघ, पंचायती राज के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान/मुंडा मानकी, ऑनलाइन ट्रेडिंग वर्कर्स, ई रिक्शा चालक, आर एम पी डॉक्टर, वैगा/पुजारी, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका, मध्याह्न योजना से जुड़ी रसोईया, प्रबुद्ध वर्ग-वकील, प्राध्यापक, उद्योग समूह, पोषण सखी, नगरपालिका सफाई कर्मी, मनरेगा कर्मी, कृषक मित्र,पंचायत स्वयं सेवक व आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर सुझाव लेंगे।

## नेत्रदान पखवाड़ा के अवसर पर जनरल हॉस्पिटल में रैली का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भारत में दृष्टिहीनता एक गंभीर समस्या है, जिससे लाखों लोग प्रभावित हैं। भारत सरकार और कई गैर सरकारी संगठन इस समस्या से निपटने के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चला रहे हैं। हर साल 25 अगस्त से 8 सितंबर तक मनाये जाने वाला राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा एक महत्वपूर्ण अभियान है जिसका उद्देश्य देश में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दृष्टिहीनता को कम करना है। बी जी एच में भी आज दिनाँक 02 सितम्बर को डॉ बी बी करुणामय , प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल के नेतृत्व में एक रैली का आयोजन किया गया जिसमे वरीय डॉक्टर्स के साथ पैरामेडिकल स्टाफ शामिल थे। राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा बी जी एच में हर साल मनाया जाने वाला एक विशेष अभियान है जिसका उद्देश्य लोगों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूक करना और अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान करने के लिए प्रेरित करना है। बहुत लोग कॉर्निया संबंधी समस्याओं के कारण अपनी दृष्टि खो देते हैं। राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा इस समस्या के समाधान की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रेमिका की हत्या कर तालाब में फेंका था सिर, आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद के भूली ओपी क्षेत्र के दास टोला स्थित पंपू तालाब से दो दिन पहले महिला का कटा सिर बरामद हुआ था. पुलिस ने सोमवार को मामले का खुलासा कर दिया है। वारदात को प्रेमिका के भाई को हत्या के केस में फंसाने की नीयत से अंजाम दिया गया था. पुलिस ने पांडरपाला के न्यू इस्मलामपुर निवासी आरोपी इरफान अंसारी उर्फ कालू गिरफ्तार करते हुए महिला का धड़ भी बरामद कर लिया है। महिला को आरोपी धनबाद रेलवे स्टेशन से बुलाकर ले गया था। पुलिस महिला के बारे में अन्य जानकारी जुटा रही है. पुलिस को तफ्तीश में पता चला कि एक व्यक्ति अपने वाट्सएप पर किसी महिला के हल्दी लगे कटे सिर की फोटो वायरल किया था. उक्त मोबाइल नंबर को ट्रेस कर पुलिस ने मोबाइल धारक को रविवार की देर रात बाइपास रोड स्थित सिटी स्कूल के पास से पकड़ा। व्यक्ति ने अपना नाम इरफान अंसारी उर्फ कालू बताया। उसके पास से उक्त नंबर का मोबाइल फोन, 786 सिरियल नंबर के 4 नोट व महिला का आधार कार्ड बरामद किया गया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने महिला के धड को पांडरपाला दास टोला स्थित पंपू तालाब के दूसरे छोर पर स्थित हौदा से बरामद किया किया.

**खुद काटा था गला, फिर तस्वीर की वायरल**

कालू ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह दास टोला निवासी उक्त महिला से एक तरफा प्यार करता था। महिला के भाई से उसका विवाद हुआ था। उसी का बदला लेने और उसके भाई को फंसाने के लिए उसने घटना को अंजाम दिया। महिला को झांसे में लेकर वह धनबाद रेलवे स्टेशन के पास बुलाया और उसकी हत्या कर सिर को धड़ से अलग कर महिला के मामा के घर के आंगन में चापाकल के पास रखकर फोटो खींचकर वायरल किया था। बाद में सिर को पंपू तालाब के पास, जबकि धड़ को तालाब के दूसरे छोर पर हौदा के पास झाड़ी में छुपा दिया था।

**एक नजर**

### कपड़ा व्यवसायी का शव कुआं से बरामद

**बोकारो :** बेरमो फुसरो पुराना बीडीओ ऑफिस कपड़ा व्यवसायी दिलीप गोयल का शव सोमवार को कुआं से बरामद की गई। पुलिस शव को निकल मौत के कारणों के संदर्भ में जानकारी जुटा रही है। जानकारी के अनुसार संभवतः निकटवर्ती रक्त संबंधी के निजी कारणों को लेकर गोयल क्षुब्ध थे । बेरमो पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार सिंह ने बताया कि व्यवसायी गोयल सुबह 4 बजे जरीडीह बाजार स्थित अपने आवास से अपनी कार से निकले थे । फुसरो के पुराना बीडीओ ऑफिस के पास कार खड़ा कर शायद उन्होंने खुद कुंआ में कूदकर आत्म हत्या कर लिया।

### 9 की एकता रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाकपा माले व मासस की तैयारी जोरों पर

**चंद्रपुरा :** नौ सितम्बर को धनबाद में आहूत एकता रैली को सफल बनाने को लेकर सोमवार को मिलन केन्द्र दुगदा में भाकपा माले व मासस कार्यकताओं की संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मासस के प्रखंड अध्यक्ष अंगेश कुमार सिंह व संचालन शाहिद अंसारी ने की । बैठक को मासस के केन्द्रीय महासचिव हलदार महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि मासस का भाकपा माले में विलय हो चुका है, मगर इसकी विधिवत घोषणा 9 सितंबर को धनबाद में होना है। कहा कि वर्तमान समय में लाल झंडा अलग - अलग राह में चल रहे है। तमाम कम्युनिस्ट पार्टी को एक मंच पर लाने की पहल धनबाद से किया जाएगा। लाल झंडा एक मंच पर आने के बाद ही देश में चल रहे कारपोरेट लूट और नरेंद्र मोदी सरकार की तानाशाही रवैया को रोका जा सकता है। देश बचाने के लिए तमाम वामपंथ के लोगों को एक मंच पर आने की जरूरत है। मौके पर भुनेश्वर केवट, अब्दुल हमीद अंसारी, जे एन सिंह, लोकनाथ सिंह, देव दीप सिंह, ठाकुर प्रसाद महतो, सुंदर केवट, अर्जुन महतो, राहुल केवट, शिवम दास, बसन्त केवट, हैदर अली अन्सारी, सुन्दर केवट, नौशाद आलम, महेन्द्र पासवान, कालेश्वर माँझी, उर्मिला देवी, अनतरा देवी, मो० वकील अन्सारी, धुर्व रंजन दास, आदि मौजूद थे।

### सैनिक वशिष्ठ प्रसाद सिंह का निधन



**बोकारो :** बोकारो के सभी पूर्व सैनिकों के लिये प्रेरणा के स्रोत रहे, पूर्व सैनिक श्री वशिस्ठ प्रसाद सिंह जी, जिन्होने अपने 28 वर्ष के सैन्यकाल में 1965 एवं 1971 के युद्ध में भी अपना लोहा मनवाया था, पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके बड़े पुत्र उदय शंकर सिंह जी ने मुखाग्नि दी। उनकी अचानक इस तरह जाने का दुख सभी को है। उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। उनकी अन्तिम यात्रा के आरंभ में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के उनके साथी पूर्व सैनिकों ने उन्हें सैनिक परंपरा के अनुसार तिरंगा ओढाया। परिजनों और पूर्व सैनिकों ने उनकी अर्थी को कन्धा दिया और गरगा घाट पे चिता पर लिटाने से पुर्व उनके परिजनों को वही तिरंगा सौंप दिया जिसे उनके पुत्र राकेश कुमार सिंह, राजीव रंजन सिंह एवं उदय शंकर सिंह सहित सभी ने नम आँखों से मगर गर्व के साथ स्वीकार किया। उम्र के इस आखिरी पड़ाव में भी श्री वशिष्ठ प्रसाद सिंह जी अपनी जीवटता और जिन्दा दिली के साथ साथ समय की पाबंदी के लिये जाने जाते रहे हैं।

**संक्षिप्त खबरें**

### जीएनएम दुर्गा पूजा समिति कतरास के अध्यक्ष बने शंकर और सचिव मुकेश भट्ट



**धनबाद :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जी एन एम हाई स्कूल मैदान कतरास की वार्षिक आम बैठक समिति के वरीय संरक्षक मोहन प्रसाद लाला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2023 के निवर्तमान अध्यक्ष शंकर जायसवाल ने पुरानी समिति को भंग करने की घोषणा की,तत्पचात वर्ष 2024 की नई समिति के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई बैठक में आम सहमति नही बनने के कारण मतों के आधार पर अध्यक्ष के रूप में लगातार तीसरी बार शंकर जायसवाल को निर्वाचित किया गया वही सचिव के पद पर लगातार तीसरी बार मुकेश भट्ट निर्वाचित हुए कोषाध्यक्ष के रूप में बबलू चौरसिया को चुना गया बैठक में समिति के सभी संरक्षको ने वर्ष 2024 के दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की बात कही और निर्वाचित हुए सभी पदाधिकारी को अपनी ओर से बधाई दी एवं समिति के शेष बचे पदों पर समिति निर्माण की जिम्मेवारी निर्वाचित पदाधिकारीयों को दी, बैठक में समिति के संरक्षक मोहन प्रसाद लाल सुरेंद्र सिंह प्रताप नारायण पांडे शंकर हजारी धनंजय नंदन विनय सिन्हा धीरन सिंह के साथ-साथ समिति के पंकज सिन्हा, अशोक शर्मा, मनोज राय, दिलीप तार्वे, शैलेंद्र सिन्हा, विनोद रजक, कुलदीप सिंह, गोपाल बॉस, संदीप जयसवाल, भारत प्रसाद अम्बष्ट, चंद्रकांत कुमार, राखी पटवा, मोनू सिंह, राहुल राज, अमन जयसवाल, प्रकाश रजक, जीत कुमार, तापस दे,पिंटू दे, गणेश मोदक, अजय स्वर्णकार, शिवम दसौधी, चितरंजन कुमार, राजेंद्र ठाकुर, सचिन मोदक, विशाल केडिया, अप्पू साहू, प्रभाकर दत्ता, विवेक ठाकुर, अभिषेक शरण, विवेक शरण, निखिल राय, शिवम सिंह, राजा गुप्ता, अयोध्या सिंह, गौरव शर्मा, सुनील यादव, श्याम गुप्ता, कौशल ठाकुर, भोला मोदक, सिद्धार्थ रजक, केशव गुप्ता, प्रकाश पटवा, शेखर प्रमाणिक, अरुण राणा, विशाल जायसवाल, नीतीश जयसवाल, गोलू अग्रवाल, मुकेश सिंह, रोहित सिंह, रूपेश सिंह, सुजल कुमार, आशीष गुप्ता, कार्तिक मोदक रजत, मोदक, रोनित मोदक, समीर जायसवाल, गुड्डू जायसवाल, भोलू जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### समारोह का आयोजन कर सीनियर सेक्शन इंजीनियर को दी गई विदाई



**धनबाद :** कैरिज एंड वैगन डिपार्टमेंट में 31 अगस्त को सेवानिवृत हुए सीनियर सेक्शन इंजीनियर अनिल कुमार सिंह,का आज विभागीय के सभी सीनियर सेक्शन इंजीनियर के तरफ से एक विदाई सह सम्मान समारोह आयोजन किया गया था। जिसमें सबसे पहले श्री सिंह को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया फिर फूल माला पहनाया गया और अंगवस्त्र के रूप में शाल उड़ाकर विशेष सम्मान दिया गया। फिर उसके बाद उपस्थित कर्मचारियों ने बारी बारी से श्री सिंह का कार्यकाल में रेल में दिए गए सेवा पर विशेष चर्चा किये। ऐसे भी श्री सिंह बहुत ही मृदु भाषी,अच्छे, लोकप्रियता का धनी और खुशमिजाज के इंसान है और अंत में अनिल कुमार सिंह को उपहार देकर विदाई सह सम्मान समारोह संपन्न किया गया ।इस समारोह में अभय मेहता, रंजीत कुमार दत्ता,नेताजी सुभाष,जे के साव,एन के खवास, पंकज कुमार,राकेश महतो,बुद्धदेव माझी,इमरान अंसारी,डीपी यादव,धीरज कुमार राजेंद्र शर्मा अभिजीत नाथ,सुनील मंडल,सुवेंदु महापात्र, सुरेंद्र कुमार,संतोष गोंड एवं संतोष कुमार सहित अन्य लोग समारोह में उपस्थित थे।

### कांग्रेस के युवा नेता राजेश राम ने विधानसभा से ठोका दावा



**धनबाद :** रांची स्थित कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में आज झारखंड विधान सभा चुनाव स्क्रीनिंग कमिटी के चैयरमेन गीरीस चोडानकर ,सदस्य प्रकाश जोशी एवं पुनम पासवान से बाघमारा विकास के कांग्रेस के युवा नेता राजेश राम ने अपने समर्थकों के साथ मुलाकात की ।उन्होंने बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से अपनी दावेदारी प्रस्तुत किया। राजेश राम ने मांग किया की भाई और भ्रष्टाचार में सम्मिलित लोगों को उम्मीदवार न बनाकर क्षेत्रीय स्वच्छ छवि के युवा को टिकट दें ताकि बाघमारा में कांग्रेस पार्टी का लंबे समय तक प्रतिनिधित्व कायम रहे. मौके पर दुर्गा रवानी, आलम अंसारी, राजेश कुमार , मुकेश कुमार, जनार्दन ठाकुर, विजय कुमार, सुशील कुमार, मदन राम, वासुदेव कुमार, कमलेश पासवान, संजय कुमार मुकेश प्रसाद राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### एलआईसी ब्रांच 1 सेक्टर 4 मे धूमधाम से मनाया 68वां स्थापना दिवस

**बोकारो :** बोकारो के सिटी सेंटर सेक्टर 4 स्थित एलआईसी कार्यालय ब्रांच 1 में 68 वा स्थापना दिवस मनाया गया। 1 सितंबर 1956 को सिर्फ 5 करोड़ की पूंजी से स्टार्ट की गई थी आज एलआईसी अपना जो कि आज यह 53 लाख करोड़ की पूंजी के साथ विश्व की अग्रिम बीमा कंपनियों में स्थापित है इसमें जो संकल्प तत्कालीन मान्य प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा लिया गया था कि हमें हर घर तक बीमा तक पहुंचना है और एक निचले तत्व के व्यक्ति को भी बीमा का कर देना है जिसमें हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रहे हैं दूसरा ऑब्जेक्टिव यह था कि भारत के मूलभूत संरचना विकी विकास के लिए पूंजी का निर्माण करना जिसमें कि हम सतत प्रयासरत हैं और एलआईसी पूर्णता सफल रही है आज यह 68 में स्थापना दिवस की बधाई सभी भारतवासियों एलआईसी की बीमा धर्म को कर्मचारियों और अधिकारियों को बोकारो शाखा वन की तरफ से मैं बधाई देता हूं मौके पर संतोष कुमार डेवलपमेंट ऑफिसर और गर्ग जी,सिंह ,रविंद्र सिंह, अजीत शंकर पांडे,केपी गुप्ता, एसी कंठ,राजकुमार सिन्हा, रामाशीष जी, कोमल, सुजीत कुमार सिंह, आराधना सिंह, अपराजिता मुखर्जी, सुशील कुमार सिंह, राजकुमार शंभू प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न पंचायतों में शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** झारखंड सरकार के निर्देश पर 30 अगस्त से आयोजित हो रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारष कार्यक्रम के तहत सोमवार को खूंटी प्रखंड के लांदुप पंचायत भवन, कर्रा के लिमड़ा पंचायत भवन, मुरहू के रूमुतकेल पंचायत भवन, अड़की के सोसोकुटी पंचायत भवन, तोरपा के सुंदारी पंचायत भवन और रनिया के खटंगा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत क्षेत्र के पिपराटोली शिव मंदिर के समीप शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न पंचायतों और शहरी क्षेत्र में आयोजित कैंप में आमजनों को ऑन द स्पॉट सरकारी योजना का लाभ दिया गया। शिविरों के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने अधिकारियों को आवश्यक नर्देश दिए। शिविरों में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अनुमंडल पदाधिकारी समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों ने शिविरों में शामिल होकर, लाभुकों को



योजना का लाभ दिलाया और योनाओं की जानकारी दी। संबंधित क्षेत्र के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मी शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, पेयजल, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, कृषि, राजस्व, मत्स्य, भूमि संरक्षण, लघु सिंचाई, सहकारिता समेत अन्य विभागों ने स्टॉल लगाए। वहीं शिविरों में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना यथा झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति आवासीए आय प्रमाण पत्र के लाभुकों से प्राथमिकता के आधार पर आवेदन लिए गए।

## एक नजर

### ओरमांझी में जन जागरण कार्यक्रम चलाया गया

**अनगड़ा :** प्रखंड अंतर्गत हेसातू, हरातू के कई गाँव जलिमा, ईद, एवं ओरमांझी चाडू पंचायत में आजसू पार्टी जन जागरण कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य से केंद्रीय सचिव सह खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव थे। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने चुनाव के समय जनता से जितने वादे किए थे। उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा सरकार की कोई भी योजना धरातल पर नहीं दिख रहा है हेमंत सोरेन सरकार सिर्फ विज्ञापनों पर टिक्का है। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं और युवतियों को झूठे वादे करने और जनता को छलने और धोखा देने के मुद्दे पर चर्चा की गई पारसनाथ उराँव ने कहा 2024 विधानसभा चुनाव में युवाओं का अहम भूमिका होगी और हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, हेसातू मुखिया अनिता बरला, फुलेश्वर महतो,सोनू उरांव और सैकड़ों युवा और चूल्हा प्रमुख उपस्थित थे।

### आज आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति अंचल कार्यालय का करेगी घेराव



**अनगड़ा :** नामकोम में आदिवासी मूल वासी संघर्ष समिति के द्वारा भ्रष्टाचार एंव ज्वलंत मुद्दो को लेकर अंचल सह प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने नामकुम प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जन संपर्क अभियान चलाया लकड़ा ने कहा कि अपना हक अधिकार के लिए लड़ाई में अपना बहुमूल्य समय जरूर से जरूर दे और प्रखंड घेराव को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में ग्रामीण को पहुंचने का अपील किया।

## कांस्टेबल से 95 हजार की ऑनलाइन ठगी

**हजारीबाग :** बीएसएफ मेरु कैंप के हेड कांस्टेबल से 95 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। थाना को दिये आवेदन के अनुसार, बीएसएफ कैंप के हेड कांस्टेबल कावेडकर सुरेश कुमार पापू का एटीएम कार्ड एक्टिवेट करने के नाम पर ठगी गयी है। बताया है कि गत 18 अगस्त को साइबर ठगों ने हेड कांस्टेबल के मोबाइल फोन पर कॉल किया। फोन करने वाले ने उनसे कहा कि आपका एटीएम कार्ड बंद कर दिया गया है। हेड कांस्टेबल उसके झांसे में आ गया और साइबर ठग को पूरी जानकारी दी।

## उपायुक्त ने रेफरल अस्पताल में किया डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन

**गुमला :** गुमला जिले के बसिया एवं घाघरा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफरल अस्पताल में सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने हंस फाउंडेशन द्वारा संचालित डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि गुमला जिले में वर्तमान में सिर्फ एक डायलिसिस सेंटर संचालित था और डायलिसिस मरीज को निरंतर डायलिसिस की जरुरत होती है। लेकिन कई बार ऐसा होता था कि डायलिसिस सेंटर में कोई मशीन खराब है या ओवरलोड होती थी, जिससे क़्वालिटी और गुणवत्ता पूर्ण सेवाडायलिसिस मरीज को नहीं मिल पाती थी। इसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा हंस फाउंडेशन के सहयोग से बसिया एवं घाघरा प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल में दो डायलिसिस सेंटर की स्थापना की गई है। इससे पूर्व गुमला सदर में भी एक नए डाइलिस सेंटर की स्थापना पिछले सप्ताह की गई थी। यहाँ बहुत ही स्टेण्डर्ड क़्वालिटी, स्वास्थ्य मानक के अनुरूप और उच्चस्तरीय मशीन से मरीज को सेवा दी जा रही हैं। यहां कई मरीजों का डायलिसिस हो चूका हैं। हम लोगों को उम्मीद हैं कि गुमला जिलें का जो दक्षिणी भाग है जैसे सिमडेगा जिले एवं आसपास के क्षेत्र के मरीज यहां गुणवत्तापूर्ण डायलिसिस करवा पाएंगे ।


**Office of The District Education Officer Latehar,**

**Inviting Very Short Notice**
**Request for Proposals**

Selection of Agency for "Supply, Installation, Testing, & Commissioning of Modular Kitchen Across Residential schools in Latehar district" under Office of District Education Office, Latehar .

**FACT SHEET**

| | |
|---|---|
| Name of the work | Supply, Installation, Testing, & Commissioning of Modular Kitchen across Residential schools in Latehar District. |
| Office of Issue | Office of the District Education Office, LATEHAR, Jharkhand Government of Jharkhand. |
| Date of Issue | 03/ 09/ 2024 |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 10. 09. 2024 Till 10:30 AM District Education Office (DEO), Girl School Campus, Latehar |
| Date and time for technical bid opening | 10. 09. 2024 Time 12:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 10. 09. 2024 Time 02:00 PM |
| Bid Processing Fee (Non-refundable) | INR 5000/- (Rupees Five Thousand only) in the form of a Demand Draft drawn in favour of "District Education Officer" drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Latehar. The bid processing fee shall be submitted along with the 1st inner Envelope of the Technical Proposal. |
| Earnest money deposit (EMD) (Refundable) | INR 2,00,000/- (Rupees Two Lakhs only) in the form of a Demand Draft drawn in favour of "District Education Officer" drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Latehar. |
| Address of at which the tenders (Hard copies) are to be submitted: | District Education Office (DEO), Girl School Campus, Latehar |
| Place of opening of tenders: | District Education Office (DEO) Girl School Campus, Latehar |
| Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |

Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

DISTRICT EDUCATION OFFICER
LATEHAR

PR 334384 (Human Resource Developement) 24-25 (D)


# छात्र-छात्राओं को तुबा एकेडमी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ हुनर मंद बनाया जाता है : मो. गुलजार आलम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** तुबा एकेडमी इरबा में सोमवार को तहरीक-ए-पयामे इंसानियत के तत्वाधान में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर स्कूल के निर्देशक मोहम्मद गुलजार आलम नदवी ने बताया की तुबा एकेडमी में छात्र छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ हुनरमंद बनाने की कोशिश की जाती हैं ताकि इस स्कूल से पढ़कर निकलने वाले बच्चे भविष्य में देश के दिशा निर्देशक बने और अपने मां-बाप समाज और राष्ट्र का नाम रोशन कर सके। इस स्कूल के बच्चों में



हुनर कूट-कूट कर भरी हुई है। स्कूली बच्चों के बीच तरह-तरह के प्रतियोगिता आयोजित की जाती है ताकि बच्चों के प्रतिभा को निखारा जा सके। वहीं उन्होंने बताया की क्विज प्रतियोगिता में तुबा एकेडमी स्कूल के कक्षा फोर्थ, फाईब, सिक्स व सेवन के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया और अपने-अपने प्रतिभा का जौहर दिखाएं। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में इस्लामिकऔर सामान्य ज्ञान की प्रश्न रखा गया था, प्रतिभागियों ने बड़े सूझबूझ से सवालों के जवाब दिए, जिससे शिक्षकों के मन गदगद हो गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्कूल के टीचर्स का सराहनीय योगदान रहा। मौखिक प्रमुख रूप से शिक्षिका सूफिया तरन्नुम कारी यूजर अंसारी, शिक्षक मंजर मेराज, अबू रेहान अंसारी, शाहीन सबा, रजिया परवीन, रेहाना प्रवीण, इसमत जहाँ, बुशरा प्रवीण सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्राएं मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, रॉंची**

Un-Tied मद अन्तर्गत, अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 27 / 2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,रॉंची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि / स्थान :– दिनांक 09.09.24 को 2.00 बजे तक। विकास भवन, रॉंची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि / स्थान :– दिनांक 10.09.24 को 3.00 बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 10.09.24 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 सं0 / ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि / प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र संयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | खलारी | खलारी प्रखण्ड मैक्लुस्कीगंज थाना परिसर में शौचालय का निर्माण कार्य। | 36,29,700.00 | 73,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट : 1- Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड रॉंची के संचिका सं0 प0नि0वि0 / विविध 06–33 / 2007 (अंश – 1) 2146 (5) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 –1, रॉंची

PR 334423 NREP(24-25)#D


# उमरा हज के लिए मक्का रवाना हुए जायरीन






प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** मुरी 2 सितंबर जन्नत हज उमरा प्राइवेट लिमिटेड झारखंड के तत्वाधान से मुरी बोकारो देवघर धनबाद चंद्रपुरा से 49 हाजियों का जत्था उमरा हज के लिए दिल्ली इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मक्का के लिए रवाना हुए। सभी हाजियों की अगवाई मौलाना मुसलीम मिस्बाही मुफ्ती शफाक मिस्बाही अत्ताउल्लाह मिस्बाही अब्बास अंसारी सिकंदर अंसारी कर रहे थे। सभी हाजियों को दिल्ली इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट में जन्नत आज उम्र प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर जनाब आलमगीर साहब मैनेजर महबूब आलम के द्वारा सभी हाजियों को फूल माला पहनकर रुखसत किए। सभी हाजियों के परिवार हाजियों को छोड़ने के लिए भारी संख्या में एयरपोर्ट पहुंचे थे। सभी ने हाजियों को गले लगाकर फूल माला पहनकर रुखसत किए सभी हाजियों जाने से पहले अपने वतन हिंदुस्तान अपने परिवार के लिए दुआ मांगी सभी हाजियों के चेहरे में खुशी झलक रही थी। हज में जाने वाले लोग मौलाना मुसलीम मिस्बाही, मोहम्मद अब्दुल, वाहिद सिराज अंसारी, गुलाम मुस्तफा, अब्दुल्लाह अंसारी, बानो बीबी, हिना बीबी, जुलेखा बीबी, रुखसाना मोहम्मद तसलीम अब्दुल कलीम, अब्दुल जब्बार अंसारी, मुफ्ती सफाक मिस्बाही आदि।

# बुद्धा पब्लिक स्कूल में राधा कृष्णा फैशन शो का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल टुटकी में राधा कृष्ण फैशन शो का आयोजन स्कूल प्रांगण में किया गया। स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे रंग-बिरंगे पोशाक पहनकर स्कूल पहुंचे थे और राधा कृष्ण के गीत पर एक से बढ़कर एक नाच गान किये। बच्चे राधा कृष्ण का रूप धारण किए हुए थे जो काफी मनमोहक दिख रहे थे। बच्चों के अभिनय को देखकर अभिभावक काफी मोहित और भावुक हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने कहा कि इस तरह का आयोजन करने से बच्चों में बौद्धिक विकास होता है तथा बच्चे तनाव से मुक्त रहते हैं। वहीं प्राचार्य वी सुधीर राव ने बच्चों की भूरि भूरि प्रशंसा की। मौके पर राहुल भद्रा, जितेंद्र महतो, गोविन्दर, नकुल बड़ाईक, लंकेश्वर, प्रतिमा देवी, हर्ष कुमारी, अंजली कुमारी, आशा चौधरी, प्रेमचंद, विपुल राय, राकेश, सुजाता, शालिनी इत्यादि शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रॉंची**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/15/2024-25 E-tender

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रिंग रोड अजय गुप्ता से नर्सरी गेट होते हुए झाड़ुपीढ़ी टोली तक 4270 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 91.214 | 1,82,500 | 10,000.00 | 03 Months |
| 2 | घर अंगना से जोड़नी नदी तक 2 कि0मी0 ग्रेड–1 पथ निर्माण। | 98.57 | 1,97,200 | 10,000.00 | 03 Months |
| 3 | ग्राम–साढ़न में लोथमाना मुख्य चौक से भाया रवि गुप्ता के घर होते हुए तक 4330 फीट पथ निर्माण। | 80.68 | 1,61,400 | 10,000.00 | 03 Months |
| 4 | ओझासाढ़न से देवी मंडप तक 1 कि0मी0 पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 53.965 | 1,08,000 | 10,000.00 | 03 Months |
| 5 | उमेडण्डा मुख्य पथ से देवघनिया तक भाया डॉ0 राम मनोहर लोहिया उच्च विद्यालय तक 4950 फीट पथ निर्माण। | 89.744 | 1,79,500 | 10,000.00 | 03 Months |
| 6 | बुढ़मू प्रखंड अंतर्गत पंचायत सारले के ग्राम सुमु से टोला रखीत तक भाया विद्यालय होते हुए 5200 फीट पथ निर्माण। | 90.00 | 1,80,000 | 10,000.00 | 03 Months |
| 7 | ओरमांझी प्रखंड के ग्राम झीरी आंगनबाड़ी केन्द्र से नकवा टोली विद्यालय तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 74.464 | 1,49,000 | 10,000.00 | 03 Months |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.09.2024
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.09.2024 से दिनांक 11.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रॉंची।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 13.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रॉंची।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7903003903
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रॉंची

PR 334436 (Rural Development)24-25*D


# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने सोमवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिव के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों को बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीते 27 अगस्त 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सभी विनिर्दिष्ट स्थलों पर कर दिया गया है। 20-बरकट्ठा, 21-बरही, 24- मांडू एवं 25-हजारीबाग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मुद्रित मतदाता सूची की एक-एक प्रति सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि प्रकाशित मतदाता सूची की जांच कर ली जाय एवं किसी मतदाता का नाम पंजीकरण से वंचित रह गया हो तो जिला निर्वाचन कार्यालय, ईआरओ कार्यालय, एईआरओ बीएलओ को अवगत जाय ताकि नाम पंजीकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति सभी राजनीतिक दलों के स्तर से किया जाना है। विगत लोकसभा चुनाव के दौरान उनकी नियुक्ति नहीं किए जाने के कारण मतदान केंद्र स्तर पर अपेक्षित सहयोग प्राप्त नहीं किया जा सका था। बैठक में सभी राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करने का अनुरोध किया गया ताकि वे मतदान केंद्र स्तर पर मतदाता सूची की जांच कर सके तथा त्रुटि पूर्ण विलोपित मतदाताओं का पुनः नाम निबंधन की कार्रवाई सुनिश्चित किया जा सके। बताते चलें कि जिले कि अनुमानित जनसंख्या- 23,86,432, कुल मतदाताओं की संख्या- 15,73,188, पुरुष मतदाताओं की संख्या- 8,05,567, महिला मतदाताओं की संख्या- 7,67,603, थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या- 18, 18-19 आयु वर्ग में कुल मतदाताओं की संख्या- 60,150, 18-19 आयु वर्ग में पुरुष मतदाताओं की संख्या- 26,432, 18-19 आयु वर्ग में महिला मतदाताओं की संख्या-33,718, आदिम जनजाति (पीविटीजी) मतदाताओं की संख्या-1566, लिंगानुपात - 1000/953, मतदाता जनसंख्या अनुपात- 65.92 है। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावा उप निर्वाचन पदाधिकारी माँ देव प्रिया, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के सभी प्रतिनिधि, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सिल्ली कांग्रेस कमेटी ने ग्रामीणों को आवेदन दिलवाने में की मदद

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत 02 सितम्बर को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो जी के निर्देश पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, प्रकाश मुंडा इत्यादि आयोजित शिविर में उपस्थित होकर जनहित में झारखण्ड के गठबंधन सरकार द्वारा घोषित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 02 सितंबर को सिल्ली प्रखंड के टुटकी पंचायत एवं लोवादाग पंचायत में आयोजित शिविर में आए लोगों का सभी प्रकार की सरकारी सुविधाएं दिलाने हेतु आवेदको के आवेदन पत्र दिलाने में ग्रामीणों की मदद किए।


**Office of The District Planning Office**
**Latehar**

**(2nd Call) Notice Inviting**
**Request for Proposals**

**Selection of Agency for "Supply of Leaf Blower Machine(Fire Blower) in the identified location in Latehar district" under Office of District PlanningOffice, Latehar Govt. of Jharkhand.**

The Office of the District Planning Officer, Latehar, Government of Jharkhand, intends to procure and supply Leaf Blower Machines(Fire Blower) at designated locations within Latehar district. The concerned department seeks to invite bids from reputed agencies interested in participating in the procurement process. The detailed information is as follows:"

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | "Request for Proposal (RFP) for **Supply of Leaf Blower Machine (Fire Blower)along with all the required accessories"** |
| 2 | Date of Issue of RFP | 02.09.2024 |
| 3 | Last Date for submission of Proposal | 10.09.2024 (till 2:00 PM) |
| 4 | Date of opening of Technical Proposal | 10.09.2024 (At 3:00 PM) (Sample demonstration will be done physically on same day) |
| 5 | Date of opening of Financial Proposal | 10.09.2024 (At 4:00 PM) |
| 6 | Time allowed for Completion | 01 Months |
| 7 | Earnest money deposit EMD) (Refundable) & Bid Processing Fee (Non-refundable) | EMD – INR Rs.50,000/- (Rupees Fifty ThousandOnly/-) Refundable & Tender Fees Rs 2000 (Two Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar. **EMD and tender Fee submission is exempted for MSME of Jharkhand. MSME registration certificate with DIC approval certificate in same manufacturing trade is must require for bidder. If bidder is not a MSME in same trade will not get the Exemption benefit.** |
| 8 | Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 9 | Place of opening tenders: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 10 | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| 11 | Method of Selection | •After qualifying in technical bid financial bid will be open and L -1 will be awarded. •L-1 Rates or the rates approved by Tender Committee/District Administration will be considered as the final rate of the project. •Tender Committee retains right to negotiate rates with L -1 Bidder. |
| 12 | Date of opening of Technical Bid (Envelope-1) | The technical bid for the tender shall be opened on **10th Sept. 2024 at 3:00 PM** at the address as under: The Deputy Development Commissioner office , District Collectrate Office Distt: Latehar, Jharkhand-829206 |
| 13 | Date of opening of Commercial Bid (Envelope-2) | The date for opening second envelope containing Commercial Bid will be intimated to the qualified bidders separately. |

**Complete RFP Document, Guidelines, terms & conditions are available on official website of the district : -** https://latehar.nic.in/

District Planning Officer,
Latehar

PR 334440 Planning and Development (24-25)_D

# वैश्विक संकेत : अमेरिकी बादशाहत का अंत निकट तो नहीं



प्रहलाद सबनानी

एक अनुमान के अनुसार, अमेरिका में तीन से साढ़े तीन करोड़ नागरिक स्थायी निम्नवर्ग की श्रेणी में आते हैं, जो अमेरिका की कुल 32.5 करोड़ जनसंख्या का 10 प्रतिशत है। प्रत्येक 5 अमेरिकी बच्चों में से एक बच्चा गरीब वर्ग का है। इतना अधिक खर्च करने के बाद भी अमेरिका में सामाजिक सहायता व्यवस्था अन्य अमीर एवं विकसित देशों की तुलना में कमतर ही मानी जाती है। करोड़ों अमेरिकी नागरिकों को प्राथमिक केयर डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

अमेरिका विश्व के लगभग समस्त देशों पर अपनी चौधराहट सफलतापूर्वक लागू करता रहा है। पूरे विश्व में, एक तरह से लगभग समस्त क्षेत्रों में, विभिन्न प्रकार की नीतियों को प्रभावित करने में अमेरिका सफल रहा है एवं इस प्रकार अपनी प्रसारवादी नीतियों को भी लागू करता रहा है। परंतु, हाल ही के वर्षों में अमेरिका की आंतरिक स्थिति, लगभग समस्त क्षेत्रों यथा आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि में लगातार बिगड़ती जा रही है। अमेरिका सहित विकसित देशों की, आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में, आंतरिक स्थिति को देखते हुए अब तो पश्चिमी सभ्यता पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगे हैं। अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में आर्थिक विपन्नता एवं परिवार तथा समाज के खंड-खंड होने के बाद पश्चिमी सभ्यता को पतित सभ्यता कहा जाने लगा है और इसे अब अमेरिकी बादशाहत के अंत की शुरूआत भी माना जाने लगा है।

अमेरिका में तो राष्ट्रीय ऋण 35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है जबकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था का आकार, सकल घरेलू उत्पाद के आधार पर, लगभग 25 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। इसका आशय यह है कि आय की तुलना में ऋण अधिक ले लिया गया है। अमेरिकी वित्त व्यवस्था पर दबाव इतना अधिक बढ़ गया है कि अमेरिकी सरकार को अपने सामान्य खर्चों को चलाने के लिए भी बाजार से और अधिक ऋण लेने की आवश्यकता पड़ती है और इस उद्देश्य से प्रति वर्ष अमेरिकी संसद में स्वीकृति प्राप्त करने हेतु पहुंचना होता है। यह स्थिति है विश्व के सबसे अधिक शक्तिशाली देश अमेरिका की।

वर्ष 1776 में जब पूंजीवाद के जनक कहे जाने वाले एडम स्मिथ ने अपनी कृति 'द वेल्थ आफ नेशनस' नामक किताब जारी की थी उस समय पूंजीवाद अपने शैशावस्था में ही था। उनका महत्वपूर्ण मुख्य सिद्धांत था कि व्यवसायी, जो अपनी लाभप्रदता को अधिकतम करना चाहते हैं, वे अपने व्यवसाय को बहुत ही कुशलता के साथ चलाना चाहते हैं। इस तरह ये व्यवसायी न केवल अपने आप को धनाडय बनाएंगे बल्कि वह देश इन धनाढ्यों के संसाधनों को जोड़कर स्वयं भी एक धनी देश बन जाएगा। पूरी 19वीं शताब्दी एवं 20वीं शताब्दी में अमेरिका इसी सिद्धांत पर कार्य करता रहा है एवं अपने देश में धनाढ्यों की संख्या में अपार वृद्धि करता रहा है। इससे अमेरिकी नागरिकों में व्यक्तिवाद पनपा एवं वे परिवार एवं समाज के भले को भूलकर केवल अपने बारे में ही सोचने लगे एवं अपने व्यापार को पूरे विश्व में फैलाने लगे। इससे अमेरिका में गरीबों की संख्या में लगातार वृद्धि होती रही।

अमेरिका की 1940 के दशक में पूरे विश्व के विनिर्माण क्षेत्र में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी हो गई थी, परंतु अब यह घटकर 17 प्रतिशत से भी कम हो गई है। कई उद्योगों के मामले में उत्पादन का जो एकाधिकार अमेरिका के पास होता था वह एकाधिकार अब अन्य देशों के पास चला गया है। अमेरिकी कम्पनियों ने कुशल कर्मचारियों को आकर्षित करने के उद्देश्य से कर्मचारियों के स्वास्थ्य खर्चे की पूरी लागत स्वयं वहन करना प्रारम्भ किया था। अमेरिका में श्रम लागत भी बहुत अधिक बढ़ चुकी थी, अन्य देशों में श्रमिक, अमेरिकी श्रम लागत की तुलना में, आधी से भी कम राशि में ही काम करने को तैयार हो रहे थे। इस बीच अमेरिकी सरकार ने आय कर की दरें भी बढ़ाकर 35 प्रतिशत से अधिक कर दी थीं। जबकि अन्य देशों में आय कर की दरें 20/25 प्रतिशत थीं। इससे अमेरिका में विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत बढ़ने लगी।

अतः धीरे-धीरे अमेरिका में विनिर्माण इकाईयां बंद होने लगीं। वर्ष 1979 में अमेरिका में 20 प्रतिशत श्रमिक विनिर्माण इकाईयों में कार्यरत थे अब यह संख्या घटकर 10 प्रतिशत से भी कम हो गई है। अमेरिका में 2 करोड़ कर्मचारी विनिर्माण इकाईयों में कार्य कर रहे थे जो घटकर 1 करोड़ 20 लाख हो गए हैं। अमेरिका में जब प्रथम राष्ट्रपति ने शपथ ली थी उस समय 10 श्रमिकों में से 9 श्रमिक कृषि क्षेत्र में कार्यरत थे (छोटे कृषक) जबकि आज केवल 2 प्रतिशत श्रमिक ही कृषि क्षेत्र में कार्य करते हैं। इस प्रकार अमेरिका में रोजगार की दृष्टि से कृषि एवं उद्योग क्षेत्र में बहुत अधिक संकुचन हुआ है।

1950 के दशक से लेकर अमेरिका में स्टील उद्योग, कपड़ा उद्योग (वस्त्र, परिधान एवं टेक्सटाइल), उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग लगभग समाप्त से हो गए हैं। वाहन उद्योग के क्षेत्र की बड़ी-बड़ी कम्पनियों ने अपनी विनिर्माण इकाईयां चीन आदि देशों में स्थापित की हैं। साथ ही, जापान की कई कम्पनियों ने वाहन के क्षेत्र में अमेरिका में आकर अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना की है। इस प्रकार, कुल मिलाकर उक्त उद्योगों में अमेरिकी मूल के नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बहुत कम हो गए हैं अथवा बिलकुल ही समाप्त हो गए हैं। अमेरिका में उपयोग हो रहे स्मार्ट सेल फोन के 50 प्रतिशत से अधिक उपकरण आयात किए जा रहे हैं एवं इनका उत्पादन अमेरिका में नहीं हो रहा है। ब्यूरो ऑफ लेबर स्टेटिस्टिक्स- मासिक लेबर रिव्यू दिसम्बर 2016 के अनुसार, अमेरिका में प्रति घंटा वास्तविक मजदूरी दर-वर्ष 1947 में 5.35 अमेरिकी डॉलर थी जो वर्ष 1973 में बढ़ कर 9.26 अमेरिकी डॉलर हो गई। परंतु, उसके बाद से लगभग उसी स्तर पर बनी हुई है जो वर्ष 2015 में 9.07 अमेरिकी डॉलर थी। वर्ष 1947 से 1973 के बीच प्रति घंटा वास्तविक मजदूरी दर 73 प्रतिशत से बढ़ी थी जबकि इसी दौरान उत्पादकता में 95 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वहीं, वर्ष 1973 से 2015 के बीच प्रति घंटा वास्तविक मजदूरी दर 3 प्रतिशत कम हुई है और उत्पादकता 109 प्रतिशत बढ़ी है। इस बीच रोजगार के नए अधिकतम अवसर उच्च मजदूरी वाले क्षेत्रों से घटकर कम मजदूरी वाले क्षेत्रों में बढ़े हैं। जैसे विनिर्माण इकाईयों के बंद होने से भारी संख्या में श्रमिक वर्ग को सेवा क्षेत्र में कम मजदूरी के रोजगार स्वीकार करने पड़े है। वर्ष 1979 के बाद से 40 प्रतिशत से अधिक रोजगार के अवसर विनिर्माण क्षेत्र में कम हुए हैं। साथ ही, तकनीकी विकास ने भी उत्पादकता तो बढ़ाई है परंतु मजदूरी की दरें नहीं बढ़ पाई हैं। अमेरिका में समय के साथ-साथ विनिर्माण इकाईयां बंद होती गईं एवं उच्च तकनीकी, सूचना आधारित सेवा क्षेत्र में, सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र में, रोजगार के अधिक अवसर उभरते गए। अब तो आउट्सॉर्सिंग के चलते सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसरों पर विपरीत प्रभाव पड़ता दिखाई दे रहा है। अतः अमेरिका में आने वाले समय में विनिर्माण इकाईयों के साथ साथ सेवा क्षेत्र में भी रोजगार के अवसरों में कमी आ सकती है।

उक्त कारणों के चलते अमेरिका में गरीबी की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। गरीबी के चलते इस वर्ग के बच्चों को शिक्षा नहीं मिल पाती है, यह वर्ग बहुत ही तंग हालत में रहता है एवं अंततः सामाजिक अपराधी गतिविधियों में संलग्न हो जाता है। इनके मकानों में बहुत कम सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। अमेरिका में गरीबी रेखा का निर्धारण अमेरिका के कृषि विभाग द्वारा प्रति वर्ष किया जाता है। वर्ष 2015 में गरीबी आंकलन के लिए प्रत्येक चार व्यक्तियों के परिवार के लिए प्रतिवर्ष 24,300 अमेरिकी डॉलर की आय तय की गई थी। इससे कम आय वाले परिवार गरीबी रेखा के नीचे माने जाते हैं। आय की उक्त गणना के आधार पर अमेरिका में 13.5 प्रतिशत परिवार (4.31 करोड़ अमेरिकी नागरिक) गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे थे।

गरीब वर्ग के नागरिकों के आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने के चलते अमेरिका में 22 लाख अमेरिकी गरीब नागरिक जेलों में बंद थे एवं 50 लाख गरीब नागरिक पैरोल अथवा परीक्षण पर थे एवं अन्य 10 लाख नागरिक जो जेलों से छूट गए थे, वे न तो पेरोल पर थे और न ही परीक्षण पर थे, परंतु वे कभी भी पुनः जेलों में भेजे जा सकते हैं। आपराधिक गतिविधियों में लिप्त नागरिकों के अतिरिक्त 20 लाख से 30 लाख नागरिक ऐसे भी हैं जिनके पास रहने के लिए अपना घर नहीं है जिन्हें यहां 'होमलेस' कहा जाता है। 50 लाख अमेरिकी नागरिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं एवं 80 लाख नागरिक सामाजिक सुरक्षा एवं विकलांग योजना का लाभ ले रहे हैं।

एक अनुमान के अनुसार, अमेरिका में तीन से साढ़े तीन करोड़ नागरिक स्थायी निम्नवर्ग की श्रेणी में आते हैं, जो अमेरिका की कुल 32.5 करोड़ जनसंख्या का 10 प्रतिशत है। प्रत्येक 5 अमेरिकी बच्चों में से एक बच्चा गरीब वर्ग का है। इतना अधिक खर्च करने के बाद भी अमेरिका में सामाजिक सहायता व्यवस्था अन्य अमीर एवं विकसित देशों की तुलना में कमतर ही मानी जाती है। करोड़ों अमेरिकी नागरिकों को प्राथमिक केयर डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध नहीं है। यदि यह सुविधा उपलब्ध भी है तो चार में से केवल एक नागरिक को ही डॉक्टर से उसी दिन का मिलने का समय मिल पाता है। अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में इस प्रकार के हालात देख कर अब तो कई अर्थशास्त्रियों द्वारा आर्थिक विकास के पूंजीवादी मॉडल पर ही प्रश्नचिन्ह लगाया जाने लगा है एवं यह कहा जा रहा है कि कहीं अमेरिकी स्वप्न का अंत निकट तो नहीं है।

(लेखक, आर्थिक विश्लेषक एवं वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)



## संपादकीय

### त्वरित न्याय बेहद जरूरी

महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता है, इससे उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में दिए संबोधन में यह बात कही। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़.की उपस्थिति में प्रधानमंत्री मोदी ने न्यायपालिका को संविधान का संरक्षक बताया। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा के ज्वलंत मुद्दे का जिक्र करते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय कहा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में जितनी तेजी से फैसला सुनाया जाएगा, आधी आबादी को अपनी सुरक्षा के बारे में उतना ही भरोसा होगा। दरअसल, महिला अपराधों में पिछले काफी समय से जिस तरह से जोरदार इजाफा हुआ है, उससे कानून लागू करवाने वाली तमाम एजेंसियों के साथ ही समाजशास्त्री तक चिंता में पड़. गए हैं। बेशकद्ध जिला न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक वाली जिला निगरानी समितियां इस प्रकार के अपराधों से पार पाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। हालांकि न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि जिला स्तर पर न्यायपालिका लंबित मामलों की समस्या से जूझ रही है, इन चुनौतियों को कम करने के लिए जिला न्यायपालिका का कुशल कामकाज महत्त्वपूर्ण है। कोलकाता की डॉक्टर का रेप और हत्या तथा ठाणे के स्कूल में हुए दो बच्चियों के यौन शोषण की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी आई है। जैसा कि न्यायमूर्ति खन्ना ने पीएम मोदी के सामने ही कहा कि न्यायालयों में ढेरों मामले लंबित हैं। जाहिर है कि न्यायाधीशों की कमी की बात समय-समय पर प्रधान न्यायाधीशों द्वारा उठायी जाती रहती है। संसाधनों की कमी के चलते मामलों का निपटारा समय पर होने में रुकावटें आती रहती हैं। महिलाओं में असुरक्षा की भावना तेजी से बढ़ती जा रही है जो देश और समाज के विकास में बाधक हो सकती है। सवाल सिर्फ त्वरित न्याय का नहीं है।


## चिंतन-मनन

### एकता में भाषा भी अवरोध

भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, उसे भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है. अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है और मातृभाषा व्यक्ति के बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम बन सकती है, इसमें कोई संदेह नहीं. पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है, उतना ही आकषर्ण दूसरों को अपनी मातृभाषा के प्रति होता है। इसलिए भाषाई अभिनिवेश में फंसना कैसे तर्कसंगत हो सकता है? हमारे पूर्वाचर्यों ने एकता की सर्वोत्तम कसौटी प्रस्तुत की थी। वह है- जो तुम्हारे लिए प्रतिकूल है, वह तुम दूसरों के लिए मत करो। हमारा भाषाई प्रेम उस सीमा तक ही होना चाहिए जहां दूसरों के भाषाई प्रेम से उसकी टक्कर न हो। हर प्रांत का अपना भाषाई प्रेम है। उनके पारस्परिक संपर्क के लिए एक जैसी भाषा भी अपेक्षित होती है, जो उनके प्रेम को अक्षुण्ण रखते हुए एक-दूसरे को मिला सके। वह राष्ट्रीय भाषा होती है। प्रांतीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना कैसे उचित हो सकता है, जिससे प्रांतीय और राष्ट्रीय भाषाओं में परस्पर टकराहट पैदा हो जाए। राष्ट्रीय एकता के लिए इस विषय पर गंभीर चिंतन आवश्यक है।

भाषा की समस्या को मैं सामयिक समस्या मानता हूं। इस समस्या को कभी-कभी उभार दिया जाता है और यह राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती बन जाती है। फिर भी इसमें स्थायित्व नहीं है। इसके आकषर्ण की एक सीमा है। यह लंबे समय तक जनता को आकृष्ट किए नहीं रख सकती। आर्थिक-सामाजिक वैषम्य तथा जातीय और सांप्रदायिक वैमनस्य राष्ट्रीय एकता की स्थाई समस्याएं हैं। इनका समाधान हुए बिना राष्ट्रीय एकता का आधार मजबूत नहीं हो सकता। क्या हित-सिद्धि के भेद की भित्ति पर अभेद का प्रासाद खड़ा किया जा सकता है? क्या हीनता और उच्चता की उबड़-खाबड़ भूमि पर एकता के रथ को ले जाया जा सकता है? ऐसे कभी नहीं हो सकता।

# शर्मनाक है नारी शोषण में पक्षपात



तनवीर जाफ़री

बंगाल की राजधानी महानगर कोलकता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में रात की ड्यूटी अंजाम दे रही एक जूनियर डॉक्टर के साथ 9 अगस्त को हुआ बलात्कार तथा बलात्कार के बाद उसी जूनियर डॉक्टर की बेरहमी से की गयी हत्या का मामला इन दिनों देश के सबसे ज्वलंत मुद्दे के रूप में मीडिया में छाया हुआ है। इस बलात्कार व हत्या के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई जांच भी शुरू हो चुकी है। उस समय यह मामला और भी हाई प्रोफाइल हो गया जबकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गत दिनों पीटीआई को दिए अपने साक्षात्कार में इसी कांड के सम्बन्ध में यह कह दिया कि मैं बहुत निराश और भयभीत हूं। बेटियों के खिलाफ अपराध बर्दाश्त नहीं। राष्ट्रपति ने कहा, बस अब बहुत हुआ। इसके अतिरिक्त भी राष्ट्रपति महोदया ने इसी विषय पर और भी बहुत सी बातें कर हमारे समाज की बेटियों और बहनों के साथ हो रहे इस तरह के अत्याचारों पर गहन चिंता जाहिर की। उन्होंने पूरे समाज का आवाह्न किया कि सब मिलकर इस विकृति का सामना करें ताकि इसे शुरूआत में ही खत्म किया जा सके।

राष्ट्रपति महोदया द्वारा कोलकता रेप व हत्याकांड का जिक्र अपने इंटरव्यू में करने के बाद यह चर्चा भी सुनाई देने लगी है कि क्या बंगाल में इसी शर्मनाक काण्ड की आड़ में निर्वाचित सरकार को अपदस्थ कर वहां राष्ट्रपति शासन भी लगाया जा सकता है ? इससे पहले भी बंगाल में संदेशखाली की कुछ महिलाओं ने कथित तौर पर यह आरोप लगाया था कि मुख्य मंत्री ममता बनर्जी के करीबी तृणमूल नेताओं द्वारा प्रशासन का डर दिखाते हुए उन लोगों पर अत्याचार किया गया। उनकी जमीन छीन कर उस पर कब्जा कर लिया गया। विरोध करने पर हमले किये गये। जमीन लीज पर लेकर पैसे भी नहीं दिये गये, पैसे देने का वादा करने के बावजूद पैसे मार लिये गये और शारीरिक शोषण भी किया गया,आदि आदि। हालांकि इसी मामले में तृणमूल नेताओं पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली तीन महिलाओं में से दो ने केस वापस भी ले लिया था। तृणमूल कांग्रेस ने ह्यस्टिंग ऑपरेशनह्न के एक वीडियो में दावा किया था कि बीजेपी के स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से सादे कागज पर दस्तखत करवाए थे और बाद में तृणमूल नेताओं के विरुद्ध बलात्कार व यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करवाने में इन कागजों का प्रयोग किया गया था। इस साजिश के पदार्फाश होने के बाद यह मामला जितनी तेजी से मीडिया में उछाला गया था उतनी ही तेजी से यह दबा भी दिया गया। संदेशखाली की घटना के बाद भी बंगाल में राष्ट्रपति शासन की चर्चा सुनाई देने लगी थी।

बलात्कार हत्या जैसे घृणित अपराध निश्चित रूप से कहीं भी हों इसकी घोर भर्त्सना की जानी चाहिये। शासन व प्रशासन व विधायिका को मिलकर ऐसे उपाय ढूंढने चाहिये जिससे अपराधियों के हौसले पस्त हों और वे ऐसे अपराधों की जुरअत ही न कर सकें। साथ ही समाज को अपने बच्चों को भी शिक्षित करना चाहिये। परन्तु अफसोस तो इस बात का है कि हमारे देश में बलात्कार व हत्या जैसे घिनौने अपराध को लेकर भी राजनीति की हांडी चढ़ा दी जाती है। राज्य में सरकार किस दल की है,यह देखकर बलात्कार का विरोध किया जाता है। और इससे भी शर्मनाक यह कि बलात्कार पीड़िता का धर्म व उसकी जाति देखकर भी मामले का विरोध व समर्थन निर्धारित किया जाता है। आरोपी /अपराधी के रसूख के अनुसार भी उसके साथ बर्ताव किया जाता है। यहाँ तक कि यदि बलात्कार व हत्या का अपराधी बड़ी संख्या में अपने अनुयायी रखता है तो उस पर तो शासन की विशेष कृपा बरसते देखी जा सकती है। खासकर चुनावी बेला में तो ऐसे सफेदपोश अपराधियों को विशेष पेरोल तक दे दी जाती है।

याद कीजिये गुजरात में 2002 में हुए साम्प्रदायिक दंगों के दौरान बिलक़ीस बानो व उसकी मां के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था तथा उसी समय उनके सामने उन्हीं के परिवार के सात सदस्यों की हत्या भी कर दी गयी थी। इस लोमहर्षक जुर्म में महाराष्ट्र उच्च न्यायालय द्वारा 11 अपराधियों को आजीवन कारावास की सजा दी गयी थी। परन्तु मई 2022 में गुजरात सरकार ने अच्छे चरित्र के आधार पर दोषियों की सजा में छूट देते हुये स्वतंत्रता दिवस के दिन इनको रिहा कर दिया था। एक तरफ तो भारत सहित पूरे विश्व में गुजरात सरकार के इस कदम की घोर आलोचना हुई थी। तो दूसरी तरफ इन हत्यारे बलात्कारियों को मंच पर सुशोभित किया जाने लगा था। इन्हें फूल माला पहनाकर इन हत्यारे बलात्कारियों का स्वागत किया जा रहा था। इसी आलोचना के दौरान एक विश्व हिन्दू परिषद् के पक्षकार विद्वान लेखक ने इन हत्यारे बलात्कारियों का पक्ष लेते हुये अपने आलेख को इस आशय के शीर्षक से सजाया था कि -आखिर हिन्दुओं को भी तो जीने का अधिकार है ? यह तो भला हो सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयन का जिन्होंने इस मामले में संज्ञान लेते हुये - कहा कि मई 2022 में गुजरात सरकार ने दोषियों की सजा में छूट देकर तथ्यों की उपेक्षा की थी। और इसी टिप्पणी के साथ उन्होंने सभी दोषियों को दो हफ़्ते के भीतर जेल प्रशासन के पास हाज़िर होने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने उसी समय यह भी कहा था कि गुजरात सरकार के पास सजा में छूट देने और इस बारे में कोई फैसला लेने का अधिकार नहीं है। इस तरह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह अपराधी पुनः जेल जा सके थे और इन हत्यारे बलात्कारियों के हमदर्दों को अपनी मुंह की खानी पड़ी थी।

इसी तरह जनवरी 2018 के कठुआ,जम्मू के 8 वर्ष की मासूम असिफा बानो के सामूहिक बलात्कार व उसकी हत्या के समय भी बलात्कार समर्थक इन बेशर्मों चेहरा बेनकाब हुआ था। इस घृणित अपराध का साजिशकर्ता एक रिटायर्ड राजस्व अधिकारी था जोकि उस समय एक स्थानीय मंदिर का पुजारी भी था जहाँ कई दिनों तक उस बच्ची के साथ बलात्कार किया जाता रहा। इस घटना को भी धार्मिक रंग देते हुये स्वयं को हिन्दू हितैषी कहने वाले लोग बलात्कारियों के पक्ष में केवल खड़े ही नहीं हुये बल्कि उनके समर्थन में जुलूस निकाले, प्रदर्शन किये और हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे। मणिपुर में महिलाओं के साथ क्या कुछ नहीं हुआ। पूरा विश्व उस घिनौनी खबर से हिल गया था जबकि सैकड़ों की भीड़ ने वर्ग विशेष की लड़कियों से नग्न परेड कराई और उनके साथ सामूहिक बलात्कार किये गये। ऐसे अनेक घटनायें मणिपुर में घटीं। उत्तरांचल,मणिपुर राजस्थान,मध्य प्रदेश कहाँ नहीं हो रहा है बलात्कार ? परन्तु क्या मीडिया तो क्या सरकारी तंत्र व विशेष विचारधारा के लोग इन सबको केवल गैर भाजपा शासित राज्यों में ही ऐसे अपराध नजर आते हैं ? यदि बलात्कारियों व हत्यारों को दलगत अथवा धर्म व जाति के चश्मे से देखा जाने लगा यानी नारी शोषण में भी पक्षपात किया जाने लगा फिर हमारे देश के लिये इससे निंदनीय व शर्मनाक और क्या हो सकता है ?

# प्रदूषण : साफ-सुथरी न हो सकी यमुना



अखिलेश आर्यन्दु

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक यमुना के पानी में रसायनों की मिलावट की वजह से नदी का पानी नहाने लायक भी नहीं रहा। यह तब है जब दिल्ली सरकार के जरिए यमुना नदी के दिल्ली के हिस्से की सफाई के लिए 2017-21 के मध्य 6,856.91 करोड़ की राशि खर्च की गई।

पिछले तीन सालों में यमुना की सफाई के लिए अलग से 1028 करोड़ रुपये और मंजूर हुए लेकिन यमुना के प्रदूषण में न कमी आई और न इसके पानी की गुणवत्ता में वृद्धि ही हुई। मई, 2024 में दिल्ली सरकार ने वादा किया कि 2025 तक यमुना को पूरी तरह साफ-सुथरा मना दिया जाएगा। हालांकि पर्यावरण विशेषज्ञ मानते हैं कि जिस तरह से यमुना को साफ करने पर काम चल रहा है, उससे नहीं लगता कि फरवरी, 2025 तक दिल्ली क्षेत्र की यमुना की गंदगी को पूरी तरह साफ किया जा सकेगा। कारण है दिल्ली के तमाम सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) काम नहीं कर रहे। ऐसे में फरवरी, 2025 तक यमुना का पानी नहाने लायक बनाने का वादा पूरा हो पाएगा। गौरतलब है नहाने लायह पानी में जरूरी है बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीडीओ) तीन मिग्रा. प्रति लीटर से ज्यादा होनी चाहिए। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि राजधानी में 35 चालू एसटीपी में से केवल 10 ही अपशिष्ट जल के लिए निर्धारित मानकों (बीडीओ और कुल निलंबित ठोस 10 मिग्रा. प्रति लीटर) को पूरा करते हैं, जिनकी क्षमता रोजाना की 150 मिलियन गैलन अपशिष्ट जल उपचारित करने भर की है। दिल्ली की यमुना का इतिहास गौर करने और प्रेरणा लेने के काबिल है। यमुना का इतिहास बताता है कि आजादी के पहले दिल्ली में यमुना का पानी हर तरह से उपयोगी और हर तरह से इस्तेमाल करने के काबिल था। इसके संरक्षण को लेकर सदियों से समाज में संवेदना रही है। सदियों से यमुना मां की तरह लोगों के लिए सम्मान की पात्र थी। यही वजह है यमुना के जल में गंदगी नहीं डाली जाती थी। इसका बहाव गंगा की तरह हमेशा तेज रहा। एक सर्वेक्षण के अनुसार यमुना का वार्षिक जल बहाव 130 मिलियन क्यूबिक मीटर से 100 बिलियन क्यूबिक मीटर तक है। जहां तक यमुना में वर्षा का बहाव का सवाल है तो वह 130 से 1600 मिमी. तक है। लेकिन दिल्ली में इस वर्षा और उसके बहाव का कोई मायने नहीं रह गया है, क्योंकि हमने इससे अपना पुराना रिश्ता बिगाड़ लिया है। दिल्ली में यमुना में एक-दो तरह के जहरीले रसायन नहीं, बल्कि पोटेशियम, नाइट्रोजन, फास्फोरस, बायोमाइड्स जैसे कृषि रसायनों के कारण पिछले 35 वर्षों में चार गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। अरावली से छोटी-छोटी अठारह नदियां पूरी दिल्ली को काटते हुए यमुना में आकर मिलती थीं। इसलिए दिल्ली का इतिहास कई बार बदला। कहने का मतलब जो नदी इतिहास बदलने की कूवत रखती थी, आज इतिहास खुद बनती जा रही है। यमुना दिल्ली की जीवन रेखा मानी जाती थी जिसका पानी राजस्थान के करौली, अलवर और जयपुर से आता था, वह उन अनेक छोटी-छोटी नदियों का पानी था जो गांव वाले बड़ी श्रद्धा के साथ यमुना में बहने देते थे। वह श्रद्धा पिछले 40 वर्षों में क्यों और कैसे खत्म हो गई, यह भी एक समझने-विचारने का बड़ा सवाल है। आजादी के बाद पूरे देश में नदियों के प्रति लोगों का लगाव और रिश्ता धीरे-धीरे कम होता गया। विकास का असर ऐसा हुआ कि नदियां प्रदूषित होती चली गइ्र। इसके पानी का इस्तेमाल करने पर जानवर या पक्षी बीमार पड़.जाते हैं। यमुना में कोई जलचर नहीं रह गया है। कुछ दिखता है तो जलकुंभी और गंदे कपड़े, कबाड़, पॉलीथीन, सड़े हुए जानवरों और पक्षियों के शव। दिल्ली यमुना के किनारे अन्न, फल या सब्जी पहले जैसे तो नहीं उगाई जा रही है, लेकिन जो भी उगती हैं, वे बीमारियों को बढ़ाने वाली साबित हो रहा है।

समझा जा सकता है कि दिल्ली की यमुना अन्य स्थानों की यमुना से कितनी अधिक प्रदूषित हो गई है। कानपुर, प्रयागराज, आगरा और अन्य स्थानों पर जहां यमुना में शहर के नाले और औद्योगिक कचरा गिराया जाता है वहां की गुणवत्ता का मानक नीचे आ गया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों को यमुना में सीधे औद्योगिक कचरा मिलाए जाने पर पाबंदी लगाई हुई है। केंद्रीय जल आयोग, दिल्ली जल बोर्ड, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, घाटी प्रदेशों की सरकारें, पर्यावरण विभाग, भूमि एवं भवन विभाग, सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग, नगर विकास विभाग, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नगर विकास एवं जल संसाधन मंत्रालय, केंद्रीय भूजल बोर्ड, ऊपरी यमुना नदी बोर्ड और दिल्ली विकास प्राधिकरण आदि ने यमुना को स्वच्छ करने के लिए बहुत प्रयास किए, लेकिन आम जन का सहयोग न मिलने से इसे एक साफ-सुथरी नदी का रूप नहीं दिया जा सका है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**सरिया(गिरिडीह) :** सोमवार की दोपहर लगभग 12:00 बजे के सरिया थाना क्षेत्र के घुठिया पेसरा पथ में सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई। घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि मृत युवक बाइक से चलकुशा की ओर जा रहा था। इसी बीच किसी अज्ञात वाहन के द्वारा संभवत: जोरदार टक्कर हुई और मौके पर ही युवक की मौत हो गई। काफी देर तक मृतक युवक की पहचान नहीं हो सका। बाद में युवक की पहचान 25 वर्षीय बगोदर थाना क्षेत्र के बिंद गांव निवासी अहमद अंसारी के रूप में की गई। घटना की सूचना पर परिजन शव को देखकर परिजन दहाड़ मार मार कर रोने लगे। इधर सरिया पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर बगोदर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। घटना की पुष्टि सरिया थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने की।

### भाकपा ने घेरा समाहरणालय, डीसी को सौंपा 12 सूत्री मांग पत्र

**पलामू :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद ने किसान मांग दिवस के अवसर पर सोमवार को पलामू उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन एवं घेराव किया। नेतृत्व भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने किया। प्रदर्शन से पहले रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय से जुलूस निकाल कर उपायुक्त कार्यालय के गेट को जाम किया गया। प्रदर्शन में हर जोर जुल्म के टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है, भ्रष्ट पदाधिकारी होश में आओ आदि नारे लगाए गए। सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव ने कहा कि आज पलामू सहित पूरे देश के नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। सरकारी सेक्टरों को कौड़ी के दामों में प्राइवेट कंपनियों को बेचा जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री प्रतिवर्ष दो करोड़ एवं राज्य सरकार पांच लाख रोजगार देने की बात कही, लेकिन रोजगार देने के नाम पर दोनों सरकारों ने नौजवानों को झुनझुना थमाया। प्रधानमंत्री अबुआ आवास योजना का लाभ गरीबों को नहीं मिल रहा है। किसाने को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। निगमवासियों को गंदा पानी पिलाया जा रहा है। किसानों को पैक्स के माध्यम से मिलने वाले खाद की कालाबाजारी की जा रही है। राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता कृष्ण मुरारी दुबे, केडी सिंह, अभय कुमार भूइंया, उमेश सिंह चेरो आदि ने भी संबोधित किया।

### चतरा के झरी तालाब में डूबने से एक की मौत



**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड के जोरी थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत बंडा ताड़ गांव के झरी तालाब में डूबने से एक युवक की सोमवार को मौत हो गई। युवक की शिनाख्त पहाड़पुरा गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार यादव के रूप में की गई है। समाजसेवी कमलेश यादव ने घटना की सूचना पुलिस और जिला प्रशासन को दी है। ग्रामीण अपने स्तर से उसकी खोजबीन कर रहे थे। युवक गाय चराने गया था। घटना कैसे घटी इसकी जानकारी नहीं मिल रही है। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने तालाब से शव का बाहर निकाला। मुखिया मनोज पासवान ने बताया कि यह हत्या है या आत्महत्या जांच के बाद ही पता चलेगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।

# राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ शुभारंभ, डीसी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने सोमवार को पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से समाहरणालय परिसर से रवाना किए गए पोषण जागरूकता रथ से लोगों को कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए जागरूक किया जाएगा। मौके पर उपायुक्त रंजन ने कुपोषण मुक्त जिला के निर्माण हेतु आम जनों से सहयोग की अपील की। उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर काम करने की बात कही ताकि इस अभियान को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि पोषण माह के तहत पोषण रथ 30 दिनों तक जिले के विभिन्न प्रखंड, पंचायत व गांवों में जाकर आम जनों को जागरूक करेगा। इसके माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में होने वाले गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस रथ के माध्यम से लोगों को कुपोषण के प्रति, बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल, स्वस्थ गर्भावस्था के लिए आहार संबंधित आवश्यक संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पोषण का हमारे बच्चों और महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य और विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी से बच्चों और महिलाओं के अच्छे पोषण को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया है। समाज कल्याण पदाधिकारी नीताचौहान ने कहा कि एनीमिया से रोकथाम के लिए बच्चों के आयरनयुक्त पौष्टिक आहार, स्वच्छता आदि जरूरी है। सही पोषण से ही देश रौशन होगा। उन्होंने कहा कि इस माह विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सभी कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जाएगा एवं उन्हें उपचार हेतु एमटीसी सेंटर रेफर किया जाएगा। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं के खून की जांच भी की जाएगी एवं रक्तहीनता से पीड़ित महिलाओं को इलाज हेतु स्वास्थ्य विभाग रेफर किया जायेगा। मौके पर उपायुक्त शशि रंजन के अलावा डीएफओ, समाज कल्याण पदाधिकारी नीताचौहान सहित अन्य उपस्थित थे।




## मेदिनीनगर लोक जनशक्ति पार्टी का हुआ विस्तार




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) मेदिनीनगर इकाई का विस्तार स्थानीय त्रिपाठी इंटरनेशनल में भव्य समारोह आयोजित कर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन नगर अध्यक्ष शशांक सुमन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर कमिटी विस्तारित करते हुए 35 वार्ड के वार्ड अध्यक्ष और नगर कमिटी में 10 लोगों को मुख्य रूप से जिम्मेवारी सौंपी गयी। मौके पर नगर अध्यक्ष ने कहा की राष्ट्रिय अध्यक्ष चिराग पासवान एवम् प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र प्रधान के कुशल नेतृत्व में झारखंड में भी इस बार लोजपा अपना परचम लहराने वाली है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष लाला पासवान उपाध्यक्ष पंकज जयस्वाल, धोनी मिश्रा, महासचिव राकेश जयस्वाल अजय प्रसाद अभिषेक जयस्वाल अनिकेत कुमार सचिव के रूप में अवि सिन्हाप्रेमचंद ठाकुर मुकेश कुमार अंकुश पासवान राजू खान को जिम्मेवारी सौंपी गयी। इस अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश पासवान पूर्व जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह वरिष्ठ नेता अमरनाथ जयस्वाल पलामू जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह पंकज तिवारी दिलीप पासवान विवेक कुमार सिंह आदि मौजूद थे। संगठन पर विश्वास जताते हुए भारी संख्या में युवाओं ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का दामन थामा।

## प्रधानमंत्री को सबका साथ मिला परंतु दो गुजराती देश को बेच रहे हैं, दो खरीद रहे : डॉ आरसी मेहता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने कटकमसांडी क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान ढोठवा में आयोजित एक कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए। डॉ मेहता ने कहा की हजारीबाग जिले के सर्वांगीण विकास हेतु नौजवानों को रोजगार देना है सबका साथ तो प्रधानमंत्री मोदी साहब को मिला परंतु आज देश को गुजराती दो गुजराती देश को बेच रहे हैं दो खरीद रहे हैं आज देश के सैकड़ो सरकारी उपक्रम जैसे रेल, बैंक, सीसीएल, बीसीसीएल, बीएसएनल, यूनिवर्सिटी, हवाई जहाज इत्यादि सैकड़ो सरकारी संस्थान को देश के धनाढ्य व्यापारिया सरकार से ठेके पर ले रहे हैं। इस कारण सरकारी नौकरियों कमी हो गया। नौजवान बेरोजगार हुवे है नौजवान बेरोजगारी के कारण पकोड़े तलने पर मजबूर हो रहे हैं कुछ तो रहती कार्यों में जुड़ गए हैं देश में नौकरी के लिए जाकर मची हुई है। झारखंड सरकार जबकि अनेकों नौकरियां दे रहा है सरकार ने गरीबों को बहनों को मैया योजना के तहत 1000 प्रत्येक महीना दे रही है जो झारखंड वासियों के लिए बड़ी तोहफा है इसलिए झारखंड में इंडिया गठबंधन का वोट प्रतिशत बड़ा और पुनः सरकार झारखंड में इंडिया गठबंधन का बनेगा। हजारीबाग का बेटा हूं हजारीबाग का कल्याण हेतु आजीवन संघर्ष करता रहूंगा। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संजय रविदास, राजू मेहता, मनोज मोदी, मौलाना मुख्तार, झामुमो के राजा खान, महादेव महतो, राजू मेहता, मुखिया जयप्रकाश केसरी, रिंकू खान, अरविंद यादव, दिनेश्वर यादव, रिंकू खान, संजय लिंडा, कामेश्वर सिंह, अजीत कुमार, रघु प्रसाद, राजेंद्र यादव, जियाउद्दीन अंसारी, रामदेव कुमार, छोटू यादव- इत्यादि सैकड़ो लोग कार्यक्रम में भाग लिए।

## भाजपा को दिख रही पलामू में बड़ी हार : राजेंद्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के पलामू दौरे और उनके बयान के बाद झामुमो ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। झामुमोपलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा ये लोग बांटने तोड़ने की राजनीति करते हैं, अमर बाउरी जी का बयान सरकार को बदनाम करने के लिए दिया गया है। झारखंड का हितैषी कौन है, जनता सब जानती और समझती है, अब ये लोग किसी तरह से समाज में जहर घोलना चाहते हैं। सिन्हा ने इस घटना को भाजपा पर राजनीतिक मोड़ देने का नाम देते हुए कहा पलामू में भाजपा को हार दिख रही है, इसी वजह ये लोग पलामू में आ कर यहां के लोगों को भड़काने में लगे हैं। पलामू के होनहार युवक की मौत ने हम सबों को झकझोर कर रख दिया है। परंतु भाजपा को किसी नौजवान की मृत्यु में भी राजनीति नजर आ रही है। परिवार और पार्टी तोड़ते तोड़ते इनकी संवेदना मर चुकी है। झामुमोझारखंड के नौजवानों, गरीबों दलितों के साथ है, इनका दुख हमारा दुख है। भाजपा 2 करोड़ नौकरी देने के नाम पर सत्ता में आई थी, आज नौजवान जानना चाहते हैं की कहां है 22 करोड़ नौकरी। मईया सम्मान योजना से डरी हुई भाजपा आज समाज को बांटने और तोड़ने में लगी है। बहाली के लिए दौड़ का नियम काफी पुराना है, पलामू के नौजवान की मृत्यु बहुत ही दुखद है, माननीय हेमंत सोरेन जी काफी संवेदनशील हैं और इसकी एक उच्च स्तरीय जांच हो रही है। नेता प्रतिपक्ष और भाजपा की गंदी राजनीति पलामू में नहीं चलने वाली है। इस मौके पर सचिव सन्नूसिद्धिकी, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, वरिष्ठ नेता विनय सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक मौजूद थे।

## उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक जवान की हुई मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक जवान की मौत हो गई है। वहीं एक अभ्यर्थी की मौत रांची के मेदांता में हो गई है। मृतक जवान अजीत कुजूरलातेहार जिला बल में तैनात थे और गुमला के रहने वाले थे। अजीत कुजूर पलामू के चियांकी भर्ती केंद्र में तैनात थे। रविवार को दौड़ के दौरान उन्होंने ड्यूटी भी की थी। सोमवार को अजीत कुजूरड्यूटी पर नहीं पहुंचे थे। वह सीआरपीएफ 112 बटालियन के कैंपस में रहा करते थे। ड्यूटी पर नहीं पहुंचने पर जांच की गई तो पता चला कि उनकी तबीयत खराब हो रही है और लूजमोशन हुआ है। बाद में पुलिस ने सीआरपीएफ के जवानों के माध्यम से वेरीफाई करवाया तो पता चला कि अजीत कुजूर की मौत हो गई है। मृतक जवान अजीत कुजूर के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में लाया गया है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि अजीत कुजूर की तबीयत खराब थी, वे बीपी की दवा ले रहे थे। उनकी मौत हुई है। मामले में आगे की छानबीन की जा रही है। वहीं बहाली में भाग लेने वाले एक अभ्यर्थी की मौत रांची के एक बड़े निजी अस्पताल में हुई है। 28 अगस्त को अभ्यर्थी दीपक पासवान मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती हुआ था। निजी अस्पताल से इलाज के लिए उसे रांची के एक बड़े अस्पताल में रेफर किया गया था। रांची में निजी अस्पताल में दीपक पासवान की मौत हो गई है। दीपक पलामू के पांडु के रहने वाले थे। जैप 4 के कमांडेंट सह बहाली बोर्ड के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि चार राउंड लगाने के बाद दीपक पासवान बाहर चले गए थे। मौत की जानकारी मिली है वेरीफाई किया जा रहा है।

# फाइनेंस कंपनी के कर्मी को लूटने वाले पलामू के अपराधी समेत दो गिरफ्तार, दो देसी कट्टा बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू से सटे गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत उदयपुर-चेटे रोड में खरिहानी पुल के पास एक माइक्रो फाइनेंस कर्मी से लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। एक लुटेरा पलामू जिले का निवासी है। वहीं तीसरे अपराधी की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। उनके पास से दो देसी कट्टा बरामद किया गया है। एक सप्ताह पहले उपरोक्त कांड को अंजाम दिया गया था। गिरफ्तार अपराधियों में पलामू के नावाबाजार थाना के कुंभी खुर्द निवासी सुनील चौधरी व बिहार के गया जिले के बाराचट्टी थाना के लहूअरी निवासी बबलू चौधरी शामिल है। पुलिस ने इनके पास से लूट की घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की हीरो एक्स्ट्रीम बाइक, दो देशी कट्टा, आठ जिंदा गोली, लूटा गया बैग व 7490 रुपये नगद बरामद किया है। गढ़वा पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि घटना के बाद इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर एसआईटी का गठन किया गया। रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने एक सप्ताह में ही इस मामले का उद्भेदन कर दिया। गढ़वा एसपी ने बताया कि लूटकांड का मुख्य आरोपी सुनील चौधरी आर्म्स एक्ट का आरोपी है। पलामू जिले के नावाबाजार थाने में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। इसी तरह दूसरा आरोपी बबलू चौधरी पर बिहार के शेरघाटी थाना में भी मामला दर्ज है।




## संक्षिप्त खबरें

### अंबिका चैरिटेबल फाउंडेशन के बैनर तले पौधरोपण तथा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम संपन्न



**सरिया(गिरिडीह) :** सरिया प्रखंड के कोयरीडीह उच्च विद्यालय के प्रांगण में अम्बिका चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा रविन्द्र रंजन के जन्मदिन के अवसर पर पंचवटी पहल कार्यक्रम के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित अतिथियों रामशंकर ठाकुर, जगदीश महतो, रघुनन्दन प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रामदेव ठाकुर, जय प्रकाश वर्मा, श्यालाल साव, पंसस अनिल शर्मा, उप मुखिया संदीप साव, दामोदर महतो के द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। एक सौ बच्चे प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिए जिसमें तीन बच्चे प्रथम, दो द्वितीय और 4 बच्चे तृतीय स्थान प्राप्त किया क्रमश: स्थान प्राप्त किया और उन सभी बच्चों को पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों, शिक्षिकों और स्कूली छात्रो -छात्राओं के द्वारा पीपल, नीम, आंवला, आम, जामुन, नारियल इत्यादि पौधे लगाया गया और इसमें बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी रामशंकर ठाकुर उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों ने कहा की वर्तमान में जन्मदिन पर केक और डीजे का प्रचलन काफी तेजी से चल रहा है। वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम और जागरूकता कार्यक्रम से जन्मदिन की शुरूआत कराने की अनूठी परम्परा की सभी ने प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने रविन्द्र रंजन, गुरुगोविन्द, राहुल वर्मा, बालेश्वर मिस्त्री, इत्यादि का सराहनीय सहयोग रहा।

### झुंड से बिछुड़े हाथी ने सरिया में मचाया तांडव कई लोगों के बाउंड्रीवॉल तोड़े, फसल को रौंदा



**सरिया(गिरिडीह) :** सरिया नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 चंद्रमारणी में रविवार की रात झुंड से बिछुड़ा इकलौता हाथी पहुंचा। इस दौरान कई किसानों के चारदीवारी को तोड़कर खेत में लगे खरीफ फसलों को नुकसान पहुंचाया। इस दौरान हाथी गांव की गलियों में भी घुसा तथा लोगों के बगीचे में लगे फसलों को नष्ट किया। जिन किसानों को हाथी ने क्षति पहुंचाया उसमें चंद्रमारणी के शिवनारायण पांडेय, गुलाब मंडल तथा डालेश्वर प्रसाद के चहारदिवारी को कई जगह तोड़ दिया। खेत में लगे मकई, भिंडी के फसल को चट कर गया। केले के कई पौधों को भी नष्ट किया। इसके बाद उक्त हाथी पहाड़ी टोला पहुंचा। जहां मौर्य क्लब के चहारदीवारी व गेट को तोड़ दिया। वही विजय प्रसाद, झारखंडी महतो केवी चहारदिवारी को हाथी ने तोड़ दिया माइकल के खेत को रौंद डाला। हाथी आने की जानकारी किसानों को सोमवार की सुबह हुई। जब वे अपने खेत पहुंचे। हाथी वर्तमान में कहां पर है यह किसी को जानकारी नहीं है। जिससे स्थानीय लोग काफी डरे-सहमे हुए हैं। वन क्षेत्र पदाधिकारी सुरेश राम ने कहा कि सरिया क्षेत्र के जंगलों में झुंड से बिछुड़ा हाथी बीते तीन-चार दिनों से भटक रहा है। कहा कि झुंड से बिछुड़ा हाथी ज्यादा आक्रामक होता है। यदि स्थानीय लोगों को हाथी आने की जानकारी मिलती है तो वन विभाग को फौरन सूचित करें,उन्हें छेड़छाड़ नहीं करें।

### कुंदन बनना है तो तपना पड़ेगा परिश्रम की आग में : शशि रंजन



**पलामू :** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में पलामू डीसी शशि रंजन, डीएफओ सत्यम कुमार एवं डीडीसी शब्बीर अहमद ने सोमवार को कस्तूरबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्जवलित एवं फीता काट कर सपनों की उड़ान कार्यक्रम का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। स्वागत भाषण डीईओ दुगार्नंद झा एवं धन्यवाद ज्ञापन डीएसई संदीप कुमार ने किया, जबकि संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। इस कार्यक्रम के तहत जिला के सभी प्रखंडों के कस्तूरबा से चयनित ग्यारहवीं कक्षा की 75 छात्राओं को इंजीनियरिंग प्रतियोगिता की नि:शुल्क तैयारी करायी जायेगी। मौके पर प्रफुल्लित छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए सपनों की उड़ान कार्यक्रम के जनक उपायुक्त पलामू ने कहा कि आप लोग अनुशासन के साथ कठिन परिश्रम के लिए तैयार हो जाइए। याद रहे कि कुंदन बनने के लिए परिश्रम की आग में तपना पड़ता है। छुट्टियों की लिस्ट छोटी करनी होगी। सफलता के लिए सही दिशा में मशाल लेकर चलना पड़ेगा तभी आप सब आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बन सकेंगी। उन्होंने खूंटी की सफलता को साझा करते हुए कहा कि ह्यसपनों की उड़ान उनके लिए एक सशक्त प्लेटफार्म है। बिना चूके इसका लाभ उठाने में ही समझदारी है। उन्होंने कहा कि जब आपको लगे कि यह आपसे नहीं होगा, तब समझ लीजिए उसे करने के लिए आप ही उपयुक्त व्यक्ति हैं। कोचिंग की जिम्मेवारी कैरियर प्वाइंट के प्रोजेक्ट डायरेक्टर एसडी मिश्रा को सौंपी गयी है। कस्तूरबा की वार्डन अर्चिता सिंह, शिक्षिका वर्षा कुमारी, रूबी कुमारी, नीलिमा देव, रीति बाला, संधि सुधा, रागिनी रंजन शर्मा, बबिता कुमारी व कल्पना कुमारी समारोह की सफलता के लिए सतत सक्रिय रहीं।

### बड़कागांव को चारागाह मत समझें कंपनियां : भुवनेश्वर मेहता

**हजारीबाग :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद के आह्वान पर सोमवार को हजारीबाग की जन समस्याओं के निवारण के लिए धरना-प्रदर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम से उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। हजारीबाग मंजूर भवन पार्टी कार्यालय से सैकड़ों किसानों महिलाओं पुरुषों ने जुलूस निकालकर उपायुक्त हजारीबाग की कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि बड़कागांव में दर्जनों कॉल कंपनियां आकर लूटने की प्रयास कर रही हैं। अदानी कोल ब्लॉक रद्द करने को लेकर 501 दिनों से गोंदल पुरा में आंदोलन चलाया जा रहा है। वहां के किसान धरना पर बैठे हुए हैं। सरकार को इसी से स्पष्ट होता है कि किसानों के साथ खड़ी है कि कारपोरेट घराने के साथ। भुवनेश्वर मेहता ने कॉल ब्लॉक को रद्द करने की मांग की। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी किसी भी परिस्थिति में बड़कागांव को कारपोरेट घराने का चारागाह नहीं बनने देंगे।

# राज्यपाल सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों से किया संवाद, परिसम्पतियों का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सुदुरवर्ती गांव रूगड़ी में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सोमवार को पहुंचे । राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। जिला पुलिस वल द्वारा राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उपायुक्त, विधायक सविता महतो, पुलिस अधीक्षक एवं पदाधिकारियों के द्वारा छौ मुखौटा ,स्मृति चिन्ह, बुके ,केप व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। राज्यपाल के कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। राज्यपाल द्वारा गांवों में जाकर जन संवाद स्थापित करना एक बड़ी पहल के रूप में देखते हुए ग्रामीणों में एक खास उत्साह देखा गया।वहीं राज्यपाल ने





ग्रामीणों से पीएम किसान योजना,पीएम आवास योजना, दीदी सखी बाड़ी योजना, प्रधानमंत्री उज्वला गैस योजना आदि के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी लिया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने महिला समितियों के बीच 1 करोड़ 60 लाख का डेमो चेक सी आई एफ योजना के तहत 21 लाख ,वन पट्टा, प्रधानमंत्री जन मन योजना का स्वीकृति पत्र , केसीसी,बीज व पीएम किसान योजना का चाभी आदि परिसम्पतियों का वितरण किया। पहली बार ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के किसी सुदुर वर्ती गांव में राज्यपाल पहुंचने से लोगों में खुशी देखते ही बन रहा था। राज्यपाल ने लोगों से सरकार की कल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है कि नही इसका भी जानकारी लिए । राज्यपाल के हाथों परिसम्पतियों का वितरण भी किया गया। राज्यपाल 10-45 बजे अपने निर्धारित समय पर पहुंचे और 11-10 बजे जमशेदपुर के लिए प्रस्थान किए । राज्यपाल के आगमन पर चप्पे चप्पे पर पुलिस वल तैनात किया गया था। जिला के डीसी रविशंकर शुक्ल,एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने खुद मोर्चा संभाले हुए थे। बासाहातु गांव के राहुल मुंडा ने राज्यपाल से गांव का सड़क निर्माण में पहल का मांग रखा । वहीं राज्यपाल ने पत्रकारों को बताया कि वे जनताओं से संवाद करने आए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्याओं को रखते हैं तो उस पर सक्षम पदाधिकारी को निर्देश दिया जाएगा। मौके पर विधायक सविता महतो,उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, एल आरडीसी, एसडीएम, चांडिल अनुमंडल के चारों बीडीओ,सीओ, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### खराब चापानल की वजह से ग्रामीण परेशान

**साहिबगंज:** बरहरवा प्रखंड अंतर्गत कोटालपोखर स्थित धोबी टोला में चापानल के खराब होने की वजह से आसपास के ग्रामीण को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खराब चापानल एवं पानी का निकास न होने की वजह से गंदगी जैसे समस्या से ग्रामीण को आए दिन दिक्कत होती रहती है एक तरफ बढ़ती गर्मी की वजह से पानी का अभाव होना चिंता का विषय बना हुआ है। ग्रामीण द्वारा बहुत प्रयास करने के बाद भी पानी से संबंधित समस्या का कोई विकल्प नहीं हो पा रहा है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। धोबी टोला स्थित चापानल से पूरे गांव सहित आसपास के लोगों को पानी मिलता रहा है,लेकिन अचानक से बार-बार चापानल का खराब हो जाना बहुत ही दुख का बात है। ग्रामीणों द्वारा कई बार चापानल को ठीक कराया जा चुका है, लेकिन लंबे समय से चापानल स्थिति खराब होने से ग्रामीणों में निराशा देखने को मिल रहा है। लोग इस चापानल पर निर्भर होकर अपना जीवन व्यवस्थित कर रहे थे। उनके लिए बहुत बड़ी समस्या है ग्रामीणों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द परिस्थिति पर काबू पा कर समस्या से निजात हासिल किया जा सके।

### प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने किया जन संवाद



**बरहरवा :** झारखंड प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने पाकुड़ विधान सभा क्षेत्र के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत हस्तीपाड़ा पंचायत के हस्तीपाड़ा एवं जुहीबोना ग्राम में चलाया जन संवाद अभियान। तनवीर आलम ने ग्रामीणों को संबोधित किया और तनवीर आलम ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड मे महागठबंधन की सरकार में कई दुरगामी फैसले लिए गए जो मील का पत्थर साबित हो रहा है और कई राज्यों में उदाहरण के तौर पर इसे पेश किया जा रहा है। जैसे कि मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना जिसका पैसा खटा खटा आपके बैंक खाता मे आ चुका है। 200 यूनिट फ्री बिजली जिसका लाभ आपको मिलने लगा है। जब सैंट्रल की सरकार ने आवास योजना बंद कर दिया तब महागठबंधन की सरकार ने अबूवा आवास को आपके लिए आरंभ किया। जिसका लाभ आप सभी को मिल रहा है। ऐसे ही कई क्रांतिकारी योजना लागू कर इसका क्रियान्वयन कर रही है।
**उन्होंने आगे बताया कि पाकुड़** विधानसभा क्षेत्र में पिछले 20-25 वर्ष के दरमियान उन्होंने बताया पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने जिस तरह से हर वर्ग के लिए विकास का कार्य किया है, वह किसी से छिपा नहीं है।

### विस्थापित अधिकार मंच ने किया प्रदर्शन

**सरायकेला :** अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के बैनर तले सोमवार को सुवर्णरेखा परियोजना अंचल एवं प्रमंडल कार्यालय चांडिल में चांडिल डैम के विस्थापितों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में मंच के अध्यक्ष राकेश रंजन महतो ने बताया कि अपर निदेशक भू-अर्जन एवं पुनर्वास आदित्यपुर जमशेदपुर को गलत डाटा भेजा गया है। इस गलत डाटा के विरोध में विस्थापितों ने विरोध-प्रदर्शन किया। राकेश रंजन ने कहा कि आरएल 183 मीटर तक प्रभावित चांडिल डैम विस्थापित क्षेत्र के विस्थापितों को पुनर्वास से संबंधित अपने दावे, आपत्ति एवं आवेदन के लिए 31 दिसंबर 2023 तक अंतिम तिथि घोषणा की थी। इस सूचना के आलोक में उक्त तिथि तक लगभग 3000 आवेदन जमा किए थे। उन आवेदनों पर अभी तक किसी प्रकार का कार्य नहीं किया जा रहा है। वहीं विभाग के अनुसार विकास पुस्तिका बनने के लिए कुल 600 एवं पुनर्वास अनुदान से संबंधित कुल 200 आवेदन प्राप्त हुआ है।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल थाना क्षेत्र के कमलेन बगीचा निवासी महिला दशमी देवी उम्र 45 वर्ष पति संजय मंडल के घर के पास उसका एवं उसके पड़ोसी का पटवा रखा हुआ था जहां गलती से महिला ने पड़ोसी का पटवा छुड़ा लिया जिसके कारण पड़ोसी व उसके परिवार के अन्य सदस्य गाली गलौज करने लगे। वही जब महिला ने पड़ोसी से कहा कि उसने गलती से उसका पटवा छुड़ा लिया है जिसे वो वापस कर रही है तो ज्योतिष पासवान व उसके घर के अन्य सदस्यों ने एकजुट होकर उसके साथ मारपीट करने लगे। जहां इस मारपीट मामले में पड़ोसी ज्योतिष पासवान, उसकी पत्नी चमेली देवी, बेटा भोला पासवान, बहु रुपाली और प्रीति कुमारी ने मिलकर महिला के साथ मारपीट किया है। वही पीड़िता महिला दशमी देवी अपनी बेटी के साथ घर में अकेली रहती है जहां उसके पति और बेटा केरल में रहकर मजदूरी करता है। उधर इस मारपीट की घटना में गंभीर रूप घायल हुई महिला को समाज के अन्य लोगों ने उठाकर साहिबगंज सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार के निगरानी में दशमी देवी का इलाज किया गया। उधर मारपीट मामले की जानकारी चिकित्सक ने जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस को दे दी है।

## सरायकेला की शाहीन कॉलोनी में फंदे पर लटकते मिले पति-पत्नी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** जिले के कपाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या दो के मिल्लत नगर शाहीन कॉलोनी में पति-पत्नी का फंदे से लटकता शव मिला। मृतकों की पहचान गैरेज मिस्त्री हुसैन (25) और उसकी पत्नी दिलकश (18) के रूप में की गई है। कपाली ओपी पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत महिला के शरीर व गर्दन पर तेज धारदार हथियार के निशान पाए गए हैं जबकि उसका पति मृत पाया गया। उसके शरीर पर किसी प्रकार का निशान नहीं था। सिर्फ गर्दन में गमछे के फंदे का निशान पाया गया। आशंका जताई जा रही है कि विवाद के बाद पति ने संभवत धारदार हथियार से



मारकर पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद स्वंय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
बताया जाता है कि विगत सात माह पूर्व ही दोनों की शादी हुई थी। घटना के बाद मृत महिला के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर योजनाबद्ध तरीके से हत्या करने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंचे महिला के परिजनों ने जमकर बवाल किया। कपाली पुलिस ने हुसैन के परिवार वालों को सुरक्षित घर पर ही नजरबन्द रखा है। मृतक हुसैन के परिजनों ने बताया कि शादी के एक महीने बाद ही दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। उनके बीच लगातार विवाद चल रहा था। बीते रविवार की रात से ही दोनों पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो रहा था। इस बीच सोमवार की सुबह यह घटना घटित हुई। मामले को लेकर दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। घटना के बाद मृतक हुसैन के घर पहुंची फॉरेंसिक टीम सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की। साथ ही बेडरूम में रखे सामानों को जब्त कर लिया गया है।

## पीएम जन मन अभियान के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सिदो कान्हू सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में पीवीटीजी क्षेत्र में कार्यरत आंगनवाड़ी सेविकाओं को पीएम जनमन योजना के तहत सर्वेक्षण से संबंधित एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य 15 सितंबर तक सभी पीवीडीजी गांवों में सर्वेक्षण पूरा करने के लक्ष्य को प्राप्त करना है। प्रशिक्षण के दौरान, आंगनवाड़ी सेविकाओं को यह निर्देश दिया गया कि वे सर्वेक्षण के दौरान सभी जरूरतमंद परिवारों की पहचान सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। पीएम जनमन, जिसे प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के नाम से जाना जाता है, का उद्देश्य देश के पीवीटीजी को सशक्त बनाना और उनके जीवन स्तर को सुधारना है।उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना देश के जनजातीय समुदायों को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। इस अभियान के तहत उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो अब तक विकास योजनाओं से वंचित रहे हैं। इस अवसर पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर आईटीडीए, संजय कुमार दास, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद, समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, और नीति आयोग के फेलो मनीष कुमार भी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने आंगनवाड़ी सेविकाओं को सर्वेक्षण के महत्व और इसकी प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी, ताकि पीवीटीजी गांवों में सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंच सके।

## पंचायत में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा : बोड़ाम** प्रखंड के बोड़ाम पंचायत परिसर में आपकी योजना - आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शिविर लगाकर किया गया।शिविर के शुभारंभ में ग्राम प्रधान राधेश्याम सिंह सरदार द्वारा अंचलाधिकारी रंजीत रंजन को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।जिसमें राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने हेतु योजनावार और विभागवार अलग -अलग स्टॉल लगाया गया। शिविर में अंचल अधिकारी रंजीत कुमार रंजन, पंचायत समिति सदस्य परमेश्वर महतो, प्रभारी पंचायत सचिव वीरेंद्र कुमार पंडित, प्रखंड स्तर के नोडल पदाधिकारी नीलम कुमारी एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी/कर्मी गण उपस्थित थे।शिविर में अंचल अधिकारी द्वारा आम जनों को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई एवं शिविर में उपस्थित सभी ग्रामीणों से राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया गया।

## उत्पाद सिपाही दौड़ में शामिल बीमार पड़े युवाओं का हाल जानने विधायक पहुंचे सदर अस्पताल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** उत्पाद सिपाही की परीक्षा के दौड़ में हिस्सा लेने साहेबगंज जैप-9 में आये युवाओं का अस्वस्थ होने की सूचना मिलते ही साहेबगंज सदर अस्पताल में जाकर राजमहल विधायक अनन्त ओझा,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भगत उन से मिले। युवाओं व स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन सेंटरों में शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जा रही है वहां चिकित्सा सुविधा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। परीक्षार्थियों के लिए ना शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गयी हैं। राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने उत्पाद विभाग परीक्षा दौड़ में शामिल होने आए युवा जो कि अस्वस्थ होने के कारण सदर अस्पताल में भर्ती हैं उन



से मिले। उनके देखरेख में लगाये गए झारखंड पुलिस के जवान से उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ली। उपस्थित डॉ को निर्देशित किया कि किसी प्रकार की ईलाज में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए जिस से युवाओं को किसी प्रकार से कोई दिक्कत हो। उन्होंने ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी मिलकर उनका हालचाल जाना। उनकी समस्याओं को सुना।

**अस्पताल वार्ड में गंदगी देख भड़के विधायक**

राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने सदर अस्पताल वार्ड में गन्दी और प्रदूषण देख के भड़के। वार्ड इतना ज्यादा प्रदूषित था कि राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने उपस्थित डॉ को निर्देशित किया कि जल्द वार्ड की साफ सफाई करायी जाए। इसको लेकर राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने सीएस साहिबगंज से दूरभाष पर बात करके जल्द साफ-सफाई कराने के लिए कहा। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कहा अस्पताल में इतनी गन्दगी हैं कि पूरा अस्पताल वार्ड में गन्ध आ रहा हैं सांसे लेने में भी कठिनाई हो रही हैं। राजमहल विधायक ने कहा कि युवाओं को सही से देखभाल हो इसको लेकर किसी प्रकार की जरूरत होगी मैं अपने स्तर से भी करने के लिए तैयार हूँ ये हमारे जिले में आये हैं इनका स्वास्थ्य का चिंता करना ये हमलोगों का दायित्व बनता हैं राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कहा कि सदर अस्पताल में इस प्रकार से गंदगी देख के मन व्यथित हो गया हैं वार्ड में सांसे लेने में दिक्कत हो रही हैं किसी प्रकार से साफ सफाई नहीं हो रही हैं। हेमंत सरकार की जिद और अव्यवस्था राज्य के युवाओं के लिए जानलेवा साबित हो रही है कहा कि राज्य सरकार के गलत नीतियों के कारण और गलत समय के कारण जो मौत का दौड़ सरकार करवा रही हैं। उत्पाद विभाग पुलिस भर्ती परीक्षा दौड़ में शामिल होने आए बच्चे का हाल देखा बहुत मर्माहत करने वाली उनका हाल था।


## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीणों की पहल पर श्रमदान कर बनाया गया गांव का रास्ता



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के कुमीर पंचायत के कुमीर मुख्य मार्ग से कांटागोडा और तसरियागोड़ा तक जाने वाली एकमात्र रास्ता जो बारिश के कारण काफी दलदल हो गया था।ग्राम प्रधान सुभाष सिंह और दो ग्राम के ग्रामीणों के सहयोग से श्रमदान कर सड़क में स्लेग डालकर चलने लायक बनाया गया।ग्राम प्रधान सुभाष सिंह ने बताया कि मुख्य मार्ग से गांव तक जाने वाली लगभग एक किमी सड़क काफी बदहाल थी। सड़क को ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर बनाया गया।वही गांव के तपन सिंह ने बताया कि रात में मरीजों को अस्पताल तक ले जाने के लिए कोई भी वाहन गांव तक जाने से कीचड़ के कारण सीधा मना कर देते थे। जिससे रात में मरीजों को काफी समस्या होती थी। श्रमदान का नेतृत्व करने वालो में ग्राम प्रधान सुभाष सिंह, डॉ तपन सिंह,पुर्व मुखिया श्रावण सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### डिग्री कॉलेज में मेगा रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण



**पटमदा:** पटमदा प्रखंड के पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में संस्थापक प्राचार्य स्व प्रफुल्ल कुमार महतो पूर्व सूचना आयुक्त के 11 वी पुण्य तिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।जिसमे कुल 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।रक्तदान शिविर मे रक्तदाता सुमित प्रमाणिक, त्रिदेव मिश्रा, विकास कुंभकार और संतोष रूहीदास ने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि युवा रक्तदान के प्रति जागरूक होकर समाज के अन्य युवाओं को भी आगे बढ़कर रक्तदान करने की अपील की।शिविर का विधायक मंगल कालिंदी ने स्व प्रफुल्ल कुमार महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

### महिला एवं बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य : थाना प्रभारी



**बरहेट:** साहिबगंज एसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में बरहेट थाना समीप सोमवार को महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बच्चों को सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक कर्तव्य है। महिला सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की घटना या आशंका होने पर पुलिस को सूचना दे। इस दौरान कहा की असामाजिक तत्वों द्वारा घटना घटने की आशंका होती है तो सरकार महिला सुरक्षा को लेकर 112 टोल फ्री उपलब्ध कराया गया है, आप 112 नंबर डायल कर सूचना दे सकते है। सरकार आपको निशुल्क सुरक्षा प्रदान करेगी। वहीं महिला सुरक्षा को लेकर 10 सितंबर को पतना ब्लॉक समीप कैंप का आयोजन किया जा रहा है, महिलाओं को घरेलू अहिंसा, प्रताड़ित, अन्य मामले को लेकर निसंकोच आवेदन दे सकते हैं। इस दौरान थाना प्रभारी पवन कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी है,सुरक्षा प्रदान करना पहली प्राथमिकता है।

### झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा अपनी दो सूत्री मांगो को लेकर 18वें दिन भी हड़ताल पर



**साहिबगंज:** झारखण्ड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा अपनी दो सूत्री मांगो को लेकर संघ के जिला अध्यक्ष जय प्रकाश सागर के नेतृत्व में 18वा दिन भी हड़ताल में डटे रहे। जिला अध्यक्ष जय प्रकाश सागर ने बताया कि साहेबगंज शिक्षा विभाग के सभी लिपिक 16 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले गए है। साथ ही कार्यालयों एवं विद्यालयों के सभी लिपिकों के द्वारा साहिबगंज समाहरणालय,के समक्ष धरणा भी दिया जा रहा है।उन्होंने बताया कि सभी लिपिकों का नियुक्ति तिथि से न्यूनतम ग्रेड पे-2400 किया जाए। साथ ही सभी विभागों के लिपिकों का एक समान सेवा शर्त एवं प्रोन्नति नियमावली लागू किया जाए। मौके पर जिला अध्यक्ष जयप्रकाश सागर,उपाध्यक्ष मो सबीहउद्दीन कोषाध्यक्ष इम्तियाज अहमद, प्रशान्त सिंह,राजकुमार झा, विनय कुमार हांसदा,सुब्रत यादव, मधुकर आनंद सहित संघ के कई लोग मौजूद थे।

### ट्रेन से गिरने से एक व्यक्ति की मौत, झाड़ी से मिला शव

**तीनपहाड़:** बरहड़वा तीनपहाड़ रेलखंड पर धमधमिया रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर के पोल संख्या 186/8 के पास झाड़ी में गिरे एक अज्ञात व्यक्ति के शव को सोमवार को दिन में रेल पुलिस ने बरामद किया है। जहां झाड़ियों से मिले शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उधर रेल पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया किसी ट्रेन से गिरने से उक्त व्यक्ति की मौत हुई होगी जहां मृतक की उम्र करीब 38 से 40 साल के आसपास बताई जा रही है। उधर ग्रामीणों से सूचना मिलते ही धमधमिया स्टेशन प्रबंधक ने सुबह बरहड़वा जीआरपी और आरपीएफ को वहां शव होने की जानकारी दी। इसके बाद तीनपहाड़ थाना प्रभारी मो. शाहरुख ने जीआरपी और आरपीएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन की। जहां झाड़ियों में शव होने की सूचना पर मौके पर भारी संख्या में आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। उधर मामले को लेकर बरहरवा रेल थाना प्रभारी विमल तिग्गा ने बताया कि प्रथम दृष्टया किसी ट्रेन से गिरने से उक्त व्यक्ति की मृत्यु होने का अंदेशा जताया है। वैसे आसपास के ग्रामीणों ने हत्या के बाद शव को वहां लाकर फेंकने की आशंका जाहिर की है। खुलकर फेंका गया होता एवं शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी होते।

# प्रशांत किशोर ने आभार यात्रा पर किया पलटवार, बोले-एसी बस में बैठकर घूमते हैं

**बिहार।** में 65 प्रतिशत आरक्षण को लेकर सियासी हलचल जोर शोर पर है। इसी बीच आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव ने 10 सितंबर से आभार यात्रा पर जाने की घोषणा की है। इस पर प्रशांत किशोर ने कठोर शब्दों में तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी यादव में अगर दम हो तो किसी विधानसभा में पैदल चल कर दिखा दें। ये यात्रा पर क्या निकलेंगे। 25 गाड़ी आगे 25 गाड़ी पीछे। एसी बस में बैठकर खाने का दो चार फोटो जारी करेंगे। दो मुरेठा बांधेंगे, चार लोगों को गाली गलौज करेंगे, कहानी खत्म। फिर लोगों को भरमाएंगे कि हम सरकारी नौकरी दे देंगे। ये लोगों को कैसे मूर्ख बनाते है। कहता है 10 लाख लोगों को नौकरी दे देंगे। वहीं, नीतीश कुमार खड़े हुआ और बोले 20 लाख लोगों को नौकरी दे देंगे।




उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा आप लोग याद रखिए। बिहार में चपरासी से लेकर मुख्य सचिव तक 75 साल में जितने लोगों को सरकारी नौकरी मिली हुई है। टोटल संख्या 23 लाख है। मात्र 23 लाख ही लोग सरकारी नौकरी करते हैं। ये बेवकूफ बनाने वाले बोलते हैं कि एक ही साला में 10 लाख नौकरी देंगे। यानी 1.97 प्रतिशत लोग ही बिहार में सरकारी नौकरी करते हैं। बोलता है सब की सरकारी नौकरी देकर बिहार को सुधार देंगे। तो 98 प्रतिशत लोगों को तो नौकरी से लेना देना ही नहीं है। तो वैसे यात्रा को क्या कहिएगा। तेजस्वी यादव की क्या पहचान है। तेजस्वी यादव ने समाज के लिए कौन सा ऐसा पराक्रम किया है कि उस पर टिप्पणी करें। प्रशांत किशोर ने कहा कि तेजस्वी यादव की पहचान यही है कि वो लालू यादव के बेटे हैं। लालू यादव का दल है। आरजेडी और तेजस्वी उस पार्टी के नेता हैं।

आपका अपना दुकान है तो आपका लड़का दुकान का मालिक बन जाएगा। उसके लिए उसको परिश्रम करना नहीं है। तेजस्वी यादव आरजेडी के नेता है और नेता इसलिए हैं कि वो लालू यादव के लड़के हैं। इतनी ही उनकी पहचान है। इसके आगे की पहचान उनको खुद बनानी है, तो परिश्रम करना होगा। ऐसा कुछ करके दिखाना होगा लेकिन अभी तक ऐसा कुछ दिखा नहीं है। वहीं मुसलमानों को बिहार में 40 सीट देने के सवाल पर प्रशांत कुमार ने कहा कि मैंने यह बात किसी मुसलमानों के नजरिए से नहीं कहा था। यह जन सुराज का फॉमूर्ला है। जन सुराज केवल काबिल लोगों को चुनाव लड़ाएगा। हमारे लिए काबिलियत पैमाना है। चुनाव तो 243 आदमी लड़ेगा। लेकिन बिहार में लाखों काबिल लोग हैं। तो उसमें किस समाज के कितने काबिल लोगों को लिया जाए। उसके लिए यह फामूर्ला बनाया गया है। जिस समाज के लोगों की जितनी संख्या है, उसको उतनी भागेदारी है। उस समाज के उतने काबिल लोगों को भागीदारी मिल जाएगी। उस हिसाब से मुसलमानों की आबादी अगर 18 प्रतिशत है तो करीब करीब 40 सीट पर काबिल मुसलमान आदमी लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने RJD को लेकर दूसरी बात कही। हम वहां पर सीट छोड़ देंगे। काबिल आदमी हैं। वहां आरजेडी ने एक भी मुसलमानों को टिकट नहीं दिया। ये तो मुसलमानों को बेवकूफ बनाते हैं। जहां मुसलमानों की आबादी होती है, वहां टिकट नहीं देते हैं। जहां आबादी नहीं होती टिकट देते हैं। वहां हार जाएगा और जहां मुसलमानों की आबादी होती है, वहां खुद चुनाव लड़ते हैं। दरअसल, सोमवार को आरा शहर के सर्किट हाउस में जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर पहुंचे। जहां उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रशांत किशोर ने एनडीए और आरजेडी के नेताओं पर जमकर बरसे। वहीं, बिहार में शिक्षा, बेरोजगारी, किसान के मुद्दों पर सरकार को घेरने का काम किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रशांत किशोर ने बताया कि बिहार में पहले जंगलराज था अब अधिकारी राज आ गया है। सब जगह भ्रष्टाचार है। वहीं जातीय जनगणना का समर्थन किया और कहा कि हम जातीय जनगणना के पक्ष में हूं।


## संक्षिप्त डायरी

### मुंगेर में एनएच-80 किनारे मिली लाश, वाहन, मोबाइल भी गायब; सिर में लगी है बुलेट



**मुंगेर।** में नया रामनगर थाना के बोचाही गांव के पास पुलिस ने एनएच-80 किनारे एक शव बरामद किया है। युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस ने मृतक की पहचान आधार कार्ड से की। मृतक बेगूसराय के मटिहानी थाना क्षेत्र के सिहमा गांव निवासी गणेश यादव के 20 वर्षीय बेटे शिव कुमार है। उसके सिर में गोली मारी गई है। बताया गया कि युवक बोलेरो चलाता था। भाड़े पर वो बेगूसराय से मुंगेर गया था। उसकी लाश नया रामनगर थाना क्षेत्र के बोचाही के पास नवनिर्मित सड़क किनारे मिली थी। उसकी हत्या कहीं और की गई और शव को ठिकाने लगाने के लिए बोचाही के पास सड़क किनारे फेंक दिया। जबकि गाड़ी और पैसेंजर के अलावा उसका मोबाइल भी गायब है। यह अनुमान लगाया जा रहा कि हत्या करने की नीयत से ही बोलेरो वाहन को रिजर्व किया गया था। हालांकि इस मामले को लेकर मुंगेर और बेगूसराय की पुलिस टीम जांच में जुटी हुई है। नया रामनगर थानाध्यक्ष बिनोद कुमार झा ने बताया कि ग्रामीणों ने रविवार की देर शाम सूचना दी कि बोचाही गांव के पास एक शव पड़ा है। एसआई अभिषेक कुमार घटनास्थल पर पुलिस दलबल के साथ पहुंचे। उसकी पहचान करने के लिए जब तलाशी ली गई तभी उसके पास से आधार कार्ड निकाला गया जिससे उसकी पहचान हुई। परिजनों को सूचना देने के लिए बेगूसराय के मटिहानी थाना को जानकारी दी गई। परिजन मुंगेर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम कराकर वापस अपने गांव शव लेकर चले गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि जिस जगह पर शव था वहां एक बूंद भी ब्लड नहीं गिरा था। संदेह लगाया जा सकता है कि उसकी हत्या कहीं और की गई और शव को मुंगेर में ठीकाना लगाया गया। परिजनों ने बताया कि शिव अपनी बोलेरो खुद से चलाता था। बुकिंग के लिए वह बेगूसराय में टैक्सी स्टैंड के पास वाहन लगाकर रखता था। रविवार की शाम तीन लोग स्टैंड में गए और शिव से मुंगेर जाने के लिए वाहन बुकिंग कराया। इसकी जानकारी शिव ने भी परिजनों को दी थी, लेकिन देर रात परिजनों को मटिहानी थाना की पुलिस ने सूचना दी कि उसका शव मुंगेर में बरामद किया गया है। बोलेरो को बुकिंग करने वाला पैसेंजर गाड़ी के साथ गायब है। इसके अलावा उसका मोबाइल भी लेकर फरार हे गया। एसपी सैयद इमरान मसूद ने कहा कि नया रामनगर थाना क्षेत्र के एनएच 80 से एक गोली लगा शव बरामद किया गया है। गाड़ी और पैसेंजर गायब है। पुलिस पूरे मामले का अनुसंधान कर रही है। परिजनों ने अब तक आवेदन नहीं दिया है।

# पूर्णिया में लूट के लिए पहुंचा अपराधी, अलार्म बजते ही भागा



**पूर्णिया।** में सोमवार की सुबह एक माइक्रो फाइनेंस बैंक लूट की कोशिश की गई। अपराधी लूटने से पहले ही साइरन की आवाज सुनकर भाग गया। घटना के वक्त बैंक में 20 लाख रुपए थे। घटना सहायक खजांची थाना क्षेत्र के चित्रवाणी रोड स्थित ESAF माइक्रो फाइनेंस बैंक की है। बैंक मैनेजर के मुताबिक, बदमाश अकेला पहुंचा था। उसके एक हाथ में धारदार चाकू, जबकि दूसरे हाथ में बैग था। वो बेधड़क बैंक के अंदर घुसा। चाकू की नोंक पर कैश निकालकर देने को कहा। इस दौरान कैशियर प्रिंस कुमार सिंह ने बैंक का सायरन बजा दिया। इससे घबराकर बदमाश तुरंत बैंक से भाग गया। वहीं, जिस बाइक से बदमाश लूट की वारदात को अंजाम देने पहुंचा था, उसका नंबर प्लेट तक फर्जी निकला है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही सहायक खजांची थाना अध्यक्ष शशि कुमार भगत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फाइनेंस बैंक में लगे CCTV में कैद बदमाश की तस्वीर को खंगाला जा रहा है। जानकारी देते हुए फाइनेंस बैंक के प्रभारी मैनेजर अजय कुमार ने बताया कि 'सोमवार को फाइनेंस बैंक को 8.45 बजे खोला गया। इसके ठीक 5 से 10 मिनट बाद एक बदमाश बेधड़क अंदर घुसा। जब तक मैं कुछ समझ पाता, बदमाश ने चाकू निकाला। चाकू की नोक पर मुझे कैश काउंटर तक ले गया। वहां, पर कैशियर प्रिंस कुमार को चाकू का डर दिखाया। फिर बैंक में रखा कैश निकालने को कहा।' हालांकि, लुटेरा अपने मनसूबे में कामयाब नहीं हो सका। कैशियर प्रिंस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सीट के पास लगे सायरन का बटन दबा दिया। सायरन के बजते ही बदमाश मौके से फरार हो गया। वारदात के समय बैंक में 20 लाख रुपए रखे हुए थे।

# सासाराम में 1300 करोड़ की लागत से निर्माण, पानी की नहीं होगी परेशानी

**रोहतास।** में सीएम नीतीश कुमार ने 1347.32 करोड़ रुपए से निर्मित जला पूर्ति योजना का शिलान्यास किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना से रोहतास के दो शहर सासाराम, डेहरी व औरंगाबाद में पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। आने वाले समय में लोगों को पानी की परेशानी नहीं होगी। जल की आवश्यकता के अनुरूप प्रत्येक दिन कुल 206 एमएलडी जल आपूर्ति और वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यहां निर्माण कार्य शिलान्यास के बाद तुरंत शुरू कर



दिये जाने के लिए जल संसाधन विभाग तत्पर है। मौके पर जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, मंत्री जयंत राज, संतोष कुमार सुमन और संतोष सिंह मौजूद रहे। सीएम आईटीआई डेहरी के परिसर में पहुंचे, जहां उन्होंने एक्सिलेंस सेंटर का उद्घाटन किया गया। इसके बाद सीएम का काफिला बस्तीपुर गांव पहुंचा। जहां अभियान बसेरा टू के तहत एक साथ 2502 लाभुकों को ऑनलाइन पर्चा वितरण किया गया। साथ ही सीएम दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के तहत, बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत 15 लाभुकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण और सीएम प्रखण्ड परिवहन योजना के तहत लाभुकों को वाहन की चाबी का वितरण किया गया। जलापूर्ति योजना का कार्य अगले ढाई साल में पूरा कराया जाना है।

# जहानाबाद में विभाग पर लगा लापरवाही का आरोप, 40,000 का लगाया है जुमार्ना

**जहानाबाद।** में बिजली विभाग ने एक मृत व्यक्ति पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना कल्पा थाना क्षेत्र के गोनसा गांव की है, जहां शिवाजी सिंह नामक व्यक्ति पर बिजली विभाग के जेई द्वारा 40,000 जुमार्ना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज है। जबकि इसकी मौत 2018 में ही हो चुकी है। कल्पा थाना में पदस्थापित एसआई सुखदेव प्रसाद ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी के मामले में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के दौरान पता चला की एक व्यक्ति



की कई साल पहले ही मौत हो चुकी है। उसके परिवार से मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। इसके बाद इसकी सूचना पदाधिकारी को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग द्वारा जिस तरह से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, यह काफी गंभीर मामला है। मृत व्यक्ति पर कैसे प्राथमिकी दर्ज हुई इसकी जांच नहीं की गई। बिजली विभाग घटनास्थल पर गए बिना ही प्राथमिकी दर्ज कर रही है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। जिस व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज है वह व्यक्ति अत्यंत गरीब था। इंदिरा आवास के माध्यम से उनका मकान बनाने के लिए पैसा मिला है, लेकिन मकान पूर्ण भी नहीं हो चुका है और इन पर बिजली विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है।

## तलाकशुदा महिला की थाने में लोगों ने कराई शादी



**छपरा।** में चोरी छिपे मिलते हुए प्रेमी जोड़े को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्ष के परिजनों में सुलह कराते हुए थाना परिसर के मंदिर में शादी करा दी। घटना रविवार देर शाम की है। लेकिन, वीडियो आज सोमवार को सामने आया है। पुलिस के इस पहल की लोग सराहना कर रहे हैं। बता दें कि प्रेमी परसा थाना क्षेत्र के चक शहबाज गांव निवासी गोविंद कुमार है। प्रेमिका खैरा थाना क्षेत्र के अरवा निवासी रेखा देवी है। रेखा पहले से तलाकशुदा है। इसकी दो बच्ची भी है। जिनकी उम्र 6 साल और 3 साल.है। बताया जाता है कि करीब 3 साल पहले ही रेखा का तलाक भी हुआ था। वहीं, एक साल साल से इनका अफेयर चल रहा था। प्रेमी गोविंद ट्रैक्टर चालक का काम करता है। इनकी मुलाकात ट्रैक्टर चलाने के दौरान हुई थी। रेखा इस दौरान कहीं जा रही थी। एक दूसरे से फोन पर बात करने लगे। करीब एक साल से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। रविवार की दोपहर बाद प्रेमी प्रेमिका को ग्रामीणों ने मिलते हुए पकड़ लिया। इसके बाद दोनों को पकड़ कर मुफस्सिल थाना पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष बिशाल आनंद ने दोनों पक्ष के परिजनों को बुलाया गया। पहल करते हुए दोनों की शादी थाना परिसर के मंदिर में करा दी। आसपास की महिलाएं और पुलिसकर्मियों ने मांगलिक तैयारी करते हुए विधि विधान से शादी सम्पन्न कराने में मदद की। घटना के बारे में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विशाल आंनद ने बताया कि रविवार की दोपहर बाद थाना क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रेमी-प्रेमिका को पकड़ने की सूचना दी। इसके बाद दोनों को थाने लाया गया। प्रेमिका पहले से तलाकशुदा है। दोनों पक्ष के पहल पर थाना परिसर के मंदिर में शादी करा दी गई। लड़की लड़के के घर चली गई है। दोनों गांव के प्रमुख लोगों के गवाही के बीच शादी हुई है।

# राजद ने दायर की थी याचिका, 65 फीसदी आरक्षण के बढ़े दायरे की है लड़ाई

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल ने पहले ही कहा था कि बिहार में आरक्षण के बढ़ाए गए दायरे (65 फीसदी) की लड़ाई वह कोर्ट में भी लड़ेगी। हाईकोर्ट पहले ही इस आरक्षण पर रोक लगा चुकी है, लेकिन अब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। यह सुनवाई आज यानी सोमवार को हो सकती है। बता दें कि पटना हाईकोर्ट ने वंचित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के कानून को रद्द कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम



कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अंतिम सुनवाई सितंबर में की जाएगी। रविवार को राजद कार्यालय के बाहर धरना देते हुए तेजस्वी यादव ने कहा था कि तमिलनाडु की तर्ज पर बिहार में भी आरक्षण लागू हो। बढ़े हुए आरक्षण के दायरे को 9 वीं अनुसूची में शामिल किया जाए। यही बात राजद ने सुप्रीम कोर्ट में भी कहा है। तेजस्वी ने इस मुद्दे पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और बिहार की नीतीश कुमार सरकार को भी घेरा था और पूछा था कि आपलोग क्या चाहते हैं साफ-साफ कहें। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार इस पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं। संशोधन विधेयक पारित किया था। बिहार में आरक्षण का यह दायरा जाति सर्वे से जुड़े आंकड़े सामने आने के बाद बढ़ाया था।

## नेपाल से मुजफ्फरपुर में हो रही थी गांज की तस्करी



**मुजफ्फरपुर।** में पुलिस ने लग्जरी कार के तहखाना से लाखों रुपए के मादक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने मौके से 3 शातिर तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। तस्कर नेपाल से बड़ी मात्रा में गांजा को कार में विशेष तहखाना बनकर ला रहा था। इसकी सूचना अहियापुर थाना की पुलिस टीम को प्राप्त हुआ। सूचना के आलोक में एक टीम गठित कर झपहा ओपी के पास वाहन जांच चलाया गया। इसी क्रम में कार सवार 3 युवक पहुंचे। इसके बाद पुलिस कार की तलाशी ली। एक समय के लिए पुलिस की आंखें धोखा खा गई। लेकिन पुलिस के पास जो सूचना था वह काफी विश्वासी सूचना था। इसके बाद पुलिस टीम ने दुबारा कार की तलाशी की। इस दौरान पुलिस की नजर कार के विशेष तहखाना पर पड़ा। इससे खोल कर देखा गया तो 10 किलोग्राम गांजा पाया गया। पुलिस कार्रवाई करते हुए कार सहित गांजा को जब्त कर ली है। वहीं, मौके से मादक पदार्थों के तीन तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

## 5 सितंबर को बिहार खेल सम्मान समारोह



**पटना।** के ज्ञान भवन में 5 सितंबर को बिहार खेल सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें 615 खिलाड़ी, 22 कोच, 6 खेल संघ और 4 खेल प्रशासक सम्मानित होंगे। इससे पहले 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर राजगीर के नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया था। यह पहली बार है कि एक ही साल में दो बार खेल सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने बताया कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश मौजूद रहेंगे। श्रीजेश के बदौलत पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर यह पदक हासिल किया था। पदक जीतने के साथ ही श्रीजेश ने हॉकी से संन्यास ले लिया था। राजगीर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खेल के क्षेत्र में राज्य के 9 अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को सम्मानित किया था। ओलंपिक गेम्स, एशियन गेम्स, सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में पदक विजेता, सहभागी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मान दिया गया था। इसमें चंदन कुमार सिंह, मो. जलालुद्दीन अंसारी, शशि भूषण प्रसाद, श्रेयसी सिंह शामिल हैं।

# गया में जुटे जदयू नेता के समर्थकों ने किया बचाव; बोले-वो भूमिहार विरोधी नहीं

**बिहारं।** सरकार के मंत्री अशोक चौधरी द्वारा जहानाबाद में बीते दिनों भूमिहारों के खिलाफ दिए गए कथित बयान से प्रदेश की राजनीति में भूचाल की स्थिति बनी हुई है। लेकिन जहानाबाद के भूमिहार समाज के लोग अशोक चौधरी के पक्ष में मजबूती के साथ खड़े हैं। ऐसा पार्टी कार्यकताओं का दावा है। गया के गांधी मैदान में आज जदयू के भूमिहार समाज के कार्यकताओं ने मीटिंग की। मीडिया से बात करते हुए कहा कि अशोक चौधरी का बचाव किया। कहा कि उन्होंने भूमिहार समाज को कहीं कुछ भी नहीं कहा है। उन्होंने एक व्यक्ति विशेष को कहा है, जो जहानाबाद से टिकट के लिए संघर्षरत थे। ये विवाद उन्होंने ही खड़ा किया है। अशोक चौधरी का कहना बस इतना है कि जो जैसा



बोएगा, वैसा काटेगा। जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के विभिन्न इलाकें से आए भूमिहार कार्यकताओं ने बताया कि जिसके बारे में अशोक चौधरी ने कहा है, वो जदयू के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी हित में कोई काम नहीं किया था। जिस तरह से उसने जदयू प्रत्याशी के विरोध में कार्य किया था, उस स्थिति में अशोक चौधरी नहीं होते तो हमारा प्रत्याशी डेढ़ लाख से नहीं बल्कि 3 से 4 लाख से चुनाव हारता। अशोक चौधरी की ही देन है कि उन्होंने भूमिहारों के गांवों में घूम-घूमकर और हाथ-पैर जोड़ कर बहुत हद तक नाराजगी को दूर किया था। कुर्था थाना क्षेत्र के लारी गांव से आए प्रेम कुमार झूलन ने कहा कि अशोक चौधरी ने समाज के मान मयार्दा प्रतिष्ठा को कहीं से ठेस पहुंचाने का दुस्साहस नहीं किया है। उन्होंने व्यक्ति विशेष को कहा है। वह भी बड़े ही सलीके और इशारों में कहा है। उसे ही वह व्यक्ति विशेष मुद्दा बना रहे हैं। यह गलत है। चुनाव के दौरान अशोक चौधरी ने जिस तरीके से भूमिहारों का सम्मान दिया है। वह अविस्मरणीय है। इस बात के गवाह भूमिहार समाज के कई गांव हैं। अतरी विधानसभा, मोहरा प्रखंड केशवपुर गांव से सुबोध सिंह पूर्व पैक्स अध्यक्ष, सह 20 सूत्री सदस्य ने कहा कि अशोक चौधरी को बदनाम करने के लिए भूमिहार समाज का ही एक व्यक्ति जाति के नाम पर षड्यंत्र रच रहा है। ऐसा इसलिए कि उन्हें चुनाव में टिकट नहीं मिला। इसी बात का खुनस वो जाति का कार्ड खेलकर निकाल रहे हैं। अशोक चौधरी कहीं गलत नहीं है। टेकारी, संडा गांव से आए पिंटू शर्मा ने कहा कि अशोक चौधरी भूमिहार विरोधी नहीं हैं। जहानाबाद का भूमिहार उनसे दुखी नहीं है बल्कि वे दुखी हैं जो संसदीय क्षेत्र जहानाबाद में खुद को भूमिहारों का नेता मानते हैं। इस बात के गवाह हम नहीं बल्कि जहानाबाद का हर एक गांव है। जब भूमिहारों पर कहर बरपाया जा रहा था तो उस समय ये नेता कहां थे। यदि अशोक चौधरी भूमिहार विरोधी होते तो उनकी बेटी शाम्भवी चौधरी चुनाव नहीं जीततीं। इस बात का जानकारी समस्तीपुर के हर उस बूथ से ली जा सकती है। जहां भूमिहार मतदाता थे। इस सारा खेल के पीछे एक व्यक्ति विशेष की नाराजगी है और कुछ नहीं।

# फुहारों के बीच खिली-खिली दिखें आप



चुभती-झुलसा देने वाली गर्मी के दिन खत्म। अब आया मस्त मानसून का मौसम। जितनी बेसब्री से हमें फहारों के आने का इंतजार रहता है, उतनी ही दिक्कतें भी सामने आती हैं। कभी चेहरे का मेकअप पैची होने लगता है तो कभी बाल चिपचिपे हो जाते हैं। कभी कपड़े बदन से चिपक कर एक समस्या बन जाते हैं। समस्या होती है तो उसका समाधान भी होता है। बारिश के मौसम में आने वाली समस्याओं का निदान आइए जानते हैं

मानसून में महिलाओं के लिए घर से बाहर निकलना काफी कठिन हो जाता है। बारिश में जाने के लिए जी तो मचलता है, लेकिन कभी मेकअप बिगड़ जाने का डर, कभी बाल बिगड़ जाने का डर और कभी त्वचा की सुरक्षा उन्हें बाहर निकलने से रोकती है, पर बारिश में घर भी तो नहीं बैठा जा सकता। थोड़ी सी सावधानियों से आप बारिश का मजा भी ले सकती हैं और सजने-संवरने के अपने शौक को भी पूरा कर सकती हैं।

- इस मौसम में सिबेशियस व स्वेट ग्लैंड ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं, जिससे त्वचा चिपचिपी व ज्यादा पसीने व डैंड्रफ से युक्त हो जाती है। इसलिए प्रतिदिन माइल्ड शैंपू से बाल धोएं। हर धुलाई के बाद अच्छी क्वालिटी के कंडीशनर का प्रयोग करें। बाल झड़ेंगे नहीं। बाल उलझे, रूखे व बेजान नहीं होंगे।
- इस मौसम में बारिश में भीगे गीले बालों में अक्सर जुएं पड़ जाती हैं। बारिश में भीगे गीले बालों को भी शैंपू अवश्य करें। सिर में खुजलाहट होने पर नाखून से कुरेदें नहीं। त्वचा पर इन्फेक्शन होने का खतरा रहता है। कई बार दो-तीन दिन बाल न धोने पर बारिश में भीगे होने के कारण सिर में छोटे-छोटे दाने भी हो जाते हैं।
- यदि किसी वजह से सिर न धो रहे हों तो सूखे सिर में कोई भी टेलकम पाउडर डाल कर कंघी कर लें। डस्ट निकल जाएगी, पसीना नहीं आएगा। बारिश के मौसम में 1-2 घंटों के लिए सिर पर दही लगाएं। इसके अलावा मूंग की दाल को दरदरा पीस कर सिर में लगाएं, अच्छी कंडीशनिंग हो जाएगी। बालों में अच्छी शाइन आ जाएगी।
- एलोवेरा का जूस निकाल कर इसका पल्प भी कुछ देर सिर में एक-डेढ़ घंटा लगा कर फिर शैंपू कर लें। जर्म्स, दाने व डैंड्रफ खत्म हो जाएगी। यदि इन्फेक्शन ज्यादा हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। बाल धोने के बाद तौलिए से अच्छी तरह सुखा कर चौड़े दांत की कंघी से बाल सुलझाएं। बारिश में भीगने के बाद बाल हमेशा खुले रखें।



- इस मौसम में यदि सिर में तेल लगाएं तो दो-तीन घंटे बाद ही सिर धो लें। ज्यादा देर तेल लगा रहेगा तो वह फेस पर आ जाएगा। बारिश के मौसम में हेयर जेल, मूस, हेयर स्प्रे का इस्तेमाल न करें। उमस के कारण सिर में पसीना अधिक आता है, इसलिए बालों में स्टाइल बनाने से पहले ह्यूमिडिटी प्रोटेक्टिव जेल लगाएं।
- इस मौसम में स्ट्रेट बालों को कर्ल करने व कर्ल बालों को स्ट्रेट करने से बचें। कर्ल बालों में स्टाइलिंग क्रीम या जेल लगा कर सेट कर लें व स्ट्रेट बालों की ढीली पोनीटेल बना लें। ध्यान रखें कि क्रीम व जेल एल्कोहल बेस्ड हो, जो बालों को चिपचिपा होने से बचाए।
- इस मौसम में वातावरण में ही नमी होने के कारण ब्लो ड्राई, रोलर सैटिंग आदि टिक नहीं पाते, इसलिए इनसे बचना चाहिए। ऐसे में लोअर बन व पोनीटेल अच्छी रहेंगी। गर्दन तक का कट इस मौसम में हमेशा चींटियां काटने का एहसास कराता है, ऐसा कट न रखें। इस मौसम के लिए विशेषतौर से मेंटेनेंस फ्री कट होना चाहिए। फ्रंट में फ्रींजिस दे सकते हैं।

## मेकअप टिप्स

- सावन की बरसती बूंदें मन को अवश्य खुशी देती हैं, पर ये बूंदें ही चिपचिपे, उलझे बाल, तैलीय त्वचा व तन के श्रृंगार को तहस-नहस कर देती हैं। घर से बाहर जाने से बीस-पच्चीस मिनट पहले सनस्क्रीन लोशन लगा लें।
- इस मौसम में जरूरत से ज्यादा मेकअप बेस लगाने से बचें। अगर लगाएं तो सिलिकोन बेस या वॉटर प्रूफ फाउंडेशन की पतली परत लगाएं। पानी की बूंदें पड़ते ही पानी व पसीना बहकर निकल जाएगा। मेकअप वैसे का वैसा रहेगा। पाउडर बेस पर बूंदें पड़ते ही मेकअप पैची हो जाएगा।
- बारिश के मौसम में मेकअप हल्का ही करें। मेकअप बेस अपनी त्वचा से एक टोन गहरा लें। एक बात का हमेशा ध्यान रखें कि हेयर लाइन के पास पसीना ज्यादा आता है, इसलिए इस हिस्से पर फाउंडेशन कम से कम लगाएं।
- बारिश में आंखों का मेकअप ज्यादा खराब हो जाता है। इस मौसम के लिए काजल, आई लाइनर, मस्कारा आदि वॉटर प्रूफ ही लें। इस मौसम में विशेषतौर से ट्रांसपेरेंट मस्कारा व कलर्ड काजल पेंसिल का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- आई शैडो व ब्लश ऑन लगाना हो तो कभी भी पाउडर बेस न लगा कर मौसम को ध्यान में रखकर क्रीम बेस्ड ही लगाएं। इसके लिए लिपस्टिक को भी इस्तेमाल में लाया जा सकता है। पर ध्यान दें त्वचा पर अच्छी तरह फैल जाए।
- बारिश के मौसम में लिपग्लॉस का प्रयोग बिल्कुल नहीं करना चाहिए, यह हर फुहार की बूंद के साथ होठों के इर्द-गिर्द फैलता है। लिपस्टिक भी गॉढ़ी न लगाकर हल्की ही लगाएं। पूरा मेकअप हो जाने के बाद मेकअप फिक्सिंग स्प्रे लगा लें। इससे मेकअप सेट हो जाता है। बिंदी स्टिक ऑन ही इस्तेमाल करें।



- इस मौसम में चिपचिपी त्वचा से छुटकारा पाने के लिए चंदन पाउडर में गुलाब जल मिला कर चेहरे, गर्दन व बांहों पर लगाएं। थोड़े से जीरा पाउडर में नारियल का तेल मिला कर इसे गर्दन व आसपास के हिस्सों पर लगाएं।
- चिकनी त्वचा वाले लोग शहद व नींबू का रस बराबर भाग में मिला कर लगा सकते हैं। यदि आप चाहें तो इसमें अंडे की सफेदी भी मिला लें। एक घंटा त्वचा पर लगा रहने दें फिर ठंडे पानी से धो दें। इसके अलावा कच्चे दूध में बेसन मिला कर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।
- शुष्क त्वचा वाले लोग एक बड़ा चम्मच दूध की क्रीम में गुलाब जामुन मिला कर लगाएं व पंद्रह मिनट बाद त्वचा धो लें। त्वचा को साफ करने के लिए पपीते के छोटे टुकड़े करें, इनसे त्वचा को साफ करें। पपीते का रस व गूदा पांच-सात मिनट तक त्वचा पर लगा रहने दें, फिर त्वचा धो लें।

## स्किन केयर टिप्स

- इस मौसम में रात को त्वचा की टोनिंग करना चाहिए। इसके लिए एक छोटा चम्मच दूध में पांच बूंदें चमेली के तेल की मिलाएं। इस तैयार मिश्रण को चेहरे व गर्दन पर लगाएं। बारिश के मौसम में भी सनस्क्रीन लोशन लगाना बंद नहीं करना चाहिए।
- इन दिनों फंगस इन्फेक्शन सबसे ज्यादा हो जाता है। गीले कपड़े व गीले जूते देर तक न पहने रहें। एंटी फंगस साबुन से त्वचा को साफ करें। शरीर के जोड़ों, पांवों की उंगलियों आदि में साधारण या एंटी फंगस पाउडर का इस्तेमाल करते रहें।
- बारिश के मौसम में बेजान हो जाने वाली त्वचा में नई जान डालने के लिए शहद व दही बराबर मात्र में मिला कर अच्छी तरह से चेहरे व गर्दन पर लगाएं। पंद्रह मिनट बाद त्वचा धो लें।



# विंड चाइम से बढ़े घर की रौनक

विंड चाइम, इसे पवन घंटियां भी कहा जाता है। इसके प्रयोग से सकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि होती है। विंड चाइम धातु, लकड़ी, बांस या सिरेमिक पाइप से बनी होती है। ये पाइप अंदर से बांसुरी की तरह खाली होते हैं। इन पाइपों को रेशमी धागों से बांधा जाता है। लकड़ी और बांस से बनी विंड चाइम पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व दिशा में लगानी चाहिए। इससे घर में ऊर्जा का प्रवाह बढ़ने के साथ-साथ नाम व यश भी बढ़ता है। छह रॉड वाली गोल्डन व येलो कलर की विंड चाइम उत्तर-पश्चिम दिशा में लगाने से यश एवं समृद्धि में वृद्धि होती है। नौकरी एवं व्यवसाय में तरक्की के अवसर मिलते हैं।
सात रॉड वाली सिल्वर व सफेद
रंग वाली विंड चाइम घर में पश्चिम दिशा में लगाने से परिवार के सदस्यों तथा ऑफिस में लगाने से सहकर्मियों और नौकरों से संबंध अच्छे बने रहते हैं।
जिन लोगों की जन्मतिथि में धातु तत्व की कमी हो, उन्हें मेटल की विंड चाइम और पृथ्वी तत्व की कमी होने पर सिरेमिक विंड चाइम का प्रयोग करना चाहिए। एल्यूमिनियम, लोहे व पीतल के पाइप वाली विंड चाइम का प्रयोग हानिकारक होता है। इन पर पाउडर कोटिंग की जाती है, लेकिन इनकी आवाज कर्कश होती है।

## क्रिस्टल बॉल

यह घर में नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव को समाप्त कर सकारात्मक ऊर्जा की वृद्धि करती है। घर में किसी भी प्रकार का वास्तु दोष होने पर पूर्व दिशा में 9 क्रिस्टल बॉल्स का गुच्छा लगाने से काफी हद तक वास्तु दोष से मुक्ति पाई जा सकती है। घर की पश्चिम दिशा में क्रिस्टल बॉल इस प्रकार लगाएं कि सूर्य की किरणें उस पर पड़ें। इससे घर के बुजुर्गों और महिलाओं में दिनभर ऊर्जा बनी रहती है। घर के निराशाजनक वातावरण को दूर कर सुख-शांति और धन की वृद्धि करने में भी यह सहायक है। घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा में डायमंड कट वाली क्रिस्टल बॉल, जहां पिता-पुत्र संबंधों में मधुरता लाती है, वहीं जीवन में प्रेम का संचार भी करती है।

## सिक्के और घंटियां

फेंगशुई सिक्के ऊपर से गोल और अंदर से वर्गाकार छेद लिए होते हैं। घर में सौभाग्य और समृद्धि लाने के लिए इन सिक्कों का प्रयोग किया जाता है। इसके लिए तीन फेंगशुई सिक्कों को लाल रंग के रिबन या रेशमी धागे से एक साथ बांधकर पर्स या दुकान के गल्ले में रखा जाता है। इसके अलावा इन सिक्कों को केवल मुख्य द्वार पर अंदर की तरफ और तिजोरी के दरवाजे पर भी बांधा जा सकता है। इन सिक्कों के साथ-साथ छोटी घंटियों को भी बांधा जा सकता है। लाल रिबन से बंधी ये घंटियां सौभाग्य का प्रतीक होती हैं। इन घंटियों से किसी प्रकार की ध्वनि नहीं होती। पुरानी हो जाने पर इन घंटियों को बदल देना चाहिए।

# नरम बूंदों के साथ गरम पकौड़ी

मौसम बारिश का हो और पकौड़ी का स्वाद न लिया जाए, यह कैसे हो सकता है। इस मौसम में सबका मन गरमा-गरम पकौड़ी खाने को करता है। तो आइए जानते हैं कैसे बनाएं पकौड़ी।



## कच्चे केले के पकौड़े



### सामग्री

6 कच्चे केले, 200 ग्राम बेसन, आधा चम्मच गरम मसाला, नमक स्वादानुसार, एक चौथाई चम्मच हल्दी, एक कद्दूकस किया प्याज, 3-4 बारीक कटी हरी मिर्च, तलने के तेल

### बनाने की विधि

केलों को उबालकर छीलें व हाथ से अच्छी तरह मेश कर लें। बेसन को सूखा ही भून लें। भुने बेसन में मेश किया केला, कटी सामग्री व मसाले खूब अच्छी तरह मिक्स कर लें। आवश्यकता हो तो इसमें थोड़ा-सा दूध मिला लें। अब एक कड़ाई में तेल गर्म कर लें। कम आंच पर उलट-पलट कर गुलाबी होने तक तलें। केले के इन पकौड़ों को गरमा-गरम चाय के साथ पेश करिए या किसी खट्ठी-मीठी चटनी के साथ इसका स्वाद दुगुना हो जाएगा।

## भुट्टा-पालक पकौड़ी



### सामग्री

5 भुट्टे नरम दाने वाले,100 ग्राम पालक कटा हुआ, 4-5 हरी मिर्च, एक टुकड़ा अदरक, 4-5 लहसुन की कली , आधा चम्मच जीरा, हरा धनिया बारीक कटा हुआ, एक बड़ा चम्मच बेसन , नमक स्वादानुसार , आधा चम्मच लाल मिर्च , एवं तलने के लिए तेल

### बनाने की विधि

सबसे पहले भुट्टों को साफ करके कद्दूकस करें। भुट्टे, पालक, हरी मिर्च, अदरक एवं लहसुन को थोड़ा मोटा ही पीस लें। अब सभी मसालों को बेसन में मिलाकर अच्छी तरह से खोल लें। पीसे हुए भुट्टे व पालक को बेसन में लपेटकर तेल में तलें। तलने के बाद इसे चटनी के साथ सर्व करें।

## मशरूम के पकौड़े

### सामग्री

200 ग्राम मशरूम, 200 ग्राम बेसन, बारीक कटा हुआ हरा धनिया, नमक स्वादानुसार कटा हुआ मिर्च- तीन, तलने के तेल

### बनाने की विधि

मशरूम को साफ करके धो लें। इनको कुछ देर स्टीम देकर मुलायम कर लें। बेसन में नमक-मिर्च व पानी डालकर पकौड़ों के हिसाब से घोल तैयार कर लें। इसी में हरा धनिया भी डाल दें। मशरूम को आधे-आधे काटकर बेसन लपेटकर गर्म तेल में तलें। आपके लिए गर्मागर्म मशरूम के पकौड़े तैयार हो गए।



## पालक रोल पकौड़ी



### सामग्री

पालक के 15 पत्ते , 200 ग्राम बेसन, 2 चम्मच चावल का आटा, 2 आलू उबले व मैश किए हुए, एक चम्मच धनिया, चौथाई चम्मच हल्दी, दो-तीन हरी मिर्च बारीक कटी, एक चम्मच लाल मिर्च, एक चम्मच अदरक बारीक कटा हुआ , हरा धनिया कटा हुआ, तलने के लिए तेल, नमक स्वादानुसार,

### बनाने की विधि

मैश हुए आलू में सभी मसाले मिलाएं। हर पत्ते को अच्छी तरह पोंछकर उन पर थोड़ा सा आलू का मिक्सचर रखें और रोल कर लें। बेसन का गाढ़ा घोल बनाकर उसमें चावल का आटा मिला दें। हर रोल को उसमें डुबोकर फ्राई करें।

## क्रिस्पी बैंगन पकौड़े



### सामग्री

एक भुर्ते वाला बड़ा बैंगन, 4-5 खड़ी लाल मिर्च
2-3 कली लहसुन, 1 कप बेसन
आधा कप चावल का आटा, नमक स्वादानुसार
1 चम्मच नींबू का रस, एक चौथाई चम्मच हल्दीएक
चौथाई चम्मच अजवाइन, 1 चुटकी हींग
तलने के लिए तेल।

### बनाने की विधि

बैंगन को धोकर पतली गोल-गोल स्लाइस काट लें। लाल मिर्च, लहसुन, नमक, नींबू रस एवं थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। बेसन में चावल का आटा, हींग, नमक, अजवाइन एवं थोड़ा पानी मिलाकर पकौड़े का घोल तैयार करें। एक कड़ाही में तेल गर्म करें। बैंगन की एक स्लाइस लेकर इस पर लाल मिर्च का पेस्ट चुपड़े। ऊपर से दूसरी स्लाइस रखें। इसे बेसन के घोल में डुबोकर गर्म तेल में सुनहरा भूरा होने तक तलें। गर्मागर्म क्रिस्पी बैंगन पकौड़ों को सॉस और हरी चटनी के साथ परोसें। इसका स्वाद लाजवाब लगेगा।

# श्रीलंका पर जीत के साथ इंग्लैंड को डब्ल्यूटीसी अकों में फायदा, लेकिन अभी भी अपने स्थान पर बरकरार

**लंदन (एजेंसी)।** जो रूट के दोहरे शतक और गस एटकिंसन के ऑल-राउंड प्रदर्शन की मदद से इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में श्रीलंका पर 190 रनों की जीत दर्ज की। इस जीत के साथ उनके खाते में 81 डब्ल्यूटीसी अंक हो गए हैं और उनका डब्ल्यूटीसी अंक प्रतिशत 45 हो गया है। वे भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बाद चौथे स्थान पर बने हुए हैं। दूसरी ओर श्रीलंका की हार ने उनके अंक प्रतिशत को 40 से गिराकर 33.33ब तक ला दिया है और एशियाई टीम अब दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के बाद सातवें स्थान पर है।

एटकिंसन के शानदार प्रदर्शन ने चौथे दिन ही इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित कर दी। उन्होंने बल्ले से 118 और 14 रन बनाए, और गेंद से 2/40 और 5/62 रन बनाए। इससे वे फरवरी 2024 में रवींद्र जडेजा के बाद एक ही टेस्ट में पांच विकेट लेने और शतक बनाने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। एटकिंसन टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले इंग्लैंड के तीसरे पुरुष खिलाड़ी हैं। इयान बॉथम (जिन्होंने इसे पांच मौकों पर किया था) और टोनी ग्रेग (एक बार) अन्य दो हैं।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एटकिंसन 1984 के बाद से ऐसा करने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। यह मौजूदा सत्र में घर पर इंग्लैंड की लगातार पांचवीं जीत थी, 2004 के बाद से एक ही सीजन में पहली बार जब माइकल वॉन की टीम न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज पर क्रमशः 3-0 और 4-0 से श्रृंखला जीत के साथ अपराजित रही थी। यह भी पहली बार था जब श्रीलंका ने 1991 के बाद से लॉर्ड्स में टेस्ट गंवाया था, जिससे इस स्थल पर लगातार पांच ड्रॉ मैचों का सिलसिला समाप्त हो गया। 31 अगस्त को जो रूट ने दूसरी पारी में अपना 34वां टेस्ट शतक जड़ा था।



# 15 साल पहले ट्रेन दुर्घटना में गंवा दिया था पैर, अब नितेश कुमार ने पेरिस पैरालिंपिक खेलों में जीता गोल्ड



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के कुमार नितेश ने सोमवार को यहां पुरुष एकल एसएल3 बैडमिंटन फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को हराकर पैरालिंपिक में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने डिफेंस में दम दिखाया और शॉट चयन में भी सटीकता के साथ एक घंटे 20 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में टोक्यो के रजत पदक विजेता बेथेल को 21-14, 18-21, 23-21 से हराया।

एसएल3 श्रेणी के खिलाड़ी अधिक गंभीर निचले अंग विकलांगता के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिसके लिए उन्हें आधी चौड़ाई वाले कोर्ट पर खेलना पड़ता है। जब वह 15 वर्ष के थे तब नितेश ने 2009 में विशाखापत्तनम में एक ट्रेन दुर्घटना में अपना बायां पैर खो दिया था, लेकिन वह इस आघात से उबरकर पैरा बैडमिंटन प्लेयर बने।

नितेश की जीत से सोमवार को भारत ने एसएल3 स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। तीन साल पहले जब पैरा बैडमिंटन ने टोक्यो में पदार्पण किया था, तब प्रमोद भगत ने यह खिताब जीता था।

# प्रीति पाल ने रचा इतिहास, पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली महिला पैरा एथलीट बनी




**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय धाविका प्रीति पाल ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में महिलाओं की 200 मीटर टी20 दौड़ में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक जीता है। रविवार रात हुये मुकाबले में प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर टी35 दौड़ में अपने सर्वश्रेष्ठ 30.01 सेकंड के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ वह पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली ट्रैक और फील्ड भारतीय महिला पैरा एथलीट बन गई हैं। प्रीति पाल एक से ज्यादा पैरालंपिक मेडल जीतने वाली सिर्फ सातवीं भारतीय बनी हैं। इससे पहले शुक्रवार को उन्होंने पैरालंपिक ट्रैक स्पर्धा में भारत का पहला एथलेटिक्स पदक जीता था। उन्होंने महिलाओं की टी35 100 मीटर प्रतियोगिता में 14.21 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता था।

# गौतम गंभीर की परफेक्ट प्लेइंग 11 से रोहित और बुमराह बाहर, धोनी-कोहली सहित इन प्लेयर्स को मिली जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कोच गौतम गंभीर ने ऑल टाइम भारतीय इलेवन का चयन किया है जिसमें सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग सहित भारतीय क्रिकेट के कुछ महान खिलाड़ी शामिल हैं। हैरानी की बात यह है कि गंभीर ने अपनी इलेवन में विराट कोहली और एमएस धोनी को भी शामिल किया है, ये दो खिलाड़ी हैं जिनके बारे में उन्हें अक्सर चिंता रहती है, लेकिन रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह को टीम से बाहर रखा है। एक यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए वीडियो में गंभीर ने खुद को और वीरेंद्र सहवाग को ऑल-टाइम इंडिया इलेवन में सलामी बल्लेबाज के रूप में सूचीबद्ध किया। इस बीच राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर को क्रमशः नंबर 3 और 4 पर जगह मिली। विराट कोहली को नंबर 5 पर टीम में शामिल किया गया है जबकि युवराज सिंह, जो ऑलराउंडर की भूमिका निभाते हैं, को नंबर 6 पर जगह मिली है। इसके अलावा एमएस धोनी नंबर 7 पर विकेटकीपर की भूमिका दी गई है। अनिल कुंबले और रविचंद्रन अश्विन क्रमशः नंबर 8 और 9 पर टीम में दो स्पिनर हैं। दिलचस्प बात यह है कि जसप्रीत बुमराह को गंभीर की ऑल-टाइम इलेवन में शामिल नहीं किया गया है जबकि इरफान पठान और जहीर खान दो तेज गेंदबाज हैं। बल्लेबाजी में योगदान देने की पठान की क्षमता ने बुमराह और अन्य तेज गेंदबाजों से आगे उनके चयन में भूमिका निभाई है जो गंभीर द्वारा अब तक भारतीय टीम को प्रबंधित करने के तरीके के अनुरूप है।




### गंभीर की ऑल-टाइम इंडिया इलेवन

वीरेंद्र सहवाग, गौतम गंभीर, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, युवराज सिंह, महेंद्र सिंह धोनी (विकेटकीपर), अनिल कुंबले, रविचंद्रन अश्विन, इरफान पठान, जहीर खान

## वॉन ने रुट को इंग्लैंड का एक महान बल्लेबाज बताया

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने बल्लेबाज जो रूट की जमकर प्रशंसा की है। वॉन ने कहा कि देश की और से सबसे अधिक 34 टेस्ट शतक लगाना आसान नहीं है। उन्होंने रुट का इंग्लैंड का एक महान बल्लेबाज करार दिया है। रूट ने लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट की दोनो पारियों में शतक लगाकर सबसे अधिक 33वां टेस्ट के दिग्गज एलिस्टर कुक के रिकार्ड को तोड़ दिया है। वॉन ने कहा, यह सब अचानक नहीं नहीं हुआ है। यह विशुद्ध तकनीक और क्षमता से जुड़ा हुआ मामला है। जो रूट महान हैं क्योंकि वह एक आदर्श खिलाड़ी हैं। वह एक अच्छे इंसान और बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वॉन ने आसानी से रन बनाने के रूट के कौशल की सराहना करते हुए कहा, उसके खेलते समय विरोधी टीम को हमेशा ऑफ साइड पर स्कायर के पीछे चार फील्डर रखने पड़ते हैं क्योंकि वह इस क्षेत्र में बहुत अच्छे हैं।


# धोनी पर भड़के युवराज के पिता योगराज, धोनी ने मेरे बेटे का करियर छोटा किया

मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने भारतीय टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को लेकर एकबार फिर एक विवादास्पद बयान दिया है। योगराज ने कहा है कि धोनी के कारण ही युवराज का क्रिकेट करियर 4-5 साल छोटा हो गया था। योगराज ने कहा कि क्रिकेट के लिए अपनी उपलब्धियों को देखते हुए उनके बेटे युवराज सिंह को 'भारत रत्न' दिया जाना चाहिये। योगराज ने कहा कि उनका बेटा युवराज भारतीय क्रिकेट में अपने बेहतरीन योगदान के लिए 'भारत रत्न' का अधिकारी है। उन्होंने कहा कि उसे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए। योगराज ने कहा कि युवराज ने जिस तरह से कैंसर से जंग लड़कर टीम में वापसी की। उसे देखते हुए उसको यह यह सम्मान दिया जाना चाहिये। योगराज ने इस दौरान धोनी पर अपनी भड़ास निकाली। योगराज ने कहा कि युवराज उस समय राष्ट्रीय टीम में और अधिक योगदान दे सकते थे क्योंकि वह एक बेहतरीन ऑलराउंडर था। योगराज ने इससे पहले भी धोनी की आलोचना करते हुए कहा था कि जब वह धोनी की कप्तानी में खेलता था तो उसकी राह में बाधाएं डाल दी जाती थीं। योगराज ने कहा, ' मैं धोनी को माफ नहीं करूंगा। उसे स्वयं शीशे में देखना चाहिए। वह बतौर क्रिकेटर शानदार था, जिसे मैं सैल्यूट करता हूं पर जो कुछ उसने मेरे बेटे साथ किया उसके लिए उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता।' योगराज ने कहा, ' उस शख्स ने मेरे बेटे की लाइफ बर्बाद की, जो चार-पांच साल और खेल सकता था। मैं चैलेंज करता हूं कि युवराज जैसा बेटा कोई पैदा करके दिखाए। यहां तक की गौतम गंभीर और वीरेंद्र सहवाग भी कह चुके हैं कि उन्होंने कभी युवराज जैसा खिलाड़ी नहीं देखा था। उसने कैंसर से लड़ते हुए देश के लिए विश्व कप जीता, इसलिए उसे भारत रत्न मिलना चाहिये।'



# पाक में सुरक्षा के पूरे इंतजाम होने पर ही भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भेजें : हरभजन


मुम्बई। भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी के भातरीय टीम को तभी पाकिस्तान भेजा जाना चाहिये जब सरकार को लगे कि सुरक्षा सही है। इसमें किसी भी प्रकार की कमी होने पर टीम को भेजना सही नहीं होगा। हरभजन ने कहा कि एक क्रिकेटर के तौर पर में खेलने के पक्ष में हूं पर सुरक्षा सबसे अहम है। इसके साथ ही ये मामला क्रिकेट ही नहीं उससे आगे का है। वहीं इससे पहले पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर दानिश कनेरिया ने कहा था कि पाक में सुरक्षा के हालात बेहद खराब हैं और ऐसे में किसी भी हालात में भारतीय टीम को वहां नहीं जाना चाहिये। हरभजन ने कहा कि पाकिस्तान अगर पूरी तरह से सुरक्षा करता है तभी टीम को भेजने पर विचार किया जा सकता है। वहीं हरभजन ने कहा, पाक में सुरक्षा को लेकर चिंता हमेशा ही रही है। अगर खिलाड़ियों की सुरक्षा वहां पर नहीं होगी तो मुझे नहीं लगता है कि भारतीय टीम को जाना चाहिए। अगर वो कहते हैं कि टीम को पूरी तरह से सुरक्षा दी जाएगी और किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी। तो फिर इस बार में सरकार को विचार कर अपनी ओर से फैसला करना चाहिये क्योंकि यह सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है ये उससे आगे बढ़कर कहीं ज्यादा है। उन्होंने साथ ही कहा, जहां तक एक क्रिकेटर के तौर पर मैं यही कहना चाहूंगा, आपको क्रिकेट खेलना है वो खेलिए लेकिन वहीं पर सुरक्षा एक मुद्दा तो है। हमारे खिलाड़ियों को तब तक वहां नहीं जाना चाहिए तब तक हमें यह ना लगे ही हां सुरक्षा बिल्कुल पक्की है।



# गत चैंपियन कोको गॉफ अमेरिकी ओपन से बाहर

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** गत चैंपियन कोको गॉफ का अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान चौथे दौर में ही थम गया। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 19 डबल फॉल्ट किए जिसका आखिर में उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा और वह एम्मा नवारो से 6-3, 4-6, 6-3 से हार गईं।

गॉफ का पिछली कुछ प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह पेरिस ओलंपिक के तीसरे दौर में हार गई थी जबकि अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में खेले गए टूर्नामेंट में भी वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। उन्होंने हालांकि इसे सकारात्मक रूप में लिया। गॉफ ने कहा, 'भले ही कुछ परिणाम अनुकूल नहीं रहे लेकिन मैंने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया। कितने ही खिलाड़ी हैं जो चौथे दौर में पहुंचाना चाहते हैं और ओलंपिक का हिस्सा बनना चाहते हैं। कई खिलाड़ी हैं जो ध्वजवाहक बनना चाहते हैं। यह इस परिप्रेक्ष्य में है।'



यह परिणाम शुक्रवार को मौजूदा पुरुष चैंपियन नोवाक जोकोविच की तीसरे दौर में हार के बाद आया है। इसका मतलब है कि अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने में असफल रहने का पिछले कुछ वर्षों से चला आ रहा सिलसिला जारी रहेगा। महिला एकल में ऐसा करने वाली आखिरी खिलाड़ी सेरेना विलियम्स थी जिन्होंने 2012 से 2014 तक खिताब जीते थे। पुरुष वर्ग में ऐसा कारनामा रोजर फेडरर ने 2004 से 2008 तक किया था।

जोकोविच को हराने वाले 28 वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन का सफर भी लंबा नहीं चल पाया और वह फ्रांसिस टियाफो से 6-4, 7-6 (3), 2-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गए। टियाफो का अगला मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा जिन्होंने एंड्री रुबलेव को 6-3, 7-6 (3), 1-6, 3-6, 6-3 से हराया। टेलर फ्रिट्ज भी आगे बढ़ने में सफल रहे। उन्होंने तीन बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट कैस्पर रूड को 3-6, 6-4, 6-3, 6-2 से हराया।


फ्रिट्ज के क्वार्टरफाइनल में प्रतिद्वंद्वी अलेक्जेंडर ज्वेरेव होंगे, जिन्होंने ब्रैंडन नकाशिमा को 3-6, 6-1, 6-2, 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में नवारो का अगला मुकाबला पाउला बडोसा से होगा, जिन्होंने वांग याफान के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-4 से हराया।

# धोनी ने विराट को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बताया

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हे विश्व क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बताया है। धोनी की कप्तानी में विराट ने लंबे समय तक खेला था और उनके संन्यास के बाद कप्तानी भी बने थे। विराट 35 साल की उम्र में भी अपने जबरदस्त प्रदर्शन और फिटनेस के कारण विश्व स्तर पर छाये हुए हैं।

हाल ही में एक कार्यक्रम में धोनी ने विराट की जमकर प्रशंस की। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें धोनी ने हंसते हुए कहा, हम 2008 या 09 से खेल रहे हैं जबकि दोनो की उम्र में अंतर है। इसलिए मुझे नहीं पता कि मैं खुद को बड़ा भाई या सहकर्मी या जो भी नाम दूं, कहूं।

उन्होंने कहा, पर आखिरकार, हम सहकर्मी रहे हैं, आप जानते हैं जिन्होंने बहुत लंबे समय तक भारत के लिए खेला है। जब विश्व क्रिकेट की बात आती है तो वह सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं। विराट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से आकल दूर हैं, की टी20 विश्व कप जीत के बाद कोहली श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शामिल हुए थे। वह वर्तमान में लंदन में हैं, परिवार के साथ समय बिता रहे हैं और उनके बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट में खेलते हुए दिखने की संभावना है। वहीं गत वर्ष




सीएसके की कप्तानी छोड़ने वाले धोनी के भी आईपीएल 2025 के सत्र में खेलने की संभावनाएं जतायी जा रही हैं।

# सुमित नागल स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले से हटे



नई दिल्ली। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पीठ की चोट के कारण स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले से सोमवार को हट गए। नागल हाल ही में अमेरिकी ओपन में अपने पहले दौर के एकल मुकाबले में टालोन ग्रिक्सपुर से हार गए थे। भारत और स्वीडन के बीच स्टॉकहोम में इनडोर हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता 14-15 सितंबर को खेली जाएगी। नागल ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मैं स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए वास्तव में उत्सुक था।' उन्होंने कहा, 'मुझे हालांकि पीठ में दर्द की समस्या पिछले कुछ सप्ताह से परेशान कर रही है। डॉक्टरों ने मुझे अगले दो सप्ताह तक आराम करने की सलाह दी है, जिससे मेरे पास तैयारी करने और स्वीडन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है।' उन्होंने कहा, 'मैंने इसी समस्या के कारण अमेरिकी ओपन में युगल मुकाबलों से अपना नाम वापस ले लिया था। मैं डेविस कप मुकाबले से चूकने को लेकर बहुत निराश हूं, लेकिन पीठ की स्थिति को और खराब होने से बचाने के लिए मुझे अपने शरीर के मुताबिक काम करना होगा ताकि मैं सीजन को मजबूत और स्वस्थ तरीके से समाप्त कर सकूं। भारतीय टीम को शुभकामनाएं। मैं घर से आप सभी की हौसला अफजाई करुंगा।' नागल जुलाई में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 68 पर पहुंच गए थे लेकिन नवीनतम रैंकिंग में गिरकर 82 पर आ गए हैं। भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी का डेविस कप मुकाबले का हिस्सा नहीं होना टीम के लिए बड़ा झटका है। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन आशुतोष सिंह को राष्ट्रीय टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है।

# साइना नेहवाल इस गंभीर बीमारी से पीड़ित, संन्यास लेने पर कर रही विचार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की दिग्गज शटलर और पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने खुलासा किया है कि वह गठिया की समस्या से जूझ रही हैं और इस साल के अंत तक उन्हें बैडमिंटन में अपने भविष्य के बारे में फैसला करना होगा, क्योंकि इस बीमारी के कारण उनके लिए सामान्य घंटों तक प्रशिक्षण लेना असंभव हो गया है। 34 वर्षीय पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी, जो लंदन 2012 में कांस्य पदक के साथ ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय शटलर थीं, ने चोटों से परेशान होने से पहले खेलों के तीन संस्करणों में भाग लिया था।

2010 और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ने कहा कि वह अब इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं कि उनका करियर अपने अंतिम चरण में है। नेहवाल ने हाल ही में पेरिस ओलंपिक में भारत के शेफ-डी-मिशन रहे निशानेबाज गगन नारंग द्वारा होस्ट किए गए 'हाउस ऑफ ग्लोरी' पॉडकास्ट पर कहा, 'घुटना बहुत अच्छा नहीं है। मुझे गठिया है। मेरी कार्टिलेज बहुत खराब स्थिति में है। 8-9 घंटे तक जोर लगाना बहुत मुश्किल है। आप ऐसी स्थिति में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को कैसे चुनौती देंगे? मुझे लगता है कि मुझे कहीं न कहीं इसे स्वीकार करना ही होगा। क्योंकि दो घंटे की ट्रेनिंग उच्चतम स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने और वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए पर्याप्त नहीं है।'


नेहवाल ने कहा कि वह अभी भी इस बात पर विचार कर रही हैं कि रिटायरमेंट का उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें अंततः निर्णय लेना ही होगा। अग्रणी स्टार, जो अब भाजपा की सदस्य भी हैं, को आखिरी बार एक साल से अधिक समय पहले सिंगापुर ओपन में एक्शन में देखा गया था, जहां वह शुरुआती दौर में हार गई थीं। उन्होंने कहा, 'मैं इसके (संन्यास) बारे में भी सोच रही हूं। यह दुखद होगा क्योंकि यह एक सामान्य व्यक्ति द्वारा की जाने वाली नौकरी की तरह है। जाहिर है, एक खिलाड़ी का करियर हमेशा छोटा होता है। मैंने 9 साल की उम्र में शुरुआत की थी। अगले साल मैं 35 साल की हो जाऊंगी।'

नेहवाल ने कहा, 'मेरा करियर भी लंबा रहा है और मुझे इस पर बहुत गर्व है। मैंने अपने शरीर को काफी हद तक तोड़ दिया है। मैंने जो किया है और जो कुछ भी दिया है, उससे मैं खुश हूं। (मैं) इस साल के अंत तक आकलन करूंगी कि मैं कैसा महसूस कर रही हूं।' पद्म श्री पुरस्कार विजेता ने कहा कि ओलंपिक में भाग लेना उनका बचपन का सपना था और लगातार दो संस्करणों में पदक से चूकना दुखद है। उन्होंने कहा, 'ओलंपिक में भाग लेना सभी के लिए बचपन का सपना होता है। आप उस स्तर तक पहुंचने के लिए सालों तक तैयारी करते हैं। इसलिए, कई बार जब आपको लगता है कि आप इसे हासिल नहीं कर पाएंगे तो यह बहुत दुख देता है। क्योंकि ऐसा नहीं है कि आप खेलना नहीं चाहते हैं, लेकिन आपका शरीर बता रहा है कि आप अच्छा नहीं कर रहे हैं और आपको चोटें लगी हैं।'



# योगेश कथुनिया ने डिस्कस थ्रो एफ-56 स्पर्धा में लगातार दूसरी बार जीता सिल्वर मेडल

पेरिस। भारत के योगेश कथुनिया ने सोमवार को यहां चल रहे खेलों में पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ-56 स्पर्धा में सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपना लगातार दूसरा पैरालंपिक रजत पदक जीता। 29 वर्षीय ने अपने पहले ही प्रयास में 42.22 मीटर तक डिस्कस फेंका, जो उन्होंने तीन साल पहले टोक्यो पैरालिंपिक में जीते रजत में शामिल है। ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने अपने पांचवें प्रयास में 46.86 मीटर के प्रयास के साथ नया खेलों का रिकॉर्ड बनाते हुए पैरालंपिक स्वर्ण पदकों की हैट्रिक दर्ज की। ग्रीस के कोंस्टेंटिनोस त्ज़ोनिस ने 41.32 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। एफ-56 दिव्यांग एथलीटों के लिए एक सीटिंग फील्ड इवेंट वर्ग है। इस वर्गीकरण में अंग विच्छेदन और रीढ़ की हड्डी की चोट वाले लोग भाग लेते हैं।



# आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से हुई पूछताछ

एजेंसी

**कोलकाता :** सॉल्टलेक के सिजीओ दफ्तर से सोमवार शाम आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को बाहर निकाला गया। उनके साथ केंद्रीय बल मौजूद था। सवाल उठ रहे हैं कि क्या उन्हें निजाम पैलेस ले जाया जा रहा है इस बीच, निजाम पैलेस के आस-पास केंद्रीय बलों की तैनाती भी की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के दावे किए जा रहे हैं। हालांकि सीबीआई ने अभी इस बारे में पुष्टि नहीं की है।संदीप घोष को दो दिन के अंतराल के बाद सोमवार सुबह सिजीओ परिसर में सीबीआई द्वारा फिर से तलब किया गया था। उन्हें शाम तक लगातार पूछताछ की गई।



सीबीआई सूत्रों के अनुसार, संदीप के पॉलिग्राफ टेस्ट के परिणामों से प्राप्त जानकारी के आधार पर उनसे और पूछताछ करने के लिए उन्हें बुलाया गया है। पिछले 16 अगस्त से 30 अगस्त के बीच 15 दिनों में संदीप को 14 बार सीबीआई दफ्तर में तलब किया गया था। केवल एक दिन ऐसा था जब वे नहीं गए थे, उस दिन सीबीआई उनके घर पहुंची और वहां पूछताछ के साथ-साथ तलाशी भी ली गई। बाकी दिनों में, वह हर सुबह सिजीओ में हाजिर होते थे और दिनभर की पूछताछ के बाद रात को घर लौटते थे। लेकिन, शनिवार और रविवार को यह सिलसिला बंद रहा और सोमवार को उन्हें फिर से बुलाया गया। आरजी कर मेडिकल कॉलेज की एक महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले की जांच का जिम्मा मिलने के बाद से ही संदीप घोष सीबीआई के रडार पर हैं। कोलकाता हाई कोर्ट के आदेश पर 14 अगस्त को आर.जी. कर मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया था। इसके बाद ही सीबीआई अधिकारियों ने संदीप को सिजीओ परिसर में पेश होने का निर्देश दिया। संदीप ने अदालत से सुरक्षा कवच की मांग की लेकिन अदालत ने उन्हें सीबीआई के सामने पेश होने का आदेश दिया। 16 अगस्त को पहली बार उन्हें सीबीआई की गाड़ी में सिजीओ कॉम्प्लेक्स जाते देखा गया था। तब से वह रोजाना सीबीआई दफ्तर में हाजिरी दे रहे थे। हालांकि, उन्होंने केवल 17 अगस्त को सीबीआई दफ्तर में प्रवेश करने के समय मीडिया के सामने यह कहा था कि वह जांच में हर प्रकार की मदद करेंगे। इसके बाद से हर दिन मीडिया के सवालों का सामना करते हुए भी संदीप चुप्पी साधे हुए हैं। सीबीआई ने बताया है कि उन्हें संदीप के पॉलिग्राफ टेस्ट से जो भी जानकारी मिली है, उस पर विस्तार से चर्चा करनी है। इसलिए सोमवार को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

## एक नजर

### बोगदा पुलिया के पास युवक का मिला शव पुलिस जांच में जुटी

**भिलाइ :** भिलाई के जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित राजधानी बार के सामने सोमवार सुबह एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेज दिया है। जामुल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह सूचना मिली कि बोगदा पुलिया के पास राजधानी बार के आगे एक युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की, जिसमें मृतक की पहचान 40 वर्षीय दिनेश यादव के रूप में हुई। दिनेश के चचेरे भाई मोनू यादव ने बताया कि आज सुबह 9 बजे उनकी कॉलोनी के कुछ लोगों ने बताया कि राजधानी बार के सामने आपके भाई की लाश पड़ी है। वो लोग वहां पहुंचे और शव की पहचान दिनेश यादव के रूप में की। मोनू ने बताया कि दिनेश राजधानी बार के पीछे शासकीय स्कूल के पास स्थित एक कालोनी में अपने ससुराल में रहता है। उसके दो बच्चे हैं पत्नी परागा यादव हाउस वाइफ है। दिनेश फौजी नगर में स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। वो रविवार रात घर से ड्यूटी जाने की बात कहकर निकला था, ड्यूटी ना जाकर वो शराब पीने के लिए बार में बैठ गया। आशंका है कि नशे की हालत में वह मोटर साइकलि से गिरा और सिर के पीछे चोट आने से उसकी मौत हो गई होगी। दिनेश के पोस्टमार्टम में काफी अधिक मात्रा में शराब पीना पाया गया है। डॉक्टर ने आशंका जताई है कि खाली पेट उसने काफी अधिक मात्रा में शराब पी, साथ ही वो सिर के बल गिरा है, जिससे उसे चोट आई है। इन दोनों वजहों से ही उसकी मौत हुई होगी। मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। फलिहाल जामुल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### प्रदेश की सेवा में जुटे कर्मियों के वेतन पर लगा ग्रहण : विश्व चक्षु

**धर्मशाला :** प्रदेश की सेवा में जुटे सभी कर्मियों के वेतन पर कांग्रेस सरकार का ग्रहण लग गया है। यह बात हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया सह–प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने सोमवार को जारी एक बयान में कर्मचारियों के वेतन विलंबित होने पर कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने मित्रों को खुश करने और झूठी गांरटियों को जबरदस्ती प्रदेश में थोपने की नाकाम कोशिश में राज्य का खजाना खाली करने में अपने दोनों हाथ लगा दिए हैं। अब प्रदेश में सुक्खू सरकार की अव्यवस्था से उपज रही स्थिति से पूरी तरह से बौखला गए हैं। विश्व चक्षु ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार कांग्रेस सरकार के राज में कर्मचारियों की सैलरी विलंबित हुई है।

## जातीय जनगणना समग्र विकास के लिए राजनीतिक स्वार्थ के लिए नहीं : आरएसएस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने साफ तौर पर कहा है कि जातिगत जनगणना का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास होना चाहिए, न कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए ऐसे संवेदनशील विषय को उभारना चाहिए। रा.स्व.संघ की समन्वय बैठक के बाद एक सवाल के जवाब में अ.भा. प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने साफ किया कि देश व समाज की एकता और अखंडता हमेशा से हमारी प्राथमिकता रही है। राजनीतिक लाभ के लिए देश और समाज को बांटने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। आरक्षण के विषय पर भी संघ की नीति स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि हम हमेशा से संविधान प्रदत्त आरक्षण व्यवस्था का समर्थन करते आए हैं। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन संबंधित पक्षों और लाभार्थियों को विश्वास में लेकर ही करना चाहिए। यहां भी उद्देश्य राष्ट्र सर्वोपरि होना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय समन्वय बैठक के बाद पालक्काड में आयोजित पत्रकार वार्ता में एक सवाल के जवाब में संघ के प्रचार प्रमुख ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के उत्थान और उनके लिए योजना बनाने के समाज के सभी वर्गों के आंकड़े जुटाना अनुचित नहीं है। यह पहले भी किया जाता रहा है। पर इसका उद्देश्य समाज में विभेद पैदा करना नहीं होना चाहिए। पालक्काड में 31 अगस्त से 02 सितम्बर तक चली संघ की अखिल भारतीय



समन्वय बैठक में सभी ज्वलंत राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर व्यापक और चर्चा हुई। बैठक में बांग्लादेश के हालात और पश्चिम बंगाल में हुई घटना पर भी चर्चा हुई है। सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में बंगाल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ हुए घटनाक्रम पर भी चर्चा हुई है। संघ का मानना है कि महिलाओं के खिलाफ देशभर में हो रहे अपराधों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। इसके लिए सख्त कानूनों और शीघ्र न्याय के अलावा समाज में जागरुकता, परिवारों में संस्कार, शिक्षा पर ध्यान और महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ ने अपने शताब्दी वर्ष ( 100 वर्ष पूर्ण) होने पर जो पंच अभियान चलाने का निश्चय किया है, उसमें कुटुम्ब प्रबोधन और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता दी है, जिसमें इन दोनों सामाजिक चुनौतियों का समाधान निहित है। संघ की समन्वय बैठक में बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट पेश की गई और उस पर व्यापक चर्चा की गई। संघ का कहना है कि वैश्विक स्तर से लेकर भारत के अनेक सामाजिक संगठनों ने भारत सरकार को प्रतिवेदन सौंपे हैं। हमारा मानना है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं सहित अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए भारत सरकार को बांग्लादेश सरकार से संवाद बनाए रखना चाहिए और पुरजोर तरीके से उठाना चाहिए।


### चीन ने ताइवान को घेरा, लड़ाकू विमान घुसे

**ताइपे :** चीन पिछले 24 घंटे से ताइवान के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाए हुए है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने आज एक्स हैंडल पोस्ट में कहा है कि चीन की सेना के लड़ाकू विमान और युद्धक जहाज उसकी सीमा के आसपास मंडरा रहे हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में साफ किया है कि चाइनीज सेना के 18 लड़ाकू विमान, आठ युद्धक जहाज और दो अन्य जहाज ताइवान की सीमा के पास रविवार सुबह छह बजे से सोमवार सुबह छह बजे तक डटे रहे। इनमें से 15 विमानों ने तो ताइवान की सीमा को भी पार कर देश की वायु सीमा का उल्लंघन किया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, चाइनीज घुसपैठ के जवाब में लड़ाकू विमानों और युद्धक जहाजों को तटीय सीमा पर तैनात किया गया है। साथ ही मिसाइल सिस्टम की भी तैनात किया गया है। हालात पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।

## सरकार ने 2025 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित किया है : हरदीप सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इथेनॉल सम्मिश्रण 2014 में 1.53 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 15 प्रतिशत हो गया है। इससे प्रोत्साहित होकर सरकार ने 2025 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित किया है। द्वारका स्थित यशोभूमि परिसर में आयोजित इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो 2024 (आईबीईटीई) के उद्घाटन सत्र में चर्चा के दौरान केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह बात कही। इस मौके पर पेट्रोलियम मंत्री ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया कि वे ऑटोमोबाइल निमार्ताओं को ई 100 ईंधन के अनुकूल वाहनों का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित करें। इसके लिए पुरी ने ब्राजील का हवाला दिया जहां के वाहनों में 60-70 प्रतिशत




तक उच्च इथेनॉल सामग्री का प्रयोग हो रहा है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री पुरी ने यहां कहा कि बायो एनर्जी तेजी से जीवाश्म ईंधन का एक महत्वपूर्ण विकल्प बन रहा है। इस पहल से विदेशी मुद्रा में 99,014 करोड़ रुपये की बचत हुई है। कार्बन उत्सर्जन में 519 लाख मीट्रिक टन की कमी आई। इस दौरान तेल विपणन कंपनियों ने डिस्टिलर्स को 1,45,930 करोड़ रुपये और किसानों को 87,558 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो 2024 का आयोजन इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी और एमएमएसीटीआईवी एससी आई-टेक कम्युनिकेशन लिमिटेड द्वारा यशोभूमि, द्वारका में 2 सितंबर से 4 सितंबर, 2024 तक किया जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी और केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के जैव ऊर्जा क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित है। पेट्रोलियम मंत्री पुरी ने बताया कि इथेनॉल उत्पादन बढ़ाने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए विशेष रूप से पानीपत और नुमालीगढ़ में पराली और बांस जैसे कृषि अवशेषों को इथेनॉल में परिवर्तित करने के लिए रिफाइनरियां स्थापित की गई हैं।

## नेपाल के प्रधानमंत्री से मिले नेशनल डिफेंस कालेज नई दिल्ली से आए 6 देशों के ट्रेनी

एजेंसी

**काठमांडू :** भारत के नेशनल डिफेंस कालेज (एनडीसी) से नेपाल के दौरे पर आये 6 देशों के ट्रेनी आफिसर और अधिकारियों ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात की है। प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि एनडीसी में ना सिर्फ भारतीय सैनिकों को, बल्कि दक्षिण एशिया के कई देशों की सेनाओं को प्रशिक्षित किया जाता है। प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि इस पूरे क्षेत्र की प्रशिक्षु सेनाओं का सपना होता है कि उसे भी एक बार एनडीसी के किसी भी कोर्स में दाखिले का मौका मिल जाए। इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ओली ने नेपाल के भारत से सैन्य संबंध बहुत ही महत्वपूर्ण होने की बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंधों की जब भी तुलना होती है तब सिर्फ धार्मिक, आध्यात्मिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संबंधों की ही चर्चा होती है। दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों की चर्चा नहीं होती, जबकि



नेपाल और भारत के बीच गहरे सैन्य संबंध भी हैं। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में नेपाल और भारत ही ऐसे देश हैं, जिसके सेना प्रमुख एक-दूसरे देश के भी सेना प्रमुख होते हैं। एक दूसरे के देशों में सेनाध्यक्ष को वही सुरक्षा और सम्मान मिलता है। बाकायदा इसके लिए विशेष समारोह का आयोजन किया जाता है जब नेपाल के राष्ट्रपति भारतीय थलसेना अध्यक्ष को नेपाल के प्रधान सेनापति के पद का मानद सम्मान देते हैं । इस अवसर पर नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव सहित एनडीसी के प्रमुख भारतीय नौसेना के रियर एडमिरल संदीप सिंह संधू सहित भारत, भूटान और ओमान के 21 प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे।

## पुलिस मुख्यालय, सीआईडी के 103 पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

एजेंसी

**जयपुर :** सीआईडी अपराध शाखा के 103 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सोमवार को पुलिस मुख्यालय के चतुर्थ तल पर आयोजित अलंकरण समारोह में डीजीपी डिस्क,अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक, सर्वोत्तम सेवा चिन्ह एवं अति उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध ) राजस्थान जयपुर दिनेश एम एन एवं महानिरीक्षक पुलिस प्रफुल्ल कुमार द्वारा इस अवसर पर उत्कृष्ट, सराहनीय एवं प्रशंसनीय सेवाएं प्रदान करने वाले 33 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को डीजीपी डिस्क,14



पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 20 पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक,14 पुलिस कर्मियों को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह तथा 22 पुलिस कर्मियों को अति उत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।


इस अवसर पर एडीजी क्राइम एमएन ने सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी आने वाले समय में और अधिक जोश व ऊर्जा के साथ अपने कार्य क्षेत्र में प्रदत कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करें।

**डीजीपी डिस्क से 33 पुलिस अधिकारी व कार्मिक सम्मानित हुए**

डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया, सतीश कुमार यादव, शालिनी राज, भरत राज, पुलिस उप अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह महला, ओमप्रकाश मीना, पुलिस निरीक्षक उमेश बेनीवाल, अन्तिम शर्मा, राम सिंह नाथावत, बृजभान सिंह (सेवानिवृत्त), उप निरीक्षक कदीर खान, सहायक उप निरीक्षक मुकेश राजावत व अमरचंद, हेड कांस्टेबल मोहम्मद यूनुस खान, अशोक कुमार वर्मा, रामचंद्र, गिरवर सिंह, मनोज कुमार, नरेंद्र कुमार सैनी, सुभाष चन्द गोरेड़ा, सूरजमल, शंकर लाल, मनीष कुमार एवं अमन कुमार शामिल है।


## संक्षिप्त खबरें

### कोलकाता पुलिस मुख्यालय से 500 मीटर दूर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी डॉक्टर



**कोलकाता :** कोलकाता के लालबाजार इलाके में सोमवार को जूनियर डॉक्टरों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस आयुक्त विनीत गोयल के तत्काल इस्तीफे की मांग की है। अपनी मांग को लेकर प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने लालबाजार के पास सड़क पर धरना दिया और पुलिस आयुक्त के पुतले जलाए। प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टर लाल बाजार से 500 मीटर की दूरी पर सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं। छात्रों ने शर्त रखी है कि पुलिस कमिश्नर इस्तीफा दे दें, वे वापस चले जाएंगे। इससे पहले आज दोपहर आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज से जूनियर डॉक्टरों ने अपनी रैली शुरू की, जो कॉलेज स्क्वायर से शुरू हुई। वहां से वे लालबाजार की ओर बढ़े। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, वे लालबाजार के बाहर ही बैठे रहेंगे। उन्होंने पुलिस आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों के मार्च को रोकने के लिए पुलिस ने फियर्स लेन और बीबी गांगुली स्ट्रीट सहित कई स्थानों पर बैरिकेड्स लगाए। सुरक्षा की दृष्टि से लालबाजार के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इतना ही नहीं, आसमान में ड्रोन से भी निगरानी की जा रही थी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस ने कई इलाकों में लोहे के गार्डर और बैरिकेड लगाए। डॉक्टरों के एक प्रतिनिधि ने कहा कि यदि पुलिस आगे नहीं आने देती है, तो वे उसी स्थान पर बैठकर प्रदर्शन करेंगे। कई प्रदर्शनकारियों ने गुलाब और रजनीगंधा के फूल भी हाथ में लिए थे, जो वे पुलिस को देने के लिए लाए थे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच टकराव की स्थिति बनती दिखी, लेकिन अभी तक कोई हिंसक घटना सामने नहीं आई है। आंदोलनकारी चिकित्सकों का कहना है कि जब तक पुलिस उनकी मांग नहीं मानती, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है। आंदोलन के दौरान कई आम नागरिक भी डॉक्टरों के समर्थन में सड़कों पर उतरे और पुलिस आयुक्त के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। आंदोलनकारियों की योजना है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

### क्रिकेटर संदीप लामिछाने को दुष्कर्म मामले में बरी किये जाने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती




**काठमांडू :** नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को एक बलात्कार मामले में हाई कोर्ट से बरी किये जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी है। हालांकि, पीड़ित युवती ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती न देने की बात कही है लेकिन सरकार की ओर से पीड़ित युवती को ना सिर्फ न्याय दिलवाने, बल्कि उसको आर्थिक सहायता भी दिलवाने की कोशिश की जा रही है। महान्यायधिवक्ता कार्यालय के प्रवक्ता सूर्य राज दहाल ने कहा कि हाई कोर्ट के फैसले का अध्ययन करने के बाद अब इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी है। सरकारी वकील का दावा है कि हाई कोर्ट के फैसले में कई ऐसी बातों को नजरंदाज किया गया है, जो बलात्कार जैसे मुकदमे में नहीं होनी चाहिए। प्रवक्ता दहाल के मुताबिक आरोपित लामिछाने को बलात्कार के जुर्म में अधिकतम सजा दिलाने की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि पीड़ित युवती को ना सिर्फ न्याय दिलवाने, बल्कि उसको आरोपित की तरफ से आर्थिक सहायता दिलाने की कोशिश होगी। हाई कोर्ट के फैसले के बाद पीड़ित लड़की ने पहले ही अदालत में एक लिखित हलफनामा देकर इस मुकदमे की सुनवाई आगे जारी नहीं करने की अपील की है। पीड़ित युवती ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती नहीं देने की भी बात कही है। इस पर महान्यायधिवक्ता कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारी रिव्यू पिटिशन के साथ ही पीड़ित लड़की के लिखित आग्रह को भी कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा। अब कोर्ट को फैसला करना है कि वो इस पर आगे क्या फैसला देता है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में घटना के समय पीड़ित युवती की उम्र 18 साल से अधिक होने की बात कहते हुए सहमति से होटल में जाने और कुछ समय बिताने को बलात्कार की श्रेणी में नहीं रखने का फैसला सुनाया था। हाई कोर्ट ने क्रिकेटर संदीप लामिछाने को बलात्कार के मुद्दे पर निर्दोष बताते हुए आरोप मुक्त कर दिया था।

### लुधियाना में गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार पर महिला से दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब के लुधियाना जिले में स्थित गुरुद्वारा ठाठ चरण घाट के मुख्य सेवादार बाबा बलजिंदर सिंह को एक महिला के दुष्कर्म के आरोप के बाद गिरफ्तार किया है। थाना सिटी जगराओं में बाबा बलजिंदर सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर किया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित महिला का आरोप है कि गुरुद्वारा ठाठ चरण घाट के मुख्य सेवादार बाबा बलजिंदर सिंह ने कई बार होटल और डेरा में बुलाया और उससे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़ित महिला ने बताया कि पहली बार वह किसी पारिवारिक समस्या को लेकर बाबा के पास गई थी। इसके बाद पिछले दो साल से उसकी बाबा बलजिंदर सिंह से बातचीत हो रही थी। महिला का आरोप है कि मोबाइल पर बाबा ने मुझे ब्लॉक कर दिया है। वह मुझसे बात भी नहीं करता। मैं कई बार बाबा से होटल में मिल चुकी हूं। गुरुद्वारा चरण घाट अखाड़ा नहर के पास भोरा साहिब बना है, वहां पर एक कमरे के अंदर हम मिलते रहे हैं।बाबा ने कहा कि फिजिकल रिलेशन में आ जाओ। साथ रहेंगे और शादी कर लेंगे।महिला के अनुसार जब उसने शादी के लिए कहा तो बाबा ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। महिला को अब लगातार धमकी भरे फोन आ रहे हैं। दावा किया कि बाबा ने मामले को दबाने के लिए महिला को 10 लाख रुपये देने की कोशिश की थी।

थाना सिटी जगराओं के प्रभारी अमृतपाल सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर बाबा बलजिंदर सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बाबा बलजिंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पंजाब के सिंगर एपी ढिल्लों के घर पर फायरिंग, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के मशहूर सिंगर अमृतपाल सिंह ढिल्लों उर्फ एपी ढिल्लों के कनाडा स्थित घर पर फायरिंग हुई है, जिसकी जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। इसको लेकर गैंगस्टर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी डाली है। यह घटना रविवार को कनाडा के वैंनकूवर एरिया में हुई। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के बाद पंजाब के कई कलाकार कनाडा में शिफ्ट हो चुके हैं। वहां पर भी उनके ऊपर हमले हो रहे हैं। इससे पहले पंजाबी फिल्म अभिनेता एवं गायक गिप्पी ग्रेवाल के घर पर भी पिछले साल फायरिंग की घटना हुई थी। एपी ढिल्लों के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग के कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा ने ली। उसने सोशल मीडिया पर लिखा है कि 1 सितंबर की रात कनाडा में दो जगहों पर हमने फायरिंग करवाई है, जिसमें विक्टोरिया आईलैंड और वुडब्रिज टोरंटो है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातु, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**